e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 209

मंगलवार

01.08.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

कमजोर व्यक्ति तब रूक जाते हैं जब वो थक जाते हैं और आगे नहीं चल पाते, लेकिन एक विजेता तभी रूकता है जब वो विजय हो जाता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय

आंखों का संपूर्ण इलाज

O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक

Dr. Gurcharan Singh

MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )

Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad

(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )

Call: 7707013096

असर्फी हॉस्पिटल, बरामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

### रांची का तापमान

अधिकतम 28°

न्युनतम 23°

झारखंड विधान सभा परिसर में आयोजित 74वाँ राज्यव्यापी वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# वृक्षारोपण के लिए जागरूकता जरूरी : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधान सभा परिसर में 74वाँ राज्यव्यापी वन महोत्सव 2023 कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि प्रदेश में वन महोत्सव का राज्यव्यापी कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम राज्य के अलग-अलग जगहों पर निरंतर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हम सभी लोग झारखंड विधान सभा परिसर में पूर्व की भांति इस वर्ष भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन को लेकर देश और दुनिया में तेजी से चिंतन और मंथन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं न कहीं प्राकृतिक व्यवस्थाओं के साथ बड़े पैमाने पर छेड़-छाड़ किया जाना अथवा दोहन होना जलवायु परिवर्तन का मूल कारण है। बढ़ती हुई क्लाइमेट चेंज से मानव जीवन हो, वन्य प्राणी हो, जल प्राणी हो, चाहे इस पृथ्वी पर पाए जाने वाले अन्य प्राणी हो, सभी प्रभावित होते हैं।

**स्वयं भी वृक्ष लगाएं, दूसरों को भी प्रेरित करें**




विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड विधान सभा परिसर में यह वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ है

### विस अध्यक्ष, सीएम व मंत्रियों ने किया पौधारोपण

इस अवसर पर झारखंड विधान सभा परिसर में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री चम्पई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख सहित उपस्थित सभी विधायकगण एवं अन्य अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एल0खियांगते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### जागरूकता से ही आएगा बड़ा बदलाव

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में यह जरूरी है कि पर्यावरण संतुलन को लेकर सिर्फ महोत्सव में ही नहीं बल्कि आम जीवन में भी प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत तथा नीतिगत रूप से प्रभावी कदम उठानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में झारखंड विधान सभा परिसर में यह वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ है, जहां हम सभी लोग एकत्रित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि वे एक-एक वृक्ष अपनी ओर से जरूर लगाएं तथा उस वृक्ष को संरक्षित भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सभी लोग वृक्ष लगाएंगे, दूसरों को भी वृक्ष लगाने को लेकर जागरूक करेंगे तब धीरे-धीरे ही सही पर एक बड़ा बदलाव निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग जलवायु परिवर्तन में सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे तभी पर्यावरण संतुलन में सकारात्मक प्रभाव दिखेगा।



## बैद्यनाथ धाम व काशी विश्वनाथ मंदिर में लाखों शिवभक्तों ने चढ़ाया जल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर-वाराणसी** : सावन की चौथी सोमवारी को बाबा नगरी देवघर में कांवरियों की भीड़ बढ़ गई. श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक करने के लिए रविवार की रात्रि पहर से ही कतारबद्ध हो गये. कांवरियों की भीड़ बीएड कॉलेज तक पहुंच गई. सोमवार सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही कतारबद्ध होकर कंवरियों ने अरघा सिस्टम से जलार्पण कर बाबा का आशीर्वाद लिया. फुट ओवर ब्रिज से लेकर मंदिर प्रांगण तक कावंरियों की भीड़ से पूरी तरह गेरूआ रंग में रंग गया. पूरा बाबा धाम बोल बम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया. सोमवारी होने के कारण शहर और बाजार में काफी रौनक देखी जा रही है. इस पूरी व्यवस्था को सुचारू संचालन के लिए जिला के नवनियुक्त उपायुक्त विशाल सागर रविवार की रात से ही मोर्चे पर डटे हुए हैं. डीसी ने दुम्मा बॉर्डर से लेकर मंदिर प्रांगण तक का निरीक्षण किया और विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त अधिकारी और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इधर काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के स्वर्णिम दरबार में शिवभक्त उमड़ पड़े। पूरी नगरी अपने आराध्य की भक्ति में लीन है। शिवभक्त भोर की मंगला आरती के बाद से ही दरबार में दर्शन पूजन और जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध हो गए। दरबार में पावन ज्योर्तिलिंग की झांकी दर्शन पाकर शिवभक्त और कावंड़िये आह्लादित हुए। पूरे मंदिर परिसर हर-हर महादेव का कालजयी उद्घोष से गूंज उठा। सोमवार की तड़के बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग की विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य श्रृंगार कर मंगला आरती हुई। इसके बाद मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धा की अटूट कतार दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ी। रविवार देर शाम से ही दर्शन पूजन के लिए खड़े शिवभक्त और कावंडिये बाबा की एक झलक पाने के लिए हर-हर महादेव का उद्घोष करने लगे। शिवभक्त दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान के बाद पात्रों में जल भरकर सुबह से ही काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के लिए लाइन में लगते रहे।

## क्विक न्यूज

### विद्यार्थियों को मिलेगा टैबलेट व स्मार्टफोन

**लखनऊ** : योगी सरकार विद्यार्थियों को आधुनिकता से लैस करने और डिजीटल इंडिया में स्मार्ट शिक्षा से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में लगातार शिक्षण सामग्रियों से लैस कर रही है। इसी क्रम में आज मंगलवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को टैबलेट व स्मार्टफोन सौंपे जाएंगे।नयह जानकारी सोमवार को धर्मवीर खरे ने देते हुए बताया कि प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप विद्यार्थियों को वितरित करेंगे।कार्यक्रम का आयोजन डा. शकुन्तला राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। इसमें स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण के अंतर्गत 1280 विद्यार्थियों को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण सौंपे जाएगा। इस दौरान मंत्री द्वारा लाभार्थी विद्यार्थियों से बातचीत की जाएगी और सम्बोधन भी दिया जाएगा।

### दुष्कर्म पीड़िता ने एसपी कार्यालय के सामने किया आत्मदाह का प्रयास

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सोमवार को दुष्कर्म पीड़िता द्वारा एसपी कार्यालय के सामने खुद पर केरोसिन डालकर आग लगाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद जवानों ने पीड़िता को समझा कर रोका। हालांकि इसके बाद एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव समेत अन्य पुलिस अधिकारी हरकत में आए। युवती को बाकायदा आश्वासन दिया गया।उल्लेखनीय है कि पीड़िता ने पांडातराई थाने में आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि उसी के गांव में रहने वाला आरोपित अबरार खान पिता शहीद खान शादी का झांसा देकर उसके साथ दो साल तक जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद उसने शादी से इनकार कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने 29 साहित्यकारों को किया सम्मानित

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन किया। मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग द्वारा 1 अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद में आयोजित इस पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के अंतर्गत कुल 29 साहित्यकारों को अंगवस्त्र, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं चेक प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को घोषित हिन्दी दिवस के दिन करें और उस दिन हिन्दी भाषा को विकसित करनेवाले साहित्यकारों को सम्मानित करे। कविवर सत्यनारायण जी द्वारा रचित बिहार गीत पूरे बिहार में सभी महत्वपूर्ण बैठकों एवं विभिन्न अवसरों पर बजाया जा रहा है और आज उन्हें नागार्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### शोभा यात्रा के दौरान दो गुटों में पथराव और फायरिंग, कई गाड़ियां फूंकी

**नूंह** : हरियाणा के नूंह जिले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बृज मंडल यात्रा के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प हुई. इस दौरान गाड़ियों पर जमकर पथराव हुआ और फायरिंग भी की गई. हाथ में लाठी डंडे लेकर उपद्रवी गाड़ियों में तोडफोड़ किए. पथराव और गोलीबारी में अब तक कुल 20 लोगों के घायल होने की खबर है. घायलों में 3 पुलिस के जवान भी शामिल हैं. जानकारी के मुताबिक अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में 3, पुनहाना में एक, नूंह सीएचसी में 8, तावडू सीएचसी में 3, राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में 5 लोगों को भर्ती किया गया है.

## लोकसभा में जोरदार हंगामा, पेश नहीं हो सका दिल्ली सेवा विधेयक



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : देश की संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में आज दिल्ली सेवा बिल पेश होना था. लेकिन भारी हंगामे के चलते लोकसभा को स्थगित कर दिया गया और अब बिल को कल यानी मंगलवार को पेश किया जाएगा. वैसे तो यह बिल आज यानी सोमवार को ही पेश होना था. इसे लेकर सभी तैयारियां भी पूरी हो गई थीं. सांसदों को यह बिल एक दिन पहले यानी रविवार को ही सर्कुलेट भी कर दिया गया था. लेकिन सोमवार को सदन को पहले ही स्थगित कर दिया गया और बिल पेश न हो सका. इस बिल को लेकर आम आदमी पार्टी पहले से ही विरोध दर्ज कराती आई है. ऐसे में जब मंगलवार को इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा तब भी हंगामे के भारी आसार हैं.राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से संबंधित संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने से पहले जान लेते हैं कि यह बिल आखिर है क्या. क्यों इस बिल पर इतना हंगामा मचा हुआ है. आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल इस बिल को रोकने के लिए पूरे देश में घूमकर विपक्षी नेताओं से मुलाकात की और उनका समर्थन मांगा. एनसीटी दिल्ली संशोधन बिल 2023 के जरिए राजधानी के प्रशासनिक और लोकतांत्रिक संतुलन का प्रावधान है.दरअसल, दिल्ली में अधिकारों की जंग को लेकर लंबे समय से केंद्र और केजरीवाल सरकार में ठनी है. दिल्ली में विधानसभा और सरकार के कामकाज के लिए एक रूपरेखा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 लागू है. 2021 में केंद्र सरकार ने इसमें संशोधन किया था.

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र

## मणिपुर घटना पर हंगामा

### सदन में सत्ता पक्ष ने मणिपुर घटना का मुद्दा उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत हंगामे से हुई। सत्ता पक्ष ने दूसरे दिन मणिपुर घटना पर का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने मणिपुर का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अभी मणिपुर से संबंधित केवल कुछ वीडियो ही वायरल हुए हैं।

सड़कों पर बहनों- भाइयों को गाजर मूली की तरह कटा जाता है, बहनों के साथ दुष्कर्म हो रहा है। ये बिलकुल स्वीकार्य नहीं है। इन सब की जिम्मेदार मोदी सरकार है। प्रदीप यादव ने वित्त विभाग से केंद्र सरकार से राज्य के 35000 करोड़ बकाया राशि और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की देय राशि की मांग को दोहराया और उनसे पूछना चाहा कि



केंद्र सरकार से इस राशि की वसूली के लिए कोई ठोस कार्रवाई की गई है या नहीं, इसके जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर रामेश्वर उरांव ने कहा कि केंद्र से बातचीत चल रही है। वहीं माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने गृह कार्य और आपदा प्रबंधन विभाग से पूछा कि साल 2022 में महिला अत्याचार से संबंधित 2366 ट्रायल फेल हो गए हैं और 2662 आरोपित बरी हो गए। दुष्कर्म और पॉक्सो में सजा की दर 25 प्रतिशत से कम है। साथ ही उन्होंने राज्य के 90 प्रतिशत थानों में एक भी महिला दारोगा का पद स्थापित नहीं है, इस मुद्दे को भी उठाया।

प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने इस पर कहा कि नियमानुसार कार्य हो रहा है।

इस बीच भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि 2024 में आ गई है आईएनडीआईए (इंडिया) और नरेन्द्र मोदी जी गए। हम बहनों को इंसाफ दिलाएंगे। इसके बाद सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से हंगामा होने लगा।

### सदन में हंगामे के बीच 11988 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए 11हजार 988 करोड़ का पहला अनुपूरक बजट पेश किया. इसके साथ ही स्पीकर ने सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया. मंगलवार से अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी. इस बीच भाजपा के विधायकों ने स्थानीय नीति सहित अन्य मुद्दों पर वेल में नारेबाजी की और धरना दिया. इसी हंगामे के बीच शून्यकाल और ध्यानाकर्षण की सूचनाएं ली गई.

## जयपुर-मुंबई ट्रेन में गोली मारकर 4 की हत्या

**एजेंसी**

**मुंबई** : महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस ट्रेन में एक आरपीएफ कांस्टेबल ने अपने सीनियर एएसआई पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में एएसआई और 3 अन्य यात्रियों की गोली लगने से मौत हो गई। चेतन नाम के कांस्टेबल ने फायरिंग की। जिसे मीरा रोड से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों शवों को शताब्दी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना सोमवार सुबह करीब 5 बजे के करीब को घटी। ट्रेन के बी 5 कोच में यह फायरिंग हुई। फायरिंग में 4 लोगों को गोली लगने से मौत हो गई। हालांकि फायरिंग होने की वजह का अभी पता नहीं चला है, लेकिन बताया जा रहा है कि आरपीएफ कांस्टेबल और उसके सीनियर एएसआई में किसी बात को लेकर तनातनी और कहासुनी हो गई थी।




जिसके बाद कांस्टेबल ने गुस्से में आग बबूला होकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग पालघर और मुंबई के बीच दहिसर इलाके में ट्रेन में हुई। आरपीएफ कांस्टेबल चेतन को मानसिक तनाव में बताया जा रहा है।

### रेलवे अधिकारी जांच में जुटे

मुंबई में डीआरएम नीरज वर्मा ने बताया कि सुबह छह बजे के करीब हमें सूचना मिली कि आरपीएफ जवान ने फायरिंग की है, जिसमें चार लोगों की मौत हुई। आरोपी कांस्टेबल एस्कोर्ट ड्यूटी पर तैनात था। रेलवे अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और घटना की आगे की जांच की जा रही है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मृतकों के परिजनों को मुआवजे का एलान किया जाएगा।

### फायरिंग की वजह साफ नहीं

पश्चिमी रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना आज मुंबई-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में हुई। एक आरपीएफ कांस्टेबल चेतन कुमार ने अपने साथी एएसआई टीकाराम मीणा पर फायरिंग की। इस दौरान तीन अन्य यात्रियों को भी गोली लग गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी ने अपने आधिकारिक हथियार से ही गोली चलाई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गोलीबारी की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। मामले की जांच की जा रही है।

### रीवा: देवतालाब के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं पर टूट कर गिरा बिजली का तार, 39 झुलसे

**एजेंसी**

**रीवा** : मध्य प्रदेश के रीवा जिले में लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवतालाब के शिव मंदिर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। सावन के चौथे सोमवार को यहां पूजन-अर्चन के दौरान बिजली तार टूट कर श्रद्धालुओं के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में 39 श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से बिजली सप्लाई बंद कराई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, श्रावण के चौथे सोमवार को देवतालाब के शिव मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। दोपहर के समय मंदिर में पूजन अर्चन के दौरान यह हादसा हो गया। पूजन-अर्चन के दौरान यहां बिजली का तार खंभे से टूट कर मंदिर परिसर में लगे टीन शेड पर गिर गया। इससे मंदिर में करंट फैल गया और 39 लोग उसकी चपेट में आ गए। करंट फैलने से भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों को जिले के मऊगंज, नई गढ़ी और देवतालाब के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मऊगंज में 27, नई गढ़ी में 3 और देवतालाब के अस्पताल में 6 श्रद्धालु भर्ती हैं। गंभीर हालत वाले तीन श्रद्धालुओं को रीवा शहर स्थित संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल और पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

## निर्वाचन कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करें ईआरओ, एईआरओ : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन ने सोमवार को डीआरडीए सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्स्क्र2024) को लेकर सभी ईआरओ, एईआरओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्य जैसे- हाउस टू हाउस सत्यापन, पन्ना सत्यापन, फॉर्म जुटाने और निपटाने, बूथ सत्यापन, बूथ युक्तिकरण, एएमएफ, आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक में बारी-बारी से सभी ईआरओ और एईआरओ से ईवीएम मशीन, पोलिंग बूथ, पोलिंग लोकेशन,हाउस टू हाउस सत्यापन आदि कार्यों की जानकारी ली। साथ ही सभी पदाधिकारियों को बीएलओ रजिस्टर पढ़ने व समझने की सलाह दी। उपायुक्त ने उपस्थित सभी ईआरओ, एईआरओ व सबंधित कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्य के मामले में सबंधित पदाधिकारी जिम्मेवारी के साथ काम करें अन्यथा कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने हाउस टू हाउस सर्वे में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अगले सप्ताह तक फॉर्म प्राप्त करने में अधिक से अधिक प्रगति की उपलब्धि दिखनी चाहिए अन्यथा संबंधित एईआरओ के साथ-साथ बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलडूओ की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होने कहा कि जिले के वरीय पदाधिकारी हाउस टू हाउस सर्वे कार्य का निरीक्षण प्रतिवेदन समय समय पर मुझे सौंपते रहेंगे। कोई बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर फील्ड में नहीं पाये जाते हैं तो निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारियों में लापरवाही को देखते हुए विधि समस्त कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। हाउस टू हाउस सर्वे कार्य के दौरान किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से नहीं छूटने पाये, इसके लिए प्रत्येक घरों तक अनिवार्य रूप से पहुंचने का निर्देश सभी ईआरओ एवं एईआरओ को उपायुक्त ने दिया। साथ ही मृत/ स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान कर विहित प्रपत्र में आवेदन जमा लेने का निदेश गया। उपायुक्त ने प्रत्येक बूथों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे पेजयल, शौचालय, रैम्प, कमरों में वेंटिलेशन व रौशन आदि का निरीक्षण करने और मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों का निराकरण 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पोर्टल के माध्यम से शुद्ध सूची बनाने का निर्देश सभी ईआरओ एवं एईआरओ को दिया।ज्ञातव्य है कि जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 कार्यक्रम 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, नाम/ पता आदि त्रुटियों को शुद्ध करने, मृत/ स्थानांतरित, फोटो अपडेट करने आदि से संबंधित कार्य किये जा रहे हैं। नाम जोड़ने के लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 भरना होगा। नाम हटाने के लिए फॉर्म 7, एन.आर.आई मतदाता के लिए फॉर्म 6 से नाम जोड़ा जा सकता है। किसी तरह के संशोधन के लिए फॉर्म 8 से आवेदन कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता स्वयं भी ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। यह ऐप आप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें या ऑनलाइन आवेदन चुनाव आयोग के वेबसाइट voters.eci.gov.in पर भी जमा कर सकते हैं साथ ही किसी भी तरह की निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

## थाना प्रभारी संतोष कुमार का तबादला योगदान दिए केतार थाना प्रभारी कमलेश महतो



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के द्वारा पत्र जारी कर केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि को तबादला करते हुए भंडरिया थाना भेज दिया है। जबकि मझिआंव थाना प्रभारी कमलेश महतो को केतार थाना प्रभारी के रूप प्रतिनियुक्ति किया गया है। तत्पश्चात वर्तमान थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो सोमवार को अपना योगदान केतार थाना पहुंच किया और क्षेत्र के लोगों से यह आह्वान किया कि अपराध को लेकर थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापामारी किया जाएगा वही किसी भी प्रकार निर्दोष को किसी केस में फसने नहीं दिया जाएगा।

## बिजली कटौती के खिलाफ उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिकारियों का फूंका पुतला




**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली कटौती से परेशान हो रविवार की देर शाम बिजली विभाग के अधिकारियों का पुतला दहन किया। इसके पहले बाजार क्षेत्र में आक्रोश मार्च निकालकर, मेन बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, बिजली विभाग हाय हाय, बिजली विभाग के पदाधिकारी होश में आओ, बिजली कटौती में जल्द सुधार करो आदि नारे लगाए। आक्रोश मार्च में बिजली उपभोक्ता संघ ने आरसी लाल चौक पर बिजली विभाग के जीएम, महाप्रबंधक, एजुकेटिव आदि बिजली विभाग के पदाधिकारियों का पुतला का दहन किया। आक्रोश मार्च में विश्वदीप कुमार, संतोष प्रजापति, कृष्णा कुमार क्रांतिकारी, सरोज कुमार, दिलीप स्वर्णकार, राजेश शौंडिक, प्रभात कुमार, रंजन गुप्ता, मनोज गुप्ता, शंकर गोस्वामी, अजय स्वर्णकार, संदीप गुप्ता, अमूल कुमार, रवि कुमार सहित सैंकड़ों बिजली उपभोक्ता शामिल थे।

# प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में सोमवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में बीआरपी ने विभागीय कार्यो की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया.बैठक में बीआरपी ने कहा कि आगामी 10 अगस्त तक सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने नजदीकी के पोस्ट ऑफिस से सम्पर्क करते हुए शत प्रतिशत खाता खोलवाने की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे. सभी प्रधानाध्यापक 2022-2023 का स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन का कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण कर लेंगे। श्री चौबे ने कहा कि ई-विद्या वाहिनी एप में किताब का डिस्ट्रीब्यूशन सम्बंधित रिपोर्ट भर देंगे.उन्होंने कहा कि बार-बार निर्देश देने के बाबजूद भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशस्त एप डाउनलोड कर अपने विद्यालय का रजिस्ट्रेशन करते हुए सर्वे का काम शुरू नहीं किये हैं वे इसे प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू करेंगे.विभागीय निर्देश के तहत आगामी 5 अगस्त से वर्ग 1 से 12 तक के सभी बच्चों का साप्ताहिक जांच परीक्षा का आदेश दिया गया है. सभी प्रधानाध्यापक विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करेंगे. इस साप्ताहिक जांच का परीक्षा फल एफ ए वन में में ऐड कर लिया जाएगा। बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, अजय कुमार, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास प्रसाद सिंहा, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह तथा कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# संत और ईश्वर सबके लिए होते हैं ये किसी में भेद नहीं करते : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** संत और ईश्वर सबके लिए होते हैं। ये किसी में भेद नहीं करते। यही कारण है कि राक्षस भी तपस्या करते हैं, तो ईश्वर बगैर किसी पूर्वाग्रह के उन्हें वरदान देते हैं।उक्त बातें पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री श्री जीयर स्वामी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि तप के बल पर प्राप्त बरदान का दुरूपयोग होने पर दंड भी देते हैं।उन्होंने कहा कि सामर्थ्य एवं वैभव का दुरूपयोग कभी भी नहीं करना चाहिए।उन्होंने श्रीमद भागवत कथा के तहत चौबीस अवतारों में नृसिंह अवतार की चर्चा करते हुये हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप एक बार घोर तपस्या से ब्रह्मा जी द्वारा वरदान पाकर अत्याचार करने लगा। पुनः स्वर्ग प्राप्ति की कामना से तपस्या करने गया. देव गुरू बृहस्पति सुग्गा का रूप धारण कर नारायण-नारायण की जाप करने लगे। नारायण विरोधी हिरण्यकश्यप इसे अशुभ मानकर लौट गया।वह अपनी पत्नी कयाधु से इसकी चर्च किया।कयाधु उस दिन अपने को धन्य मान रही थी कि आज मेरे पति हिरण्यकश्यप चाहे जो कारण रहा हो नारायण नारायण तो बोल रहे हैं।वह बार-बार अपने पति से उस प्रसंग की चर्चा करती रही।कयाधु ने उस दिन बार-बार नारायण के नाम वाली इस घटना की चर्चा करते हुए संतानोत्पत्ति हेतु अपने पति को राजी किया। परिणामस्वरूप नारायण भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ।स्वामी जी ने कहा कि सुन्दर और तेजस्वी संतान की प्राप्ति के लिए माता-पिता को ईश्वर के प्रति आस्था रखते हुए अपने आचरण और व्यवहार में शुद्धता के साथ संतानोत्पत्ति का संयोग बनाना चाहिए।आज भी विज्ञान गर्भावस्था में माताओं को कुछ कार्यों से निषेद्ध तो कुछ पालन करने की सलाह देता है। सनातन धर्म में हजारों साल पहले इसकी चर्चा ऋषियों ने कर दिया है। श्री स्वामी जी ने कहा कि गृहस्थ आश्रम में संतानोत्पत्ति भी एक धर्म है। इस धर्म का पालन मर्यादा के साथ होना चाहिए।भारतीय स्मृतियों में संस्कार पर व्यापक विचार हुआ है। गर्भाधान भी एक प्रमुख संस्कार है.संस्कार-युक्त गर्भाधान से संस्कारी संतान की उत्पत्ति होती है।अच्छे व्यक्तियों से ही अच्छा समाज बनता है।

## पीसीसी पथ निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये एसडीओ से किया जांच की मांग

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल सचिव गोपाल यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर भैंसवेडवा ग्राम स्थित विद्यालय से कोइन्दी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई की मांग किया है.एडीओ को दिये आवेदन में श्री यादव ने कहा है कि उक्त पथ के ढलाई कार्य मे घटिया बालू का उपयोग किया जा रहा है, साथ ही तय मानक से कम ढलाई किया जा रहा है।

## प्रेमचंद की रचनाओं से दूर होगी सामाजिक कुरीतियां : रूचिर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदी साहित्य के सबसे लोकप्रिय लेखक मुंशी प्रेमचंद ने हिंदी में कहानी और उपन्यास को सुदृढ़ की और यथार्थवादी चित्रण में देशवासियों एवं लोगों का दिल जीत लिया था उक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने कहा कि प्रेमचंद को उपन्यास सम्राट के नाम से सर्वप्रथम बंगाल के विख्यात उपन्यासकार सरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने संबोधित किया था । सन 1936 को 56 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। मुंशी प्रेमचंद की कहानी पूस की रात मैंने बचपन में पांचवी क्लास में पढ़ा था जिह्यस प्रकार से ठंड में ठिठुरते हुए फसलों की रखवाली करना यह सब उस कहानी में उस समय के सत्य को उजागर करता था मुंशी प्रेमचंद जैसा साहित्यकार लेखक मिलना दुर्लभ है लेकिन हम उनकी रचनाओं को पढ़कर उनसे सीख लेकर समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ने का एक अच्छा हथियार बना सकते हैं। परंतु आज उनकी रचनाओं को केंद्र सरकार के द्वारा शनै-शनै पाठ्यक्रम से हटाने का प्रयास किया जा रहा है जो चिंता का विषय है।

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में घायल हुए लोगों में एक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी आजम रिजवी के घर पिछले 24 जुलाई को हुई एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की घटना के घायलों में से एक 40 वर्षीय मोहन लाल की मौत हो गई। मृतक बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना के बड़ेम गांव का रहने वाला था। जो अररुआ खुर्द स्थित रामविलास प्रजापति के घर किराएदार के रूप में रहकर फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था। वह आजम रिजवी के घर आग लगने की जानकारी होने पर मदद करने के लिए गया था। इस बीच सिलेंडर ब्लास्ट होने से बुरी तरह झुलसकर घायल हो गया। मृतक का इलाज पटना में चल रहा था। जहां हालत गंभीर होने पर रांची ले जाया जा रहा था इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मालूम हो कि उक्त घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इनमें अभी भी चार का रांची में तथा दो का पटना में इलाज चल रहा है। मोहनलाल की मौत पर जहां परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। वहीं समाजसेवी अतहर हुसैन, मुमताज अहमद,मुस्लिम अंसारी, वायजुल हक आदि ने गहरी संवेदना जताई है।

## हरिहरगंज में धूमधाम से मना गुरु पूजा उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का गुरु पूजा उत्सव 57वीं वर्षगांठ समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, निकटवर्ती संडा, सरईवार, भलूआड़ी, पड़रिया, डुबरीडीह, मझिगावां, बघना सहित कई राज विद्या केंद्रों पर प्रेम रावत जी के चित्र पर पुष्पार्जन के साथ उत्सव प्रारंभ हुआ । उक्त सभी केंद्रों में उनका ऑनलाइन शांति का संदेश का प्रसारण किया गया। भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण के साथ समारोह संपन्न हुआ। इससे पहले लोगों को संबोधित करते हुए प्रचार सहायक दिनेश पासवान ने कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। उनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व में चलाया जाता है। आयोजन को सफल बनाने में केंद्र सहायिका मधु कुमारी, सेवा सहायक कृष्णा गुप्ता, डॉ0 घनश्याम शर्मा, रामनाथ साह, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर, सुमित्रा देवी, राजमणि देवी, केदारनाथ ठाकुर, सरोज चौधरी, नवीन पांडेय, शंभू सिंह, रामप्रसाद यादव, गोपाल प्रसाद सहित सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# जन्माष्टमी पर मटका फोड़ प्रतियोगिता कराने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर स्थित बाबा वीर कुंवर धाम परिसर में ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष लाला प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जन्माष्टमी पर मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पदाधिकारी व सदस्यों ने आर्थिक रूप से सहयोग करने की बात कही। कहां गया कि मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व में यादव समाज के लोग बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाएं। अपनी परंपरा को बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर ट्रस्ट के सचिव संजय कुमार यादव पूर्व प्रमंडलीय अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद यादव, कमलेश यादव कोषाध्यक्ष उमेश यादव, मनातू मंडल अध्यक्ष सतेंद्र यादव, उपाध्यक्ष रमेश यादव,यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# खोलरा की घटना पर जल्द संज्ञान ले प्रशासन, वर्ना होगा पूरजोर आंदोलन : अजय कुमार चौधरी

**➲ निषाद समुदाय के लोगों पर लगातार हो रहे जुल्म व अत्याचार के खिलाफ न्यायप्रिय लोगो ने भरी हुंकार**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मेराल थाना क्षेत्र के खोलरा गांव निवासी रामरेखा चौधरी व उनके दो पुत्रों सहित पूरे परिवार के साथ विगत दस दिन पूर्व गांव के ही मनचले सुनील कुमार सिंह द्वारा मारपीट के घटना को अंजाम दिया गया था। जिसे लेकर रविवार को चेचरिया पंचायत के मुखिया के अध्यक्षता मे ग्राम खोलरा में प्रतिरोध बैठक किया गया। बैठक में क्षेत्र के न्याय प्रिय, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि के साथ प्रमंडल के निषाद समाज के अगुआ नेताओं ने भाग लिया। विदित हो कि बीते 20 जुलाई को सुनील सिंह के पिता राजबली सिंह के द्वारा रामरेखा चौधरी को अपने क्षेत्र से होकर ट्रैक्टर ले जाने के लिए मना किया गया था। ट्रैक्टर अपने खेत में ले जाने को लेकर थोड़ी बहुत वाद-विवाद हुई थी जिसमें राजबली सिंह का कहना था कि हमारे खेत से आपको ट्रैक्टर पार नहीं करना और रामरेखा चौधरी के द्वारा बताया गया कि मैंने राजबली सिंह के खेत में अपने ट्रैक्टर को पार नहीं किया।जिसके वजह से यह विवाद बढ़ा और कहासुनी के बाद में मामला समाप्त हो चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि सुनील सिंह को पंचायत चुनाव में मुखिया पद पर मिली हार के बाद उन्होंने खोलरा गांव के सभी मल्लाहों को दोषी बताते है और किसी भी व्यक्ति के साथ बेवजह झगड़ते हैं। 20 जुलाई को ही दोपहर के बाद पुनः सुनील सिंह के द्वारा बाहरी मनचलों व अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को बुलाकर राम रेखा चौधरी सहित उनके दो पुत्रों को बुरी तरह से मारपीट किया गया। वहीं बीच-बचाव में उनके घर के महिलाओं के साथ भी धक्का मुक्की किया। सुनील सिंह ने मारपीट के बाद अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि जितना मल्लाह है सब आ जाओ सब को हम देख लेंगे कहते हुए चुनौती दिया। जिसकी प्राथमिकी मेराल थाना में विगत दस दिन पूर्व दर्ज कराई गई है। लेकिन एक मनचले द्वारा दबे ,कुचले गरीब ,शोषित समाज के ऊपर हो रहे हमले के विरोध कोई ठोस करवाई अभी तक नहीं की गई है।जिसके वजह से आज भी खोलरा गांव के ग्रामीणों में भय व दशहत का माहौल बना हुआ है। जिस पर शासन प्रशासन का मौन धारण कहीं ना कहीं मनचलों के मनोबल को बढ़ावा देने का समाज में संदेश जा रहा है। बैठक में उपस्थित बहुजन समाज पार्टी के गढ़वा विधानसभा प्रभारी सह झारखंड निषाद विकास संघ के जिला महासचिव सह डंडा जिला परिषद सदस्य अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने कहा की सामान्तीयों के द्वारा सत्ता के संरक्षण में जिस तरह से खोलरा मे शर्मनाक घटना का अंजाम दिया है बहुत ही निंदनीय है इसकी निंदा जितनी करेंगे कम होगी। जिस तरह से महिलाओं, दलितों, पिछड़ों पर जुल्म और अत्याचार बढ़े हैं उसका सामना करने के लिए संगठित रहने का आह्वान किया।

# पुलिस ने अवैध हथियार के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** पलामू एसपी रेशमी रमेशन के आदेश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की रात शहर में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान शहर के हॉस्पिटल चौक के पास से एक अपराधी को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि रविवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि हॉस्पिटल चौक बड़ा तलाब के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में बाइक पर सवार दो अपराधी खड़े हैं। इस सूचना पर शहर थाना में एक टीम गठित कर सूचना के सत्यापन तथा त्वरित कार्रवाई करते हुए हॉस्पिटल चौक पहुंचे।जहां पर गुप्तचर द्वारा मोटर साईकिल पर सवार दोनों युवकों के शिशु कल्याण केन्द्र के पास होने की जानकारी दी गयी। इस सूचना पर गठित टीम शिशु कल्याण केन्द्र के पास पहुंची तो मोटर साईकिल संख्या JH®ICJ 2409 को खड़ा देखा जिस पर बैठे युवकों को पकड़ने की कार्रवाई में मोटर साईकिल के पीछे बैठा युवक पुलिस को देखकर संकरी गली का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा तथा मोटर साईकिल स्टार्ट कर भागने के प्रयास के क्रम में उक्त युवक को दबोच लिया गया। विधिवत रूप से जमी एवं तलाशी की कार्रवाई में पकड़े गये युवक राम कुमार पासवान उर्फ लकड़वा पिता विजय मांझी, ग्राम पचम्बा, थाना पिपराटांड़, जिला पलामू के पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया जिसके रखने के औचित्य के संबंध में पूछ ताछ किये जाने पर न तो कोई संतोषजनक जानकारी दिये और न ही कोई वैध अनुज्ञप्ति प्रस्तुत किये। फलस्वरूप बरामद देशी कट्टा एवं गोली की जप्ती से संबंधित विधिवत कार्रवाई की गयी । भागे युवक की पहचान विक्की आलम पिता अलीम आलम, पता शिवाला रोड शास्त्री नगर, थाना शहर जिला पलामू के रूप में हुई। पकड़े गये राम कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया तथा विक्की आलम की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए युवक रामकुमार के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, जिन्दा गोली 315 बोर -01, एक पैशन प्रो मोटर साईकिल पंजीयन सं0 जेएच01 सीजे 2409, मोबाईल - 01 बरामद किया है। छापामारी अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,एसआई जितेंद्र कुमार, एएसआई अशोक कुमार दुबे, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, हव0 मानवेल मुर्मू, आ0-387 संतन कुमार मेहता,आ0 1171 मो0 शारिक ईरशाद, मणिकांत केसरी शामिल थे।

### संक्षिप्त खबरें

## इण्डियन ओवरसीज बैंक ने किया वृक्षारोपण

**रांची।** इण्डियन ओवरसीज बैंक द्वारा वृक्षारोपण समारोह का आयोजन । इण्डियन ओवरसीज बैंक ने गोस्सनर कॉलेज में वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार राज्य प्रमुख इण्डियन ओवरसीज बैंक व इलानी पूर्ती गोस्सनर कॉलेज प्रधान अध्यापिका पधारे थे। सर्वेश कुमार ने वृक्षों के लिए पर्यावरण संबंधित उपयोगिता बताते हुए कहा कि आज के छात्र ही कल के भविष्य हैं और किसी भी देश की सफलता उसके छात्रों के उज्जवल भविष्य में निहित है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इण्डियन ओवरसीज बैंक के पास जनमानस की सभी वितीय समस्याओं का समाधान है जिसे नागरिक आईओबी की 3200 शाखाओं में से किसी भी शाखा से जुड़ कर इनका लाभ उठा सकते हैं।

## मो रफी की पुण्यतिथि पर प्रशंसकों ने याद किया

**रांची ।** महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी को 43 वीं पुण्यतिथि पर प्रशंसकों ने याद कर खिराज अकीदत पेश की । मेरी आवाज मेरी पहचान की ओर से एक कार्यक्रम कांके ओमप्रकाश जालान के आवास में आयोजित कर उसकी तस्वीर पर फूल माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया ।31जुलाई 1980 में मोहम्मद रफी का निधन हो गया था, उनकी मौत से उनके चाहने वालों काफी सदमा लगा था । प्रेसिडेंट देवेश खान ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी स्वर्गीय मोहम्मद रफी लाजवाब गायक थे । उन्होंने हिंदी पंजाबी के अलावा तेलुगु , मराठी , भाषा में भी गीत गाए । उन्होंने कहा कि मोहम्मद रफी जैसा ना कोई हुआ है ना कोई होगा । पुण्यतिथि पर कुमार गहलोत और कविता होरो और गौरव कुमार ने रफी के पुराने नगमों को गाकर याद किया ।इस मौके पर महासचिव सिंगर कुमार गहलोत , सह सचिव सिंगर कविता होरो , सचिव आनंद जालान , सह सचिव बुलंद अख्तर , ओमप्रकाश जालान , मिसेस ओमप्रकाश जालान , सह सचिव गौरव कुमार आदि मौजूद थे ।

# हत्या, रंगदारी, कोयला, गौतस्करों व जमीन दलालों की सूची तैयार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले में इन दिनों लगातार बढ़ रहे हत्या, लूट, रंगदारी, छीनताई, कोयला, गौ तस्करों , जमीन विवाद जैसे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सीआईडी ने रांची जिले के संगठित आपराधिक गिरोह की कुंडली तैयार की है। ये कुंडली रांची के थाना द्वारा तैयार की गई है। तैयार सूची के अनुसार सबसे अधिक संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधी बरियातू थाना क्षेत्र में है। वहीं सुखदेव नगर, डोरंडा और बरियातू थाना क्षेत्र में सबसे अधिक गिरोह सक्रिय है। सक्रिय असंगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपराधियों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया गया है। ।एसएसपी किशोर कौशल ने डीएसपी और संबंधित इलाके के थानेदारों को जेल से निकले शातिर अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है। डीएसपी से कहा गया है कि वे उन शातिर अपराधियों की गतिविधि की पूरी जानकारी इक्ट्ठा करें।अगर वे किसी मामले में संदिग्ध पाए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में उनकी जमानत को रद्द करने की भी कार्रवाई करें, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजें। वहीं सूची में शामिल शातिर अपराधी जो जेल में बंद हैं, उनके खिलाफ सीसीए की कार्रवाई की जाएगी। सूची में शामिल सभी अपराधियों को सर्विलांस पर भी रखा जाएगा।

### रांची के 11 गैंग के 100 अपराधियों की सूची तैयार

पुलिस ने रांची के 11 गैंग के सौ से अधिक अपराधियों की अलग से सूची तैयार की है। इस सूची में अमन साव, अमन श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, कालू लामा गैंग, रोहित मुंडा गैंग आदि शामिल हैं। इस गैंग में शामिल अपराधी, जो जेल में बंद हैं उन अपराधियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से पुलिस सजा दिलाएगी।

### इन थाना क्षेत्रों में ये गिरोह है सक्रिय

हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में अखिलेश सिंह गिरोह और मो.अली उर्फ अली




खान का गिरोह सक्रिय है। अखिलेश सिंह गिरोह में अरशद उर्फ मोती, अमजद उर्फ गद्दी व मो. अली गिरोह में शिवा रजक शामिल है। लोअर बाजार थाना क्षेत्र में अखिलेश सिंह गिरोह सक्रिय है। गिरोह में मो. शेरू उर्फ साजिद का नाम सूची में शामिल है। नामकुम थाना क्षेत्र में राजीव कुमार मिश्रा उर्फ बिट्टू मिश्रा व गेंदा सिंह उर्फ विजय सिंह का गिरोह सक्रिय है। बिट्टू मिश्रा गिरोह में एक्स आर्मी एन सहदेव पात्रा और गेंदा सिंह गिरोह में काशी नायकडु राजन और प्रमोद एक्का सदस्य है।

### सुखदेवनगर थाना में पांच गिरोह

सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में पांच गिरोह सक्रिय है। इसमें राजीव मिश्रा उर्फ बिट्टू मिश्रा, रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी, राज वर्मा उर्फ राज राम उर्फ बजरंगी, संदीप प्रधान उर्फ संदीप थापा और अमन साहू गिरोह सक्रिय है। बिट्टू मिश्रा गिरोह में प्रकाश यादव, सुंदर सिंह बुड्ढा, विकास सिंह, रोहित मुंडा गिरोह में शैलेश वर्मन, रोहित चौरसिया, राज वर्मा गिरोह में शैलेश वर्मन और रोहित चौरसिया, संदीप थापा गिरोह में सन्नी सिंह, विक्रम कुमार सिंह, आदित्य सिंह, बिट्टू सिंह और अमन साहू गिरोह में संतोष पाठक शामिल है। वहीं पंडरा ओपी क्षेत्र में भी बिट्टू मिश्रा गिरोह सक्रिय है। गिरोह में संतोष कुमार सिंह शामिल है।

### डोरंडा थाना क्षेत्र में चार गिरोह

सीआईडी की ओर से तैयार की गई सूची में डोरंडा थाना क्षेत्र में चार गिरोह के 14 अपराधी सक्रिय है। इनमें मो. अली उर्फ अली खान गिरोह में राशिद अंसारी, छोटू उर्फ शबीब अंसारी, मेंहदी हसन, बाबर उर्फ शकील अख्तर, बिरसा कच्छप, मो. फैसल खान, राजा आदिल उर्फ जग्गा, मो. सज्जाद आलम उर्फ सादा, सरफराज कुरैशी उर्फ मुगी, शहबाज कारतूस उर्फ चोंच उर्फ सुखा, मो. आरिफ शामिल है। वहीं गेंदा सिंह गिरोह में शमशाद अंसारी उर्फ गुड्डू, सुजीत सिन्हा गिरोह में आकाश कुमार राय और अमन साहू गिरोह में आकाश राय उर्फ मोनू शामिल है।

### बरियातू थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 29 अपराधी

बरियातू थाना क्षेत्र में सबसे अधिक आठ आपराधिक गिरोह 29 अपराधियों की सूची सीआईडी ने तैयार की है। बरियातू थाना क्षेत्र में चंदन सोनार गिरोह में ब्रजेश कुमार उर्फ छोटू, लवकुश शर्मा गिरोह में सोनू शर्मा उर्फ अमित, विपिन शर्मा, सुनील सिंह उर्फ सुनील कुमार, सूरज कुमार यादव, अमित कुमार सिंह, बिट्टू खान उर्फ तनवीर, राज कुमार सिंह उर्फ गोलू, पियूष तिवारी, चंदन मिर्धा, रोहित उरांव, अंशु शर्मा, गोलू शर्मा, हुसैन खान, बिरजू लोहार, अमित सिंह उर्फ गुड्डू, संतोष यादव और अनिल सिंह शामिल है। वहीं रोहित मुंडा गिरोह में अभिषेक मल्लिक, रोहन श्रीवास्तव, शशि शर्मा, नीलेश प्रसाद, राज वर्मा गिरोह में अभिषेक मल्लिक, रोहन श्रीवास्तव, शशि शर्मा, सुजीत सिन्हा गिरोह में रवि रंजन पांडेय और अमन साहू गिरोह में अभिषेक पांडेय और रूपेश सिंह शामिल है।

### चुटिया थाना क्षेत्र में चंदन सोनार गिरोह

चुटिया थाना क्षेत्र में चंदन सोनार गिरोह के अपराधी रविकांत उर्फ रवि चढ्ढा और खली उर्फ मुकेश कुमार सिंह सक्रिय है। वही अमन साहू गिरोह के भी दो अपराधी डब्ल्यू सिंह और जगत साहू उर्फ लक्की का नाम सीआईडी की सूची में है।

### इन थाना क्षेत्रों में इन गिरोह का है दबदबा

पुंदाग ओपी क्षेत्र में चंदन सोनार गिरोह, तुपुदाना ओपी क्षेत्र में गेंदा सिंह गिरोह, सदर थाना क्षेत्र में लव कुश शर्मा गिरोह, अरगोड़ा में सुजीत सिन्हा, अमन साहू, लालपुर में सुजीत सिन्हा, अमन श्रीवास्तव, रातू में सुजीत सिन्हा, कांके में संदीप प्रधान, मैक्लुस्कीगंज में अमन श्रीवास्तव, अमन साहू, खलारी में अमन श्रीवास्तव, बुढ़मू में अमन श्रीवास्तव, सिकिदरी में अमन साहू, अनगड़ा में अमन साहू और मांडर में अमन साहू गिरोह के अपराधी सक्रिय है। वहीं कोयला और गौ तस्करों की भी सूची बनाई जा रही है।

# विधि व्यवस्था पर चर्चा करें सरकार : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार से राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था पर विधानसभा में चर्चा कराने की मांग की।मॉनसून सत्र के दौरान मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने मिजोरम की घटना पर सत्ता पक्ष द्वारा चर्चा की मांग पर कहा कि सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर केवल राजनीति कर रहा।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि केंद्र सरकार मणिपुर पर चर्चा कराने को तैयार है तो फिर झारखंड में इस पर चर्चा की मांग का क्या औचित्य है? कहा कि आई एन डी ए गठबंधन को राजनीति छोड़ देश के सदन में चर्चा में शामिल होना चाहिए। मरांडी ने कहा कि झारखंड में चर्चा ही करानी है तो राज्य की ध्वस्त विधि व्यवस्था पर चर्चा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि राज्य के हालात बद से बदतर होते जा रहे। हत्या लूट बलात्कार की घटनाएं आम हो गई है। राजधानी में भी अपराधियों का साम्राज्य है।

अपराधी सरेआम हत्या करने में सफल हो रहे।कहा कि जेल से अपराधी खुलेआम धमकी दे रहे,रंगदारी वसूल रहे,मौज मस्ती कर रहे और भ्रष्ट अधिकारी उनकी सेवा सुश्रुषा में लगे हैं। उनका हाल चाल पूछ रहे हैं।

# जगन्नाथपुर थाना से संबंधित मामले में अभियोजन की मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जगन्नाथपुर थाना काण्ड सं0-210/ 22, 19.06.2022 के अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। जगन्नाथपुर थाना काण्ड सं0-210/ 22, 19.06.2022 के अभियुक्त मो0 महफूज हबारी उर्फ जानी, पे0 मो0 मुजीब हबारी , सा0- दशमाईल, सिलादोन, थाना-तुपुदाना को -19.06.22 को पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान पिस्टल के बल पर राजाराम चौहान



को धमकाने एवं अन्य अपने साथी महताब आलम उर्फ चांद एवं युसूफ हबारी उर्फ अयान के साथ मिलकर लूटपाटकरते हुए देखा गया था। पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल से अभियुक्त मो0 महफूज हबारी उर्फ जानी, को पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में अभियुक्त के पास से देशी पिस्टल बरामद की गई थी। पु0अ0नि0, रिषु कुमार सिन्हा, जगन्नाथपुर थाना, जिला-रांची द्वारा समर्पित एवं पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची द्वारा अनुशंसित जगन्नाथपुर थाना काण्ड सं0-210/ 22, 19.06.2022 से संबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन उपरांत अभियुक्तों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की सम्पूरक परीक्षा आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा संचालित इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की सम्पूरक परीक्षा 01 अगस्त 2023 से 08 अगस्त 2023 तक निर्धारित है। प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न 01:05 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:20 बजे तक परीक्षा केंद्र संत अलोइस इंटर कॉलेज, पुरुलिया रोड रांची, संत अन्ना इंटर कॉलेज रांची, संत जॉन इंटर कॉलेज रांची में आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची द्वारा पुलिस



बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा द0प्र0सं0 की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

# राकेश कुमार प्रभारी उपायुक्त उत्पाद मुख्यालय रांची बनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 15 अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। संबंधित अधिसूचना सरकार के संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिंह के द्वारा जारी कर दी गई है। राकेश कुमार को प्रभारी उपायुक्त उत्पाद मुख्यालय रांची बनाया गया है। और अरुण कुमार मिश्र को सहायक उत्पाद आयुक्त रांची बनाया गया। उमाशंकर सिंह को सहायक उत्पाद आयुक्त बोकारो बनाया गया।सुनील कुमार चौधरी को प्रभारी उपायुक्त उत्पाद हजारीबाग बनाया गया। रामलीला रावानी को सहायक उत्पाद आयुक्त जमशेदपुर बनाया गया। संजय कुमार मेहता को




सहायक उत्पाद आयुक्त धनबाद बनाया गया। अरविंद कुजुर को सहायक उत्पाद आयुक्त हजारीबाग बनाया गया। अखौरी धनंजय कुमार सिन्हा को सहायक उत्पाद आयुक्त मुख्यालय रांची बनाया गया।विमला लकड़ा को प्रभारी अधीक्षक उत्पाद सरायकेला बनाया गया।क्षितिज विजय मिंज को प्रभारी अधीक्षक उत्पाद गुमला बनाया गया।सुधीर कुमार को प्रभारी अधीक्षक उत्पाद पलामू बनाया गया।अजय कुमार को प्रभारी अधीक्षक उत्पाद चाईबासा बनाया गया।मीनाक्षी प्रसाद को प्रभारी उत्पाद अधीक्षक खूंटी बनाया गया।सौरभ तिवारी को प्रभारी अधीक्षक उत्पाद जामताड़ा बनाया गया।महेंद्र सिंह देव को प्रभारी उत्पाद अधीक्षक गिरिडीह बनाया गया।रंजन तिवारी को प्रभारी उत्पाद अधीक्षक लातेहार बनाया गया।

# शिविर लगाकर शिव भक्तों का किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सावन के पवित्र महीने के तीसरी सोमवारी के अवसर पर रांची शहीद अल्बर्ट चौक के समीप शिव भक्त कांवरियों के लिए स्वागत शिविर लगाया गया।

इस शिविर की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया। शिव भक्तों कांवरियों के लिए चाय ,बिस्किट, खीर कांवरियों के बीच वितरण किया गया। झामुमो नेता



जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस बार 2 महीना का सावन चल रहा है और बढ़ चढ़कर कांवरिया भी हिस्सा ले रहे हैं और लगातार इस सावन के महीने में भगवान शिव के दर्शन के लिए बाबा धाम जा रहे हैं और पहाड़ी मंदिर भी आ रहे हैं । इन सभी शिव भक्तों का हम लोग लगातार शिविर लगाकर स्वागत कर रहे हैं । इस मौके पर हमारे कई लोग स्वागत शिविर में स्वागत करने के लिए मौजूद थे ।

मौके पर डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक सहित कई शिव भक्त शामिल थे।

# इंडिया के गठबंधन दलों का राजभवन के समक्ष धरना आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोराबादी राजकीय अतिथि शाला में इंडिया के गठबंधन दलों की एक बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के पहल पर संपन्न हुई ।बैठक में झारखंड में जितने भी इंडिया गठबंधन के दल है उन सभी के जिला अध्यक्ष और सचिवों ने शिरकत की मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा ,कांग्रेस, सीपीआई ,राष्ट्रीयजनता दल , आम आदमी पार्टी ,तृणमूल कांग्रेस , सीपीआईएम ,राजद भाकपा माले और मासस के प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि इंडिया गठबंधन के सभी दल के लोग 1 अगस्त को राजभवन के समक्ष एक विशाल धरना देंगे । मणिपुर की घटना को लेकर सभी नेताओं ने कहा कि मणिपुर की घटना देश को शर्मसार करने वाली घटना है और लोकतंत्र और भारत के सैविधानिक मूल्यों की हत्या है ।इसीलिए हम इंडिया गठबंधन के लोग मजबूती से केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार आंदोलन करे । सभी ने एक स्वर में निर्णय लिया कि कि जब तक इस देश से भाजपा के सरकार को उखाड़ नहीं देते हैं ।तब तक लगातार आंदोलन और सैविधनिक मूल्यों की रक्षा के लिए हम एकजुट होकर संघर्ष जारी रखेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम , सचिव हेमलाल महतो , सीपीआई के जिला सचिव अजय कुमार सिंह, आरजेडी के धर्मेंद्र कुमार, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश राकेश किरण महतो , टीएमसी के प्रकाश साहू, सीपीएम के एसके रॉय,आप के अविनाश नारायण जेडीयू के श्रवण कुमार माले केजगरनाथ उरांव,अश्वनी शर्मा,धरमवीर सिंह,देव महतो सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सिल्की गुरुंग हत्याकांड के दोषी को उम्र कैद

**रांची :** अपर न्यायायुक्त आसिफ इकबाल की अदालत ने चर्चित सिल्की गुरुंग हत्याकांड के दोषी अनमोल उर्फ कांटी को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में अदालत ने 15 हजार का जुर्माना लगाया है। अनमोल को 27 जुलाई को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने आईपीसी की दो धारा में दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वर्ष 2018 में नाबालिग सिल्की गुरुंग की हत्या कर शव रातू रोड कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। रांची जिला पुलिस बल की महिला सिपाही शोभा गुरुंग की सिल्की पुत्री थी।

# परगनैत को प्रति माह तीन हजार रुपए सम्मान राशि देने संबंधी प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद आदिवासी सामाजिक व्यवस्था को गांव-पंचायत स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने वाले संताल परगना के परगनैत को मानकी की तरह प्रति माह तीन हजार रूपए सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त एवं आयुक्त, दुमका के अनुशंसा के आलोक में संथाल परगना के विभिन्न जिले के परगनैत को मानकी के अनुमान्य मानदेय देने के विषय पर अपना अनुमोदन दे दिया है।

सम्मान राशि में तीन गुना वृद्धि

वर्तमान में मानकी को प्रतिमाह तीन हजार रूपए, मुण्डा एवं ग्राम प्रधान को प्रतिमाह दो हजार रूपए तथा डकुआ, परगणैत, पराणिक, जोग मांझी, कुडाम नायकी, नायकी, गोडैत, मूल रैयत, पड़हा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घाटवाल, तावेदार तथा ग्रामीण दिउरी (पुजारी) को प्रतिमाह एक हजार रूपए सम्मान राशि का भुगतान किया जा रहा है।

### पूर्व में भी सम्मान राशि देने का दिया है आदेश

मुख्यमंत्री ने इससे पहले फरवरी 2022 में गिरिडीह जिला के पीरटांड़ में निवास करने वाले मांझी हडाम, जोग मांझी, पराणिक, नायके बाबा, कुड़ाम नायके को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रतिमाह एक हजार रूपये सम्मान राशि के रूप में भुगतान करने का आदेश दिया था। राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के उपरांत पीरटांड़ के 177 मांझी हडाम, 179 जोग मांझी, 143 पराणिक, 78 एवं 120 कुड़ाम नायके को सम्मान राशि प्राप्त हो रही है। मालूम हो कि उपरोक्त सभी 697 लोगों का नाम पूर्व में छूट गया था। मामले की जानकारी



के बाद मुख्यमंत्री ने इन्हें सम्मान राशि प्रदान करने का आदेश दिया था।

# ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने राजधानी रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की। ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी ने झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। इस मामले में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि टैगोर हिल का ब्रह्म मंदिर राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने योग्य नहीं है, इसके लिए कुछ मापदंड होते हैं, जो ब्रह्म मंदिर पूरा नहीं करता है।

राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि भारतीय पुरातत्व विभाग की मंजूरी के बाद टैगोर हिल की मरम्मत के लिए 69 लाख 30 हजार रुपये राज्य सरकार ने स्वीकृत कर दिया है। राज्य सरकार का पक्ष



सुनने के बाद कोर्ट ने मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार, केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने इनसे पूछा था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं ? याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर 113 साल पुराना है, जिसे गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई ज्योतिंद्र नाथ टैगोर ने बनवाया है। यह ब्रह्म मंदिर आज जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है और टूट रहा है। राज्य सरकार इसके संरक्षण और देखभाल का कोई कार्य नहीं कर रही है।

# राशन डीलरों की समस्याओं को सदन में इरफान अंसारी ने उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में जन वितरण प्रणाली दुकान के राशन डीलरों की समस्याओं को उठाते हुए कहा की पीडीएस डीलरों द्वारा दिन-रात मेहनत कर और खासकर कोरोना काल में अपना जान जोखिम में डालकर भी इनके द्वारा राशन का वितरण किया गया । इसके बावजूद उन्हें फ्रंटलाइन वर्कर में भी शामिल नहीं किया गया और ना ही उनके बकाया कमीशन का भुगतान कमीशन में बढ़ोतरी और मानदेय पर विचार ही किया गया। यहां तक की डीलर के मरणोपरांत उनके आश्रितों को दुकान पुनः आवंटित नहीं किया जा रहा है। आज आर्थिक तंगी से जिंदगी जी रहे जन वितरण प्रणाली के प्रति सरकार को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जनवितरण दुकानदारों की स्थिति इतनी भयावह है कि इसके दुकानदार करो या मरो की स्थिति में है। लगभग 10 माह से पीएमजीवाई का कमीशन अभी तक नहीं मिला है। अब तो स्थिति यह है कि अनुकंपा के नियमों में बदलाव कर हजारों परिवारों पर बेरोजगारी की तलवार भी लटक रही है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## सावन की चौथी सोमवारी पर शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सावन के चौथी सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया. सोमवारी का उपवास रखने वालों में अधिकतर महिलाएं थी. श्रद्धालु नजदीक के शिवालयों में जाकर पूजा अर्चना किए और भगवान शिव को फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद चढ़ाया. क्षेत्र के पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड, करकट्टा, धमधमिया नौ नंबर शिवालय आदि जगहों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु आने लगे. शिवालयों में भक्तिगीत बज रहे थे. इधर देर शाम पहाड़ी मंदिर, श्रीजानकी रमण मंदिर, अमृतनगर शिवालय, खलारी बाजारटांड़ शिवालय, लपरा शिवालय, करकट्टा तथा धमधमिया शिवालय सहित कई शिवालयों में भगवान शिव का फूलमाला से विशेष श्रृंगार किया गया. दुग्ध, घी व जल से अभिषेक के बाद चंदन लेप किया गया. श्रृंगार पूजा में आरती की गई और प्रसाद बांटे गए.



## पिपरवार में इनमोसा क्षेत्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित वसंत विहार मे इनमोसा क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन समारोहपुर्वक किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि इनमोसा के सीआईएल महामंत्री पीएन मिश्रा ने फ़ीता काटकर एंव नारियल फोड कर कार्यालय भवन का उद्घाटन किया।जिसके बाद इनमोशा का झन्डा तोलन व राष्टीय गान के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया।समारोह मे सभी अतिथियों का माला,बुके और शॉल प्रदान कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडी राम व संचालन इक़बाल हुसेन ने किया।समारोह मे पिपरवार,एनके, मगध,आम्रपाली से आये एरिया व साखा प्रतिनिधियो ने अपनी अपनी समस्या प्रमोशन,आवास,एरियर, सुरक्षा,कोयला उत्पादन, डिस्पैच,सभी कमिटी मे बैठने हेतु प्रतिनिधित्व जैसे ज्वलन्त मुद्दा से अवगत कराया।महामंत्री पीएन मिश्रा ने कहा कि 1956 मे गठित इनमोसा संगठन की एक गौरव शाली एतिहास है।आज जो भी हक़ अधिकार मिला है वह संगठन की देन है।उन्होने इनमोशा को ऊर्जावान व अनुशासित बनाने पर बल दिया।उन्होने सभी मांगो पर पहल करने का भरोसा दिया।सीसीएल महामंत्री रामराज सिंह ने कहा कि सीसीएल लेबल के सभी मांगो पर पहल चल रही है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।इस मौके पर रामराज सिंह,समीर चक्रवर्ती,देवेन्द्र कुमार,डीपी मोर्या,अनिल कुमार सिंह,सुधीर बाबू, अनिल कुंवर,उमाकान्त, रविन्द्र बैठा,एसके दुबे,एसके सिंह,मनोज सिंह,रुपलाल महतो,क्लवंत सिंह,सुनिल चौबे,मोजहिद इमाम,जोधन प्रसाद,सुरेश महतो,निवास प्रसाद,उमेश उंराव,रजी अहमद,मो एहसान,दीपक उंराव,केपी यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शिक्षक अभिभावक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को शिक्षक अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के सफल भविष्य और उत्तम कोटि की शिक्षा पर चर्चा की गयी।इसके साथ साथ अभिभावकों,शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को ईआरपी एप्प को कैसे इस्तेमाल किया जाता है इसका प्रशिक्षण भी दिया गया।इस प्रशिक्षण में अभिभावक,शिक्षक एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन विद्यालय के सभी प्रकार के क्रियाकलाप का गुर सिखाया गया।बाहर से आए प्रशिक्षक ने बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया।इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह की सुविधा युक्त इस क्षेत्र में डीएवी बचरा पहले पायदान पर है।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।



## पिपरवार के बहेरा में मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा मुहर्रम कमिटि और मुहर्रम नवयुवक कमिटि कल्याणपुर के संयुक्त तत्वाधान में मुहर्रम लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान मातमी जुलूस बहेरा अखाड़ा से कल्याणपुर अखाडा तक जुलूस निकाला गया।वापस जुलूस बहेरा मेला टांड आया।इस समारोह के मुख्य अतिथि अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि में टंडवा बीडीओ रंथु महतो,टंडवा इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह,पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार,अवर निरीक्षक रूपेश महतो, टण्डवा मध्य जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव मौजूद थे।मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। जिसके बाद विभिन्न इलाकों से आए टीमों के द्वारा एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का करतब दिखाया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।प्रतियोगिता में यादे हुसैन कमेटी कसियाडीह,हुसैन कमेटी गर्री,यादे हुसैन कण्डाबेर, यादे हुसैन राहम, कुरसे गरीब नवाज लोहरदगा, नवयुवक कमेटी सराढु ने हिस्सा लिया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन सलीम जावेद ने किया।इस मौके पर बहेरा मुखिया रेखा कुमारी,मोहम्मद असलम, हाजी कमालुद्दीन, इस्लाम अंसारी,विद्यापति सिंह, सुभान मियां,अब्दुल अंसारी, आशिक अली,तस्दीक अंसारी,मंजुर आलम, मोहम्मद अली,क्युम अंसारी, इदरीस अंसारी,कुद्दुस अंसारी,शकील अंसारी, जाहिद आलम,हाजी शहनवाज,लियाकत अंसारी, मोहम्मद खुर्शीद,मोहम्मद गुड्डे, शोएब आलम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।



## डाक बंगला परिसर खूंटी में इंडिया गठबंधन की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** डाक बंगला परिसर खूंटी में गठबंधन इण्डिया की बैठक हुई। इस बैठक में दिनाँक 01-08-2023 को मणिपुर की घटना को लेकर आक्रोश प्रदर्शन जिला मुख्यालय में करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कल दिनाँक 01-08-2023 दिन मंगलवार को इण्डिया गठबंधन के बैनर तले मणिपुर में हुए अत्याचार को लेकर, एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रखा गया है। डीज़सीज़ऑफिस के सामने में समय 11 बजे से अधिक से अधिक लोगो से उपस्थित होने का आह्वान किया गया है।इस बैठक में मुख्य रूप से खूंटी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कालीचरण मुंडा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, आरजेडी जिलाध्यक्ष शाहजादा खाँन, झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा स्नेहलता कन्डुलना, केन्द्रीय सदस्य ऊषा धान, मगन मंजीत तिड़ू, मकसूद अंसारी, भोलानाथ लाल, सुशील पाहन, कैसर खाँन, मो? सुहैल अंसारी, नन्हे खाँन, परवेश खाँन, सुनिता गोप, महेंद्र सिंह मुंडा, मौ?जनुएल अहमद, रविकांत मिश्रा, मीनाक्षी तोपनो, सुशील संगा, सयुम अंसारी, पीटर मुन्डु, हेमन्त तोपनो, गुलशन सिंह मुंडा, विजय संगा, गोपाल मुण्डा, अमृत हेमरोम, गोपाल महतो, नरेश तिर्की, विजय कुमार स्वाँसी, छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष डेविड हमसोय, कोषाध्यक्ष सीमा कुमारी, फिरोज अलाम, पौलुस पुर्ती, आदित्य गोप, बिहारी राम, राजेन नायक, प्रकाश नाग मुण्डा, विरेन्द्र सिंह, अफसर खाँन, सुशांति कोनगड़ी, राम प्रधान, मुकेश लकड़ा, सुभाषराम कोनगड़ी, नन्दराम मुण्डा, खूँटी प्रखण्ड प्रमुख सोशल मीडिया प्रभारी संदीप तिड़ू, सोनाराम यादव, सनिका बोदरा, श्याम कुमार मुण्डा, सुदीप गुड़िया, आलोक रितेश डुंगडुंग, नोतरोत पुर्ती, रूबेन तोपनो, जयन्त संगा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पांच परगना शोंडिक संघ की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया की रांची जिला सिल्ली प्रखंड के पतराहातू में पांच परगना सुंडी संघ की बैठक शहीद रघुनाथ महतो +2 विद्यालय पतराहातू ईचाहातू के परिसर स्थित भवन में किया गया।इस बैठक की अगुवाई करने वाले पतराहातू के अरूण साहु जी सेवा निर्वित शिक्षक समाजसेवी ने अपनी अध्यक्षता में पहली बार जमीनी स्तर पर कार्य कर पूरे सुंडी समाज के प्रभावशाली लोगों की बैठक बुलाई थी, जिसमें उत्साह एवम निष्ठा के साथ पतराहातू एवं इचाहातु गांव के सक्रीय पदाधिकारीगण एक साथ पांच परगना सुंडी संघ की बैनर तले बैठक में गर्व महसूस करते हुए दिनाक़ 27 अगस्त को बंसिया बसंतपुर पंचायत सुंडी सम्मेलन तथा दिनाक 24 सितंबर को झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय शोंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में महाजुटान में बड़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी जोरदार तरीके से करने का आह्वान किया। पतराहातू के पांच परगना सुंडी संघ की बैठक में झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवम पांच परगना सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु अपनी सक्रीय साथियों की पूरी टिम के साथ ताकत झोकते हुए राजेश साहु,राजन साहु, अजीत साहु, उपेन साहु, जगबंधु साहु, मनोज साहु, दीपक साहु, ओम प्रकाश गुप्ता,बलराम साहु, बिनोद साहु,श्रीधर साहु जी के साथ पतराहातू में उपस्थित होकर अपनी बातों को रखते हुए संगठन के भावी कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करते हुए घर घर के सुंडी परिवारजनों को 27 अगस्त को बंसिया बसंतपुर पंचायत के कार्यक्रम एवं 24 सितंबर को रांची में होने वाले अखिल भारतीय शोंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में शामिल होने का आह्वान किया।



## इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में संत माईकल +2 स्कूल मुरी के विधार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** संत माईकल +2 स्कूल मुरी में इंटरनेशनल मेथ ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चो ने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए उम्दा प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में वर्ग प्रथम से वर्ग दसवीं तक के बच्चो ने भाग लिया। जिसमें श्रेयस मेहता,सानु कुमार, ईशा मुंडा,किशन कुमार, ईशान कुमार दास,आकाश, कुमार महंती,आलोक दास आदि ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इस मौके पर विद्यालय में पदण हासील उन विद्यार्थीयो को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने उनकी इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य श्री सी. एल प्रजापति ने विद्यालय के सभी गणित पढ़ाने वाले शिक्षको को उनके परिश्रम की सराहना की और कहा कि बच्चों के इस उपलब्धि में सभी शिक्षको का बहुत योगदान है।

## आम्रेश्वर धाम में 30,000 शिवभक्तों ने भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**खूंटी :** मलमास के दूसरे सोमवार को अंगराबाड़ी स्थित आम्रेश्वर घाम में शिवालय का पट खुलते ही धाम परिसर हर-हर महादेव एवं बोल बम के जयघोष से गुंज उठा। जलाभिषेक का क्रम देर शाम तक चला। प्रबंधन समिति,आम्रेश्वर धाम के सौजन्य के अनुसार आज लगभग 30,000 श्रद्धालुओं ने आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक किया। 30 श्रद्धालुओं द्वारा शीघ्र दर्शनम् के तहत भोले शंकर का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक के लिए धाम परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई, जो पंक्तिबद्ध होकर मंदिर का पट खुलने की प्रतिक्षा में खड़े थे। मंदिर का पट खुलते ही आम्रेश्वर धाम परसिर बोल बम के जयघोष से गुंजयमान हो उठा। आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए मुख्य पथ सहित संपर्क मार्गो से होकर श्रद्धालुओं का जत्था पैदल एवं वाहनों में सवार होकर बनई नदी के तट पर पहुंचा।

नदी का जल लेकर श्रद्धालु लगभग चार किलो मीटर पैदल चलकर आम्रेश्वर धाम परिसर पहुंचकर भोले शंकर का जलार्पण किया। साथ ही धाम परिसर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की। रविवार की रात आम्रेश्वर घाम में भगवान शंकर का वैदिक पूजन पद्धति के अनुसार 16 विधियो से श्रृंगार पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चनामृत एवं दूध अभिषेक के पश्चात् भगवान शंकर का श्रृंगार किया गया तथा आरती का आयोजन किया गया। श्रृंगार पूजा कार्यक्रम का एलईडी वैन के माध्यम से लाइव प्रदर्शन किया गया।



## मुंषी प्रेमचंद की रचनाएं समाज का प्रतिबिंब हैं : सिस्टर जयंती

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**खलारी :** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या सिस्टर जयंती द्वारा मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप जलाकर किया गया. उसके बाद विद्यालय की उप प्राचार्या सिस्टर नेली, हिन्दी की वरिष्ठ शिक्षिका मिस अनिमा कांसीर, शिक्षिका सरोज किस्पोटा, मैडम रोजालिया तथा शिक्षक मुकेशकुमार सिंह ने माल्यार्पण किया.कक्षा सात के विद्यार्थियों ने मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा रचित कुछ प्रसिद्ध उपन्यासों के प्रमुख अंशों का वाचन किया गया. कमलजीत ने मुंशी प्रेमचंद का परिचय दिया, आदित्य गोस्वामी व आनंद कुमार ने जीवन परिचय दिया.अनन्य कुमारी ने प्रेमचंद रचित परीक्षा कहानी का वाचन तथा खुशबू कुमारी ने कविता पाठ किया. प्राचार्या सिस्टर जयंती ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेमचंद जैसे साहित्यकार विरले ही पैदा होते हैं. उनकी रचनाएं समाज का प्रतिबिंब हैं. उनके द्वारा रचित उपन्यास और कहानी आज के परिदृश्य में बिल्कुल सही बैठती हैं. प्राचार्या ने विद्यार्थियों से कहा की आज की पीढ़ी पढ़ाई छोड़कर मोबाइल में व्यस्त हो गई है. वे अपना ख़ाली समय ऐसे ही मोबाइल में बिता देते हैं जबकि ऐसे ख़ाली समय का उपयोग साहित्यिक रचनाओं को पढ़ने में करना चाहिए. विद्यालय के पुस्तकालय का भी लाभ लेने कहा.कहा कि विद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की किताबें हैं, जिन्हें समय समय पर इश्यू कराके पढ़ने से ज्ञान वृद्धि तो होती ही है, साथ ही पढ़ने की आदत भी बनती है.मंच संचालन कोमल कुमारी व अदिति कुमारी ने किया.इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे.




### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

**E-Mail – nrepgumla@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 09/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 05.08.2023 10.00 बजे पूर्वाहन से 01.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 07.08.2023 को 01.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 07. 08.2023 को 02.30 बजे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में।
8. कार्य मद :–
9. कार्यो का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Construction of G.C.I. sheet Shed (60'-0"x10'-0") at Indoor Stadium Campus Gumla | 523400.00 | 10500.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:–

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR 303590 NREP(23-24)D



### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)

ई–निविदा सूचना संख्या – 18/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिमरिया | सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत जबड़ा–चतरा राँची पथ पूराना स्वास्थ्य उपकेन्द्र के सामने दुकान निर्माण। | 3682990 | 5000 | 74000 | 09 माह |
| 2 | सिमरिया | सिमरिया अंचल कार्यालय अन्तर्गत सिमरिया–बगरा पथ मत्स्य विभाग कार्यालय के सामने दुकान निर्माण। | 7475100 | 10000 | 150000 | 12 माह |
| 3 | सिमरिया | सिमरिया डाकबंगला परिसर में दुकान निर्माण। | 9116600 | 10000 | 182500 | 12 माह |
| 4 | मयुरहण्ड | मयुरहण्ड में निर्मित दुकान के उपरी तल्ले पर दुकान निर्माण। | 3213400 | 5000 | 64500 | 09 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07/08/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 10.08.2023 से 17.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 18.08.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.303662 District(23-24):D — जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।



### उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
(क्रीड़ा शाखा)

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के निदेश के आलोक में जिला प्रशासन, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) के अवसर पर झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023, 09 एवं 10 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें पुरूष एवं महिला वर्ग के लिए एथलेटिक्स अन्तर्गत 100 मी०, 200मी० दौड, 400मी० दौड, 4 गुणा 400 मी० रिले दौड़, 4 गुणा 100 मी० रिले दौड़, तीरंदाजी इंडियन राउंड 30 मी०, 50 मी० स्पर्धा, हॉकी एवं फुटबॉल का आयोजन किया जायगा।

1. विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त 2023) के अवसर पर जिले में खेलों का होगा भव्य आयोजन।
2. पुरूष एवं महिला वर्ग के लिए फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक्स खेल का होगा आयोजन।
3. विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि उपलब्ध कराया जाएगा।

**पुरस्कार राशि**

**फुटबॉल** – पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग राशि :–
विजता – 21000 रू०
उपविजेता – 15000 रू०
तृतीय स्थान – 11000 रू०

**हॉकी** – पुरूष एवं महिला के लिए अलग–अलग राशि :–
विजता – 21000 रू०
उपविजेता – 15000 रू०
तृतीय स्थान – 11000 रू०

**एथलेटिक्स** –पुरूष एवं महिला के लिए प्रति स्पर्धा अलग–अलग राशि :–
प्रथम स्थान – 5000 रू०
द्वितीय स्थान – 3000 रू०
तृतीय स्थान – 2000 रू०

**तीरंदाजी** – पुरूष एवं महिला के लिए प्रति स्पर्धा अलग–अलग राशि :–
प्रथम स्थान – 5000 रू०
द्वितीय स्थान – 3000 रू०
तृतीय स्थान – 2000 रू०

**नियम एवं शर्तें :– अहर्ता**

1. इन खेल प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के गुमला जिले के ओपन (कोई आयु सीमा नहीं) खिलाड़ी भाग लेगे।
2. भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट के मूल एवं छायाप्रति के साथ जिला खेल कार्यालय, गुमला में दिनांक 05 अगस्त 2023 अप० 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। इसके लिए कोई इंट्री फीस नहीं देनी होगी।

नोट :– टीम गेम, रिले रेस हेतु एंट्री प्रत्येक टीम के नाम से होगी।

1. फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों की कुल संख्या अलग–अलग 16–16 होगी एवं रिले दौड़ में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सं० 04–04 होगी।

नोट :– खेल में भाग लेने हेतु प्रयोग में आने वाले जर्सी, बूट, जूता आदि स्वयं का लाना होगा।

1. तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरूष तथा महिला खिलाड़ियों को स्वयं के द्वारा इंडियन राउंड तीर धनुष लाना अनिवार्य होगा।
2. निर्धारित तिथि तक निबंधन नहीं कराने वाले टीमों तथा खिलाड़ियों के नामों पर विचार नहीं किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा सभी खेलों के मैच फिक्सर 08 अगस्त तक जारी कर दिया जायेगा।
3. सभी खेलों के आयोजन सम्बंधित फेडरेशन के नियमानुसार आयोजित होंगे।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी,
गुमला।

PR 303600 (District) 23-24 (D)



### जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

**'पशुपालकों के लिए आम सूचना'**

प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास), धुर्वा, राँची के पत्रांक– 326 दिनांक– 25.07.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में लातेहार जिला के लिए राज्य के अन्दर निःशुल्क दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। इच्छुक दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वंय सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डल के सदस्य प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र) प्राप्त कर सकते है। उक्त आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी पूर्ण रूप से भरकर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा करवाकर एवं पहचान पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), एक पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम के बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति जिसमें खाता संख्या एवं IFSC कोड सुस्पष्ट हो, जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में जमा करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा, तक आने–जाने का मार्ग व्यय (रेल/बस भाड़ा) स्वयं वहन करना है, जिसकी प्रतिपूर्ति प्रशिक्षण सत्र के बाद उक्त संस्था द्वारा निर्धारित व्यय की राशि एवं दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रू० प्रतिदिन के दर से आवेदक के बैंक खाता के माध्यम से सीधे भुगतान कर दी जायेगी। आवेदक द्वारा भरे हुए अनुशंसित आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र) जमा करने के उपरान्त हीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जायगा।

| क्र० | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | | | | | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | OSP (सामान्य) | | | TSP (अ०ज०जा०) | | | SCSP (अ०जा०) | | | |
| | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 14.08.2023 से 20.08.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 15 | 35 | 02 | 02 | 04 | 39 |
| 2 | 05.09.2023 से 11.05.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 3 | 26.09.2023 से 02.10.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 4 | 10.10.2023 से 16.10.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 5 | 07.11.2023 से 13.11.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 6 | 28.11.2023 से 04.12.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 7 | 19.12.2023 से 25.12.2023 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 8 | 16.01.2024 से 22.01.2024 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 9 | 30.01.2024 से 05.02.2024 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| 10 | 13.02.2024 से 19.02.2024 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 01 | 03 | 33 |
| 11 | 27.02.2024 से 04.03.2024 तक | 0 | 0 | 0 | 20 | 10 | 30 | 02 | 02 | 04 | 34 |
| | कुल योग :– | 0 | 0 | 0 | 220 | 115 | 335 | 22 | 18 | 40 | 375 |

**पशुपालकों का चयन निम्नवर्णित अर्हता के अनुरूप किया जायेगा :–**

1. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के वित्तीय वर्ष– 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 को योजना से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।
2. आवेदक संबंधित जिले के स्थायी निवासी एवं साक्षर पशुपालक हों जिनकी न्युनतम उम्र 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र 55 वर्ष हो।
2. दुधारू मवेशी पालन करते है या करने के इच्छुक है एवं पूर्व के विगत तीन वर्षो में संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किये हो।
3. झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्य क्षेत्र/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/सरकार के द्वारा विशिष्ट योजनाओं के लिए चयनित ग्राम के पशुपालकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
4. प्रशिणार्थियों को प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वंय वहन करना होगा जिसकी प्रतिपूर्त्ति प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची के द्वारा प्रशिक्षण उपरांत एवं दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रू० प्रतिदिन के दर से उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा।
5. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता पासबुक की मूलप्रति प्रशिक्षण में अपने साथ लेकर जाना अनिवार्य होगा।
6. महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार।

PR.NO.303599 Animal Husbandry(23-24):D

## एक्सआईटीई कॉलेज में लोयला दिवस मनाया गया



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया में लोयला दिवस मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज के छात्रों द्वारा एक जीवंत और आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम सेंट इग्नाटियस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर प्रार्थना की गई। तत्पश्चात अतिथि जेसुइट फादर्स और ब्रदर्स का स्वागत किया गया। इस मौके पर कॉलेज के छात्रों द्वारा एक उनके जीवन पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति की गई जिसमें सेंट इग्नाटियस के जीवन के कुछ महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाया गया। अंत मे छात्र प्रतिनिधि अंशू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर डॉ पार्था प्रिय दास, प्रो अमित, प्रो निश्चित सिंह, प्रो शैलेश दुबे, प्रो सुष्मिता सेन, डॉ राजेश राणा डॉ प्रमोद कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार सिंह, डॉ दादा महाली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राधा महाली का अहम योगदान रहा।

## कुचाई के सामुडीह में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ संपन्न



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत अंतर्गत सामुडीह गांव के फुटबॉल मैदान में यूनिक स्टार क्लब की ओर आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि अनूप सिंह देव मुखिया राम सोय उपस्थित थे। फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच अंडर-17 नलिता एवं जितेंद्र ब्रदर्स सांकोडीह के बीच खेला गया। जिसमें अंडर 17 नलिता की टीम ने पेनाल्टी 2-1 से विजेता रही। विजेता टीम अंडर 17 नलिता को पच्चीस हजार व उपविजेता रहे जितेंद्र ब्रदर्स सांकोडीह की टीम को 18 हजार रूपये नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से तिलोपदा पंचायत के मुखिया राम सोय,कमेटी के अध्यक्ष रामलाल सोय,मंगल सोय,जामुदा सोय,श्यामलाल सोय,अमृत सोय,जय प्रकाश गागराई,विरेंद्र सोय,राहुल सोय,विरसा सोय,सुखराम सोय,सामु सोय, आदि उपस्थित थे।

## हॉकी ऐस फाउंडेशन के 7 कैडेट सब-जूनियर इंडिया कैंप के लिए चयनित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हॉकी ऐस फाउंडेशन द्वारा संचालित अकादमियों के सात प्रतिभाशाली कैडेटों को प्रतिष्ठित सब-जूनियर इंडिया कैंप के लिए चुना गया है, जो 21 से 30 अगस्त, 2023 तक राउरकेला में आयोजित होगा। ये युवा एथलीट हॉकी ऐस फाउंडेशन द्वारा संचालित दो अकादमियों से हैं- जमशेदपुर में नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए), और भुवनेश्वर में ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर (ओएनटीएचपीसी)। हॉकी ऐस फाउंडेशन को टाटा ट्रस्ट और टाटा स्टील द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है। शिविर में अपना स्थान सुरक्षित करने वाले सात असाधारण कैडेट में रोहित तिर्की, रोहित प्रधान, घूरन लोहरा, प्रदीप मंडल, योजिन मिंज, रोहित कुल्लू और सुरेश शर्मा है। हॉकी ऐस फाउंडेशन के चेयरमैन चाणक्य चौधरी ने कहा, हमें खुशी है कि हमारे सात प्रतिभाशाली कैडेटों को सब-जूनियर इंडिया कैंप के लिए चुना गया है। यह उपलब्धि हमारे कोचों और कैडेटों दोनों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाती है। हम उन्हें आगामी शिविर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## भाजपा नेता की स्कॉर्पियो को हाइवा ने मारा धक्का, भाजपाइयों ने किया सड़क जाम



**आदित्यपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला में मां रेस्टोरेंट के सामने मुख्य मार्ग पर भाजपा नेता गणेश महाली की स्कॉर्पियो को हाइवा ने ठोक कर क्षतिग्रस्त कर दिया. इससे गुस्साए भाजपाइयों ने घंटों सड़क जाम कर दिया. जाम करने में भाजपा नेता उदय सिंहदेव, गणेश महाली, रमेश हांसदा आदि शामिल थे.।घटना सोमवार दोपहर करीब 3~30 बजे की है. सड़क जाम की सूचना पाकर एसपी डॉ विमल कुमार मौके पर पहुंचे और भाजपा नेताओं को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर जाम हटवाया. तब कहीं जाकर मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू हुआ है.

# सहायक आचार्य नियुक्ति में उर्दू, संस्कृत, ओड़िया, बंगला को मातृभाषा की श्रेणी में रखा जाए : उर्दू शिक्षक संघ

### शिक्षक नियुक्ति अधिसूचना में वांछित त्रुटिओं का किया जाय सुधार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखण्ड राज्य उर्दू शिक्षक संघ झारखण्ड प्रदेश कमेटी की बैठक महासचिव अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई, जिसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सहायक अध्यापक नियुक्ति के लिए निकाले गये विज्ञापन में ऊर्दू, बंगला, ओड़िया एव संस्कृत को मातृ भाषा के प्रथम पत्र में शामिल नहीं किये जाने का विरोध किया गया। इस संदर्भ में निर्णय लिया गया कि राज्य के मुख्यमंत्री समेत अन्य संबंधित अधिकारियों को मांगपत्र सौंप कर मामले से अवगत कराया जायेगा। महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति के लिए निकाले गये विज्ञापन में मातृभाषा के चयन में बड़ी त्रुटि सामने आई है। परीक्षा के पत्र-1 में उर्दू, बंगला, संस्कृत एवं उड़िया को शामिल नहीं किया गया है। इससे विभिन्न प्रकार की कठिनाईयाँ आवेदकों के समक्ष उत्पन्न हो रही है। उपरोक्त चारों भाषाओं को मातृभाषा के तौर पर परीक्षा में रखने वाले विद्यार्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की गई कि बिहार से प्राप्त 4401 उर्दू शिक्षकों (योजना मद) का पद प्राप्त हुए जिसमें अबतक झारखंड में वर्ष 2014 में जैक द्वारा कुल 689 उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति योजना मद में हुई, जो वर्तमान में गैर योजना मद में परिवर्तित हो चुका है। शेष रिक्ति 3712 पदों पर उर्दू शिक्षकों की बहाली अविलंब की जाए। वर्ष 2016 में भाषा शिक्षकों की नियुक्ति स्नातक प्रशिक्षित भाषा शिक्षक के पद पर की गई। जिसमें उर्दू शिक्षकों के लिए कोई अलग से पद स्वीकृत नहीं था, बल्कि जिनका इंटर में उर्दू और अंग्रेजी विषय था, वैसे चयनित शिक्षकों को उर्दू मध्य विद्यालयों में पोस्टिंग करने का आदेश जारी किया गया था। इसकी पुनरावृति नहीं की जाए। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26000 सहायक आचार्य के पदों पर नियुक्ति करने का सर्कुलर जारी किया गया है। जिसमें पेपर- द्य में कुल 11 मातृभाषाओं को शामिल किया गया है, लेकिन इसमें उर्दू, संस्कृत, ओड़िया और बांग्ला को मातृभाषा के रूप में नहीं रखा गया है, जबकि मातृभाषा 100 अंकों का पेपर है। जिसमें उत्तीर्ण होना आवश्यक है, इसलिए उर्दू सहित संस्कृत, बांग्ला एवं ओड़िया को भी पेपर - 1 में शामिल किया जाए। पेपर-2 में उर्दू, संस्कृत, ओड़िया, बांग्ला को रखा गया है, ऐसे में जिनका मैट्रिक परीक्षा में उक्त विषय मातृभाषा के रूप में था, वे इस सहायक आचार्य के परीक्षा से वंचित रह जायेंगें। इसी तरह नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत पूर्व से टेट पास अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति की अहर्ता रखते हैं और वे सहायक शिक्षक के पात्र हैं, यह उनके टेट प्रमाण पत्र में उल्लेखित है, जिनकी नियुक्ति वर्षो से लंबित है। ऐसे में टेट पास अभ्यर्थियों की नियुक्ति किये बिना सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति की अधिसूचना जारी करना असंवैधानिक है, क्योंकि जैक द्वारा टेट सफल उम्मीदवारों का 2016 के पश्चात अब तक नियुक्ति नहीं की गई है। इससे टेट पास अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के योग्य नहीं होंगें। इस गलती को सुधारा जाए। नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2022 में सहायक शिक्षक के पद 4600 ग्रेड पे को खत्म कर सहायक आचार्य के पद 2400 ग्रेड पे में किये जाने की अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें उर्दू शिक्षकों का एक भी पद घोषित नहीं किया गया है, इसलिए पूर्व के तरह दिये गये आरक्षण के तहत कुल रिक्ति के विरुद्ध 10 प्रतिशत पदों का आरक्षण उर्दू शिक्षकों के लिए किया जाय। उक्त बैठक में मुख्यरूप से अध्यक्ष अब्दुल माजिद, उपाध्यक्ष नाज़िम अशरफ, साबिर अहमद, प्रदेश प्रवक्ता शहज़ाद अनवर, मक़सूद जफर हादी, मो0 फखरूद्दीन, डॉ वकील रिजवी, गुलाम अहमद, शाहिद अनवर, जिला अध्यक्ष राकिम अहसन, एनामुल् हक़, तौहीद आलम, मुफ़ीद आलम, मो0 शहाबुद्दीन, डॉ0 इम्तियाज आलम, असदउज्जमा, शमीम अंसारी, अब्दुल गफ्फार, मो0 नसीमुद्दीन, मोशाहीदा अंजुम, आईरा नसीम, साकिर करीम, अब्दुल बारीक आदि शामिल थे।

## इंडिया का पैदल मार्च व धरना प्रदर्शन को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पूरा मणिपुर राज्य विगत 3 मई 2023 से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। बावजूद इसके हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक रही तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है। मंगलवार को इंडिया के तत्वाधान में सभी घटक दलों द्वारा सुबह 11~30 बजे प सिंहभूम जिला मुख्यालय शहीद पार्क चौक, चाईबासा से पैदल मार्च निकाल कर गांधी मैदान चाईबासा में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद खादी - भंडार - सदर थाना- पोस्ट ऑफिस - घंटा घर - कोर्ट - सदर अनुमंडल कार्यालय, चाईबासा के समक्ष पहुँचेगा जहाँ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त प.सिंहभूम सौपा जाएगा । जिसके पूर्व सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास के नेतृत्व में तैयारियों को लेकर बैठक की गई। कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय के द्वारा विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है । बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारियों में त्रिशानु राय , जितेन्द्र नाथ ओझा , दिकु सावैयां , मो.सलीम , मोहन सिंह हेम्ब्रम , संतोष सिन्हा , राकेश सिंह , विक्रमादित्य सुंडी , जगमोहन जोंको , सिंगराय गोप , सुशील कुमार दास , ब्रज मोहन देवगम आदि शामिल थे ।

## मणिपुर घटना के विरोध में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष इंडिया गठबंधन का धरना प्रदर्शन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मणिपुर नरसंहार एवं माता बहनों के चीरहरण अत्याचार के खिलाफ में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू जिला स्तरीय तैयारी समिति का आपात बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आयोजित की गई। जिसमें प्रस्ताव पारित किया गया कि विशाल धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन इंडिया गठबंधन दल के संयुक्त तत्वावधान में 1 अगस्त मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सुबह 11:00 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ता को शामिल होना अनिवार्य की गई है। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्तागण हाथ में तख्ती, बैनर, झण्डा के साथ उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन में हिस्सा लें। इंडिया गठबंधन दल के सदस्यों को भी धरना-प्रदर्शन में शामिल होने हेतू निमंत्रण करें। तैयारी समिति के बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, ब्रजेन्द्र तिवारी, राज किशोर यादव, संजय सिंह आजाद, गुरदीप सिंह, जसवंत सिंह जस्सी,रंजीत सिंह, सनातन भकत, रामलाल प्रसाद पासवान, अशोक सिंह, अंसार खान, हरेंद्र मिश्र, नलिनी सिन्हा अध्यक्ष महिला कांग्रेस, पप्पू शुक्ल, प्रमोद मिश्र, मुन्ना मिश्र, आशीष ठाकुर, अतुल गुप्ता, धर्मा राव, ज्योति मिश्र, रीता शर्मा, रानी राव, कमर रजा खान, कमलेश कुमार, अली रजा खान, बबन शुक्ल, कैलाश रजक, राजीव मिश्र, राजा ओझा, सत्येन्द्र कुमार शर्मा, शैलेंद्र सिंह, रंजीत झा, कुमार गौरव, सन्नी सिंह, धीरज कुमार सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## पुड़ीहेंसा उत्क्रमित मध्य विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ

**ईचागढ़ :** जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पुड़ीहेंसा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया। अज्ञात चोरों ने रविवार को विद्यालय के किचन में रखे अंडा, मशाला, बर्तन आदि को चोरी कर लिया गया। वहीं विद्यालय के एफएलएम किट, विज्ञान किट सहित कई समानों को ताला तोड़कर लेकर रफुचक्कर हो गया। घटना की सुचना मिलते ही सोमवार को मुखिया संगीता देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे और घटना का जानकारी ली। वहीं प्रधानाध्यापक ने थाना में भी लिखित सुचना दर्ज किया गया है। मालुम हो कि इसके पूर्व में भी विद्यालय में दो बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

## सुरभि शाखा के सावन उत्सव में अंजु को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार, मनीषा बनी सावन क्वीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राजस्थानी संस्कृति को बचाये रखने और उसे बढ़ावा देने को लेकर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा साकची स्थित होटल यशवी इंटरनेशनल में आयोजित राजस्थान रो सावन उत्सव में रंग-बिरंगी राजस्थानी ड्रेस में मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने राजस्थानी गीतों पर झूमती-थिकरतीं सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर राजस्थानी थीम पर सोलो डांस, युगल डांस, राजस्थानी वेशभूषा, सावन क्वीन, मारवाड़ी गीत, ओपेन धमाल आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया। राजस्थानी वेशभूषा में मनीषा संघी सावन क्वीन बनी। साथ ही उत्सव में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से अंजु चेतानी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका कृष्णा पोददार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन नागेलिया उपस्थित थी। इससे पहले सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजना अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णाय मंडली में क्रमशः ममता मुरारका, प्रभा पाड़िया एवं सरोज अग्रवाल शामिल थी। इसे सफल बनाने में

## 14 लाख की लागत से राखा-दिगडी मुख्य पथ पर बनी पुलिया 3 महीने में हुई जर्जर, जांच की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** 14 लाख का लागत से राखा- दिगडी मुख्य पथ पर बनी पुलिया तीन महीने भी नही टिकी। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी इस पुलिया की जांच की मांग की है ताकि पुलिया निर्माण में हुई लूट का खुलासा हो सके। इस बाबत ग्रामीणों ने कहा कि

मुसाबनी-हाता मुख्य सड़क पर राखा के पास स्थित दिगड़ी चाप नाला पर बना पुल जर्जर हो गया है।जिसकी तीन महीने पूर्व 14 लाख की लागत से पथ निर्माण विभाग,पूर्वी सिंहभूम द्वारा जीर्णोद्धार किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि राशि गबन करने को लेकर ही इस पुल के जीर्णोधार का ठेका निकाला व घटिया निर्माण कर पैसे को बंदरबाट की गई । निर्माण के तीन महीने में ही पुल के ऊपर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं, पुल में लगा छड़ उखड़कर अपनी दुर्दशा व भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है।

## दो दिवसीय स्टेट कराटे चैंपियनशिप में पश्चिमी सिंहभूम बना उपविजेता



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेआरडी टाटा के 119वीं जयंती पर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में दो दिवसीय झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में टाटा स्टील कराटे ट्रेनिंग सेंटर के चीफ कोच सिहान नागेश्वर राव की टीम 40 अंक प्राप्त कर चैंपियन रही, वहीं पश्चिमी सिंहभूम की टीम 36 अंक लेकर उपविजेता बनी। इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड सरकार के खेल निदेशक आईपीएस सरोजिनी लाकड़ा ने शिरकत की। जिनके हाथों विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिला कराटे एसोसिएशन के महासचिव गौस खान ने कहा कि आज के इस दौर में कराटे की कला बचपन से ही सभी बच्चों को सीखनी चाहिए खासकर बच्चियों को कराटे पर ज्यादा फोकस देना चाहिए। विजेता खिलाड़ियों के नाम, कुमिते में सुनीता बोरुमा प्रथम स्थान ,लक्ष्मी अंगरिया तृतीय स्थान ,हीरा मुन्नी खड़ाइत तृतीय स्थान, रायवती बहंदा तृतीय स्थान, जीशान खान तृतीय स्थान, काता में - अनारा माझी द्वितीय स्थान, संगीता उरांव प्रथम स्थान, सौरभ दास प्रथम स्थान हैप्पी सेनापती प्रथम स्थान ,अतुल मिश्रा द्वितीय स्थान, नीता मुखी द्वितीय स्थान, राखी श्रीनाग तृतीय स्थान ,आनेवा कुमारी तृतीय स्थान, अनवेबा मिश्रा तृतीय स्थान आदि।

इस दौरान मौके पर टाटा स्टील खेल विभाग के प्रमुख मुकुल विनायक चौधरी, चीफ कोच सिंहान नागेश्वर राव ,हेमंत गुप्ता, आनंद मैनेस अस्मिता दोरजी ,डॉक्टर हसन इमाम मलिक, हरेंद्र सिंह, पश्चिमी सिंहभूम के सिंहान सुमित सेनापति ,जिला कराटे एसोसिएशन के महासचिव गौस खान, कराटे कोच सेंसाई सुबोध कारवां , सेंसई लाल मोहनदास ,सेंसई सोमनाथ गोसाई , सेंसई शिव सोरेन, सेंसई सुष्मिता महतो, सेंसई सोमवारी हेमरोम आदि सदस्य उपस्थित थे।

## सरायकेला के नए डीटीओ शंकराचार्य सामड ने पदभार ग्रहण किया



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिले के नए जिला परिवहन पदाधिकारी शंकराचार्य सामड ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश कुमार रंजन ने उन्हें पदभार सौंपा। इसी जिले के नीमडीह प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी शंकराचार्य सामड को प्रोन्नति देते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी बनाया गया है। कार्मिक विभाग द्वारा उन्हें अगले आदेश तक सरायकेला खरसावां जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। मौके पर उन्होंने कहा कि वे विभाग द्वारा दिए गए दिशानिर्देश का अनुपालन करते हुए जिला परिवहन कार्यालय के कार्य को सुचारू रूप से चलाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## कुणाल की पहल पर मॉडल स्कूल के छुटे हुए छात्रों के लिए आयोजित होगी विशेष परीक्षा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के धालभूमगढ के मॉडल विद्यालय के वर्ग 9 में अध्ययनरत 17 छात्र छात्राओं का पंजीकरण नहीं होने के कारण ये विद्यार्थी वर्ग 9 की वार्षिक परीक्षा 2023 से वंचित रह गए थे। कुछ दिनों पहले अभिभावको ने कुणाल षडंगी के साथ नरसिंहगढ में बैठक की थी। कुणाल ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से फोन पर बात कर समस्या के समाधान का आग्रह किया था। आज उनके आदेश पर राज्य के शिक्षा सचिव के रवि कुमार के साथ उन छात्र छात्राओं के कुछ अभिभावकों व भाजपा जिला मंत्री अजय साहा की उपस्थिति में कुणाल षडंगी ने रांची स्थित शिक्षा विभाग के सचिव कार्यालय में वार्ता की। वार्ता के तुरंत बाद शिक्षा सचिव ने झारखंड अधिविद्य परिषद के अध्यक्ष को इन छुटे हुए छात्र छात्राओं के लिए अगस्त महीने में ही पंजीकरण व विशेष परीक्षा आयोजित करवाने का आदेश दिया। वहीं अभिभावकों और छात्र छात्राओं नें कुणाल षडंगी, मुख्य सचिव व शिक्षा सचिव का आभार जताया।

## नीलाचल आयरन कंपनी ने कांड्रा पुलिस को सौंपा, 50 बैरिकेडिंग पोस्ट

**गम्हरिया :** जिले में बढती सड़क दुर्घटना को देख नीलाचल आयरन एंड पावर कंपनी ने सीएसआर के तहत कांड्रा पुलिस को 50 सड़क सुरक्षा उपकरण (बैरिकेडिंग पोस्ट) सौंपा।




इसका उपयोग स्थानीय पुलिस सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन करवाने में इस्तेमाल करेगी। एक समारोह में एसपी समेत पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कंपनी के जीएम जीडी बाजपेई ने इन्हें पुलिस को सौंपा। कंपनी के इस प्रयास की एसपी डॉ विमल कुमार ने सराहना की और कहा इसका इस्तेमाल जिले के सभी दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने जिले के अन्य स्वयंसेवी संगठनों से भी इस तरह के प्रयास करने की अपील की है। इसमें कंपनी के एचआर हेड रवि सिंह, विजय साहू, सीएसआर के विकास चौधरी, कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

# मुस्लिम लीग के मंसूबे

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष और मुख्य चेहरे राहुल गांधी जिस मुस्लिम लीग को पूरी तरह से सेक्युलर पार्टी बताते हैं, उसी मुस्लिम लीग ने केरल में एक जुलूस निकालकर हिन्दुओं को नरसंहार की धमकी दी है। लेकिन अभी तक राहुल गांधी तो क्या किसी भी कांग्रेसी ने मुस्लिम लीग की, उसके खतरनाक मंसूबों के लिए आलोचना नहीं की है। मुस्लिम संगठनों के समाज विरोधी बयानों पर कांग्रेस की यह चुप्पी क्या कहती है? मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप से बढ़कर कांग्रेस की जो हिंदू विरोधी छवि बनी है, उसके पीछे इसी प्रकार की चुप्पी और प्रोत्साहन है। जब विदेश की धरती से राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग का बचाव किया और कहा कि मुस्लिम लीग में सांप्रदायिकता जैसा कुछ नहीं है तो देश की जनता हैरान रह गई थी। कोई कितने भी प्रयास कर ले मुस्लिम लीग को सर्वसमावेशी और सेकुलर पार्टी/विचार सिद्ध नहीं किया जा सकता। मुस्लिम लीग का इतिहास ही नहीं, वर्तमान भी उन सभी दावों को झुठला देता है। समान नागरिक संहिता के विरोध में निकाले गए जुलूस में मुस्लिम लीग ने नेताओं ने भड़काऊ नारेबाजी की। 'तुम्हें तुम्हारे ही मंदिरों में लटका देंगे, तुम्हें जिंदा जला देंगे', हिंदुओं के विरोध में इस तरह के नारे उस जुलूस में लगाए गए। किसी को हैरानी नहीं होगी कि कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान में इस तरह के विचार/मंसूबे रखनेवाले राजनीतिक दल बने रहेंगे। टुकड़े–टुकड़े गैंग से लेकर हिंदुओं को उनके मंदिर में लटकाने का इरादा पालकर बैठे लोग/पार्टी आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल हैं। भारत का हिंदू समाज कैसे इस बात पर भरोसा करे कि गठबंधन का नाम बदलकर रखने से उसमें शामिल राजनीतिक दलों की नीयत, नीति और विचार बदल जायेंगे। उल्लेखनीय है कि केरल में हुए मोपला नरसंहार को दो साल पहले ही 100 वर्ष पूरे हुए हैं। देश अभी तक भूला नहीं है कि खिलाफत आंदोलन में मुस्लिम समाज का सहयोग करने की क्या कीमत हिंदुओं को चुकानी पड़ी थी। यह भी सबको याद है कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में कट्टरपंथी तत्वों ने किस प्रकार का अराजक वातावरण बनाया था। जबकि नागरिकता संशोधन कानून का तो किसी भी प्रकार से मुसलमानों पर प्रभाव नहीं पड़ता था। समान नागरिक संहिता भी मुसलमानों के विरुद्ध नहीं हैं। यह समझना मुश्किल हो रहा है कि क्यों इस कानून का विरोध किया जा रहा है? केरल में मुस्लिम लीग ने एक तरह से हिंदुओं को भयाक्रांत करने का प्रयास किया है। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद ने उचित ही आपत्ति दर्ज कराई है। विहिप ने पूछा है कि मंदिरों में हिन्दुओं को फांसी देने की धमकी देने वाले क्या मोपलाओं के द्वारा किए गए नरसंहार को दोहराना चाहते हैं? इसका उत्तर उन सबको देना चाहिए जो मुस्लिम लीग को सेकुलर होने का प्रमाण पत्र दे रहे थे। यह भी ध्यान देने की बात है कि छोटी–छोटी बातों को आधार बनाकर हिंदू संगठनों की छवि खराब करने के सुनियोजित उद्देश्य से हमलावर रहनेवाले समूह इस्लामिक आक्रामकता पर सदैव चुप्पी साध लेते हैं। हिन्दुओं की धार्मिक यात्राओं पर, हमले किए जा रहे हैं, कांवड़ यात्राएं हों या रामनवमी की शोभा यात्रायें इन पर हमले किए गए हैं। प्रतिदिन देश में कहीं न कहीं से किसी न किसी जिहादी के द्वारा हिन्दू समाज के ऊपर हमले होते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन तथाकथित सेकुलर समूहों ने इन सब हिंसक/सांप्रदायिक गतिविधियों की निंदा नहीं की है। बहरहाल, इस प्रकार की घटनाएं समाज को इस सच से अवगत करा देती हैं कि वास्तव में कौन सामाजिक सद्भाव और सांप्रदायिक सौहार्द को लेकर ईमानदार है और कौन राजनीति/वैचारिक ढोंग करता है।

> मुस्लिम संगठनों के समाज विरोधी बयानों पर कांग्रेस की यह चुप्पी क्या कहती है? मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप से बढ़कर कांग्रेस की जो हिंदू विरोधी छवि बनी है, उसके पीछे इसी प्रकार की चुप्पी और प्रोत्साहन है। जब विदेश की धरती से राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग का बचाव किया और कहा कि मुस्लिम लीग में सांप्रदायिकता जैसा कुछ नहीं है तो देश की जनता हैरान रह गई थी। कोई कितने भी प्रयास कर ले मुस्लिम लीग को सर्वसमावेशी और सेकुलर पार्टी/विचार सिद्ध नहीं किया जा सकता। मुस्लिम लीग का इतिहास ही नहीं, वर्तमान भी उन सभी दावों को झुठला देता है। समान नागरिक संहिता के विरोध में निकाले गए जुलूस में मुस्लिम लीग ने नेताओं ने भड़काऊ नारेबाजी की। 'तुम्हें तुम्हारे ही मंदिरों में लटका देंगे, तुम्हें जिंदा जला देंगे', हिंदुओं के विरोध में इस तरह के नारे उस जुलूस में लगाए गए। किसी को हैरानी नहीं होगी कि कांग्रेस की मुहब्बत की दुकान में इस तरह के विचार/मंसूबे रखनेवाले राजनीतिक दल बने रहेंगे। टुकड़े–टुकड़े गैंग से लेकर हिंदुओं को उनके मंदिर में लटकाने का इरादा पालकर बैठे लोग/पार्टी आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल हैं। भारत का हिंदू समाज कैसे इस बात पर भरोसा करे कि गठबंधन का नाम बदलकर रखने से उसमें शामिल राजनीतिक दलों की नीयत, नीति और विचार बदल जायेंगे।

## कुछ अलग

# दोषियों को मिले सजा

**मणिपुर** में सरकार के कुछ हालिया कदम गौर करने लायक हैं। दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड और उनके साथ गैंगरेप के चर्चित मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। यहां यह बात गौर करने लायक होगी कि इस जांच में क्या निकलता है और दोषियों को सजा होती है या नहीं। दरअसल, देश ने कई ऐसे मामले देखे हैं, जहां ऐसी जांच का कोई नतीजा ही नहीं निकला। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए हलफनामे में कहा है कि राज्य में तमाम विक्टिम्स को साइकॉलजिकल, मेडिकल और लीगल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिस तरह से यह मामला विडियो वायरल होने के बाद ही सबके संज्ञान में आया और राज्य सरकार की हर तरफ किरकिरी हुई, उसके मद्देनजर अब सभी पुलिस थानों के लिए यह अनिवार्य बना दिया गया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आएं उनकी सूचना पुलिस महानिदेशक (DGP) को दी जाए। इसके अलावा केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से यह अनुरोध भी किया है कि इस मुकदमे को दूसरे राज्य में ट्रांसफर कर दिया जाए ताकि सही माहौल में इसकी सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। सरकार का यह भी कहना है कि हालात पहले के मुकाबले काफी सुधरे हैं और 18 जुलाई के बाद से किसी हिंसक घटना में मौत की खबर नहीं है। हालांकि इन कदमों के मद्देनजर अब सरकार पर कुछ न करने का आरोप नहीं लगाया जा सकता, लेकिन उसके इन कदमों की अहमियत नापने की तीन बड़ी कसौटियां आज की तारीख में बनती हैं। पहली तो यह कि राज्य के हालात यहां से आगे किस तरह के रहते हैं। अगर वहां शांति कायम रहती है और गोलीबारी की जिन छिटपुट घटनाओं की रिपोर्ट आ रही है वे भी रुक जाती हैं, लोग धीरे-धीरे घरों में सामान्य जीवन बिताने लगते हैं तो इन कदमों की सार्थकता मानी जा सकती है। दूसरी बड़ी कसौटी सुप्रीम कोर्ट है। चूंकि वायरल विडियो सामने आते ही सुप्रीम कोर्ट ने इसका स्वतःसंज्ञान लेते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई को कहा और आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य तमाम कदम उसके बाद उठाए गए, इसलिए सही हो या गलत, पर यह आम धारणा बनी कि सरकार के इन कदमों के पीछे वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ही है। सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को इन तमाम कदमों की जानकारी दे दी है। ऐसे में देखना होगा कि वह इनसे कितना आश्वस्त होता है। सरकार के इन कदमों की तीसरी सबसे बड़ी कसौटी सामान्य तौर पर देश की संसद ही होती क्योंकि संसद का मॉनसून सत्र अभी चल रहा है। लेकिन दुर्भाग्यवश सत्र के चलते हुए भी संसद एक तरह से ठप है। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार हो जाने के बाद अब मणिपुर पर विस्तृत चर्चा भी तय हो चुकी है और प्रधानमंत्री का इस पर बयान आना भी निश्चित हो गया है। इसके बावजूद संसद में चर्चा के बजाय हंगामा, बॉयकॉट और स्थगन ही देखने को मिल रहा है, जिसे किसी भी रूप में सही ठहराना मुश्किल है।




## चीन हिंद महासागर में अंतरराष्ट्रीय नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहा है

# आसमानी रक्षा में बड़ी भारत की वायु-शक्ति

प्रमोद भार्गव

> भारत की रक्षा क्रय परिषद विमानों और पनडुब्बियों की खरीद को मंजूरी दे चुकी है।दूसरी तरफ फ्रांसीसी एयर स्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ती में कहा है कि फ्रांसीसी सरकार के साथ अंतर सरकारी समझौते के तहत भारतीय नौसेना के लिए संबंधित सहायक उपकरण, हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर पार्ट्स, चालक दल प्रशिक्षण के साथ राफेल समुद्री क्षेत्र में दुश्मन की टोह लेने वाले विमानों की खरीद को मंजूरी दी है।भारत सरकार यह सौदा बड़ी सर्तकता और समझदारी से लेने के मूड में है,जिससे आमचुनाव में इसे विपक्ष को मुद्दा बनाकर उछालने की कोई गुंजाइश ही न रह जाए ।क्योंकि फ्रांस से 2016 में जिन 36 राफेल विमानों का सौदा हुआ था, उस पर कांग्रेस व अन्य विपक्षों दलों ने विवाद खड़ा करने की बहुत कोशिश की थी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की दो दिनी फ्रांस यात्रा सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। भारतीय नौसेना को उन्नत लड़ाकू विमानों 26 राफेल-एम (मैरी टाइम) और नौ सेना को तीन स्कार्पीन पनडुब्बी से सक्षम बनाने के नजरिए से खरीद के सौदे दोनों देशों की समीतियों ने तो तय कर लिए हैं,लेकिन खरीद की कीमत,तकनीक और व्यापारिक शर्तें अभी अंतिम रूप नहीं ले पाई हैं। इसलिए इस सौदे के पूर्ण होने में अभी वक्त लगेगा। हालांकि भारत की रक्षा क्रय परिषद विमानों और पनडुब्बियों की खरीद को मंजूरी दे चुकी है। दूसरी तरफ फ्रांसीसी एयर स्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ती में कहा है कि फ्रांसीसी सरकार के साथ अंतर सरकारी समझौते के तहत भारतीय नौसेना के लिए संबंधित सहायक उपकरण, हथियार, सिम्युलेटर, स्पेयर पार्ट्स, चालक दल प्रशिक्षण के साथ राफेल समुद्री क्षेत्र में दुश्मन की टोह लेने वाले विमानों की खरीद को मंजूरी दी है। भारत सरकार यह सौदा बड़ी सर्तकता और समझदारी से लेने के मूड में है,जिससे आमचुनाव में इसे विपक्ष को मुद्दा बनाकर उछालने की कोई गुंजाइश ही न रह जाए ।क्योंकि फ्रांस से 2016 में जिन 36 राफेल विमानों का सौदा हुआ था, उस पर कांग्रेस व अन्य विपक्षों दलों ने विवाद खड़ा करने की बहुत कोशिश की थी। अतएव भारत ने राफेल-एम विमान का पहले सफल परीक्षण किया। जब यह विमान भारतीय नौसेना के परिचालन संबंधी आवश्यकताओं पर पूरी तरह से खरा उतरा तब इसकी खरीद को मंजूरी दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और फ्रांस इस साल रणनीतिक साझेदारी की रजत जयंती मना रहे हैं। इस साझेदारी के चलते दोनों देशों के बीच ढाई दशक में रक्षा, विज्ञान, प्रौधोगिकी के साथ संस्कृति के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ा है। फ्रांस 2017 से 2021 के बीच भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा रक्षा संबंधी उपकरण आपूर्तिकर्ता देश रहा है। हालांकि भारत ने सबसे ज्यादा हथियार अमेरिका से खरीदे हैं ।सब कुल मिलाकर भारत आसमानी रक्षा क्षेत्र में अत्यंत शक्तिशाली देश बनता जा रहा है। यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों के हिसाब से ही विकसित किया गया है। इसमें वे सभी आधुनिकतम समुद्री प्रणालियां संलग्न हैं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसके समुद्री जल में भीतर चलने वाले उपकरणों का सुराग लगाया जा सकता है। इससे युद्धपोतों के अलावा पनडुब्बियों का पता लगाने के लिए भी उच्च तकनीकि क्षमता के रडार भी लगे हुए हैं। इन विमानों को नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। यह विमान पुराने विमान मिग-29 का ठोस विकल्प साबित



होगा। ऐसे विमानों की तलाश में भारत लंबे समय से था। क्योंकि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन नाजायज वर्चस्व बढ़ाने में लगा है। फ्रांस भी चीन की इस बढ़ती आक्रामकता से चिंतित था। क्योंकि चीन हिंद महासागर में अंतरराष्ट्रीय नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। जबकि फ्रांस की मंशा इस सागर को खुले और समावेशी क्षेत्र के रूप में सुरक्षित बनाए रखना है। एक तरह से इन विमानों का सौदा चीन की मनमानी के विरुद्ध भारत और फ्रांस की साझा रणनीति का हिस्सा भी बनेगा। हालांकि इन विमानों की पहली खेप आने में तीन साल का इंतजार करना होगा, क्योंकि एक साल तक तो तकनीकी और लागत संबंधी औपचारिकताएं ही पूरी होंगी। बावजूद विशेषज्ञों का कहना है कि राफेल की यह खरीद इसलिए उचित है, क्योंकि भारतीय वायुसेना राफेल के रख-रखाव से संबंधित अधोसंरचना तैयार कर चुकी है। यही नौसेना के काम आ जाएगी। इससे धन की बचत होगी। फ्रांस से कुल 26 राफेल-एम विमान खरीदे जाएंगे। इनकी प्रति विमान कीमत 5.5 अरब डॉलर अर्थात 45,000 करोड़ रुपए है। अभी कीमत को अंतिम रूप दिए जाने के लिए कीमत घटाने के और प्रयास किए जा रहे हैं ।ये विमान उसी डॉसल्ट कंपनी से खरीदे गए हैं, जिससे 2016 में 36 राफेल विमान खरीदे गए थे। यह खरीद विवादित रहते हुए लोकसभा में भी चर्चित रही थी। जबकि अब इन विमानों की आपूर्ति के बाद भारत की रक्षा शक्ति बढ़ी है। राफेल-एम के सौदे में यह भी तय है कि भारत पेरिस में अपने दूतावास में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) का कार्यालय स्थापित करेगा। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा क्षेत्र में बढ़ते सहयोग के दौरान यह काफी अहम उपलब्धि है। यही नहीं भारत और फ्रांस अन्य देशों के फायदे के लिए अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों का सह-विकास और सह-उत्पादन करेगा। इसके लिए दोनों देश रक्षा औद्योगिक सहयोग पर एक रोडमैप अपनाने की दिश में भी काम कर रहे हैं। भारत सरकार पिछले चार साल से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना पर विचार कर रही थी। दो साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ-ए-18 सुपर हार्नेट और फ्रांसीसी राफेल-एम में से किसी एक को चुनने की प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया था। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में दोनों विमानों के परीक्षण किए। इनकी खूबियों और खामियों को लेकर गंभीर अध्यन कर एक रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के बाद भारतीय रक्षा विषेशज्ञों ने राफेल-एम को आईएनएस विक्रांत की जरूरतों के अनुकूल पाया, जबकि बोइंग एफ-ए 18 को लेकर विषेशज्ञों के बीच एक राय नहीं बन पाई। इसलिए राफेल एम खरीदने का रास्ता खुल गया। यह विमान 15.27 मीटर लंबा और 10.80 मीटर चैड़ा है। इसकी ऊंचाई 5.34 मीटर है। इसका कुल वजन 10,600 किलोग्राम है। यह 1912 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरेगा। 3700 किमी के व्यास में यह 50,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। चूंकि यह विमान पोत से उड़ान भरते हैं, इसलिए इनमें ऊंची और लंबी छलांग लगाने की क्षमता के लिए ताकतवर इंजन होना चाहिए। क्योंकि पोत पर विमान को छोटे मार्ग से उछाल मारकर उड़ान भरनी होती है। ये सब खूबियां इस विमान में हैं। याद रहे देश की रक्षा ताकत बढ़ाने की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में फ्रांस यात्रा के दौरान फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन से ही 36 राफेल जंगी जहाजों का सौदा किया था। यह सौदा अर्से से अधर में लटका था। इस सौदे को अंजाम तक पहुंचाने की पहल ने वायु सैनिकों को संजीवनी देकर उनका आत्मबल मजबूत करने का काम किया है। फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे हुई बातचीत के बाद यह सौदा अंतिम रुप ले पाया था। इस लिहाज से इस सौंदे के दो फायदे देखने में आए थे। एक ये युद्धक विमान जल्दी से जल्दी हमारी वायुसेना के जहाजी बेड़े में शामिल हो गए। दूसरे, इस खरीद में कहीं भी दलाली की कोई गुंजाइश नहीं रह गई थी, क्योंकि सौदे को दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने सीधे संवाद के जरिए अंतिम रूप दिया था। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह और रक्षा मंत्री एके एंटनी की साख ईमानदार जरूर थी, लेकिन ऐसी ईमानदारी का क्या मतलब, जो जरूरी रक्षा हथियारों को खरीदने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाए ? जबकि ईमानदारी तो व्यक्ति को साहसी बनाने का काम करती है। हालांकि रक्षा उपकरणों की खरीदी से अनेक किंतु-परंतु जुड़े होते हैं, सो इस खरीद से भी जुड़ गए थे, लेकिन कोई कमी सामने नहीं आई। भारतीय सेना के लिए लड़ाकू विमानों की खरीद इसलिए जरूरी थी, क्योंकि हमारे लड़ाकू बेड़े में शामिल ज्यादातर विमान पुराने होने के कारण जर्जर हालत में हैं। अनेक विमानों की उड़ान अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद उनका इस्तेमाल किया जाता रहा है।

# मणिपुर के आईने में भारतीय राष्ट्रवाद और इतिहास का सबसे बड़ा संकट

> हजारों की संख्या में हथियार और लाखों कारतूस संघर्षरत समुदायों के हाथ में पहुंच चुके हैं ।अब इस आग की लपटें मिजोरम तक पहुंचने लगी हैं । इतने संवेदनशील हालात के बाद भी केंद्र और राज्य सरकारों का रवैए पर कई लोग सवाल उठा रहे हैं ।जब वह भयावह वीडियो वायरल हुआ तो प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोड़ी, लेकिन इसके बाद मणिपुर के मुद्दे को सभी राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से ढंकने की कोशिशें शुरू हो गईं । दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मणिपुर में अब कोई "बीच का रास्ता" रह ही नहीं गया है । विभिन्न समुदाय अपने रुख को ज्यादा से ज्यादा कट्टर बनाते जा रहे हैं । नागरिक समाज का विलोप हो चुका है और दो संघर्षरत समुदायों के बीच बातचीत–समझौते के लिए अनिवार्य नैतिक प्रतिष्ठा राजनीतिक दल खो चुके हैं।

**लगभग** तीन महीने से जातीय हिंसा में झुलस रहे मणिपुर में महिलाओं के साथ बर्बरता का एक वीडियो देख पूरा देश सन्न रह गया। जिन महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया, उनमें एक महिला फौजी की पत्नी है, जिसने कारगिल में युद्ध लड़ा था। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी सैकड़ों घटनाएं हुई हैं। मणिपुर में जारी हिंसा में लगभग 155 लोग मारे जा चुके हैं। करीब 60,000 लोग बेघर हो गए हैं। 5000 से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हुई हैं। राज्य भर में थाने लूटे गए हैं। हजारों की संख्या में हथियार और लाखों कारतूस संघर्षरत समुदायों के हाथ में पहुंच चुके हैं। अब इस आग की लपटें मिजोरम तक पहुंचने लगी हैं। इतने संवेदनशील हालात के बाद भी केंद्र और राज्य सरकारों का रवैए पर कई लोग सवाल उठा रहे हैं। जब वह भयावह वीडियो वायरल हुआ तो प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोड़ी, लेकिन इसके बाद मणिपुर के मुद्दे को सभी राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से ढंकने की कोशिशें शुरू हो गईं। दुर्भाग्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मणिपुर में अब कोई "बीच का रास्ता" रह ही नहीं गया है। विभिन्न समुदाय अपने रुख को ज्यादा से ज्यादा कट्टर बनाते जा रहे हैं। नागरिक समाज का विलोप हो चुका है और दो संघर्षरत समुदायों के बीच बातचीत-समझौते के लिए अनिवार्य नैतिक प्रतिष्ठा राजनीतिक दल खो चुके हैं। इस बीच राहुल गांधी का मणिपुर दौरा काफी अहम था। उनके दौरे को पीड़ित समुदायों के घावों पर मलहम लगाने के प्रयास के तौर पर देखा जा सकता है। भारत एक महादेश है। यह अपने अंदर पूर्वोत्तर से लेकर सुदूर दक्षिण तक भौगोलिक, भाषाई, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्तर पर स्थानीय अस्मिता की भावनाएं समेटे है। ये भावनाएं किसी समुदाय की पहचान, बोली, भाषा, धार्मिकता या संस्कृति से जुड़ी हो सकती हैं। इनकी अभिव्यक्ति अपने-अपने तरीके से होती है। कभी संगठन बनाकर, कभी अलग झंडों के जरिये या कभी सत्ता और संपत्तियों में सुरक्षित, उचित भागीदारी पाकर। ये अस्मिताएं मिलकर अखिल भारतीय अस्मिता के साथ जुड़ती हैं। इन्हीं पहचानों, इन्हीं अभिव्यक्तिओं से या कहें कि इन्हीं तमाम स्थानीय उप-राष्ट्रीयताओं से मिलकर अखिल भारतीय राष्ट्रीयता बनती है। भारत राष्ट्र का काम है इन सभी स्थानीय राष्ट्रीयताओं को भारतीय राष्ट्रवाद की बड़ी छतरी के नीचे लाना और उन्हें यह भरोसा देना कि हम सब मिलकर एक हैं। यह एक नाजुक काम है। इसमें दूरंदेशी, उदारता, गहरी समझ और बड़े भविष्य का खाका बनाने की क्षमता होनी चाहिए। यह चलताऊ तौर से नहीं किया जा सकता। इसे चुनावी लाभ या आर्थिक लाभ मात्र के दृष्टिकोण से किया जाना घातक हो सकता है। यहां समझने की जरूरत है कि राजनीतिक विचारधाराएं विभिन्न भारतीय अस्मिताओं को किस नजरिए से देखती हैं। हजारों वर्षों की सघन सामाजिक प्रक्रिया में पैदा हुई इन भारतीय अस्मिताओं को यदि चुनावी फायदे के लिए एक जरिया, एक औजार, 'टूल' मानकर राजनीतिक दल या सरकारें चलेंगी तो परिणाम मणिपुर जैसे ही आएंगे। चुनावी लाभ और सत्ता के लिए भाजपा-आरएसएस ने हमेशा से भारतीय राष्ट्रवाद के महासागर को एक संकीर्ण रूप में दिखाने की कोशिश की है। सत्य यह है कि महान विविधताओं से भरे हमारे भारत देश, जहां संस्कृति, परंपरा और विभिन्न एथनिक समुदाय आपस में, एक दूसरे में गड्डमड्ड हैं, को आरएसएस के 'हिंदू-गैर हिंदू' नजरिए से देखने का परिणाम यही होगा कि अन्य अस्मिताएं ऐसे ही सरलीकृत ढंग से इसे आजमाने लगेंगी। जाहिराना भाजपा देश के अंदर मौजूद स्थानीय अस्मिताओं और उप राष्ट्रीयताओं को सुरक्षा और अपनेपन का भाव देने में असफल हो गई और इसका भारतीय समाज के हर एक समुदाय पर दूरगामी असर पड़ा है। सबसे बड़ी बात भाजपानीत केंद्र सरकार की इस बदली हुई भूमिका, संकीर्ण और आक्रामक राष्ट्रवाद के चलते तमाम छोटी-छोटी एथनिक, सांस्कृतिक, धार्मिक अस्मिताएं मजबूर होकर अपनी-अपनी पहचानों को लेकर और कट्टर हो गईं और किसी अनहोनी के लिए अपने को तैयार करने लगीं। मणिपुर का मौजूदा हाल बताता है कि चुनावी स्वार्थ वश किसी भी वर्ग/धर्म/कौम विशेष के खिलाफ चलाया गया कोई भी राजनीतिक अभियान अंत में भस्मासुर ही बनता है, क्योंकि धीरे-धीरे यह संकीर्ण नजरिया ही आपकी सोच बन जाता है। पिछले कुछ सालों से भारत के संघीय ढांचे पर लगातार हमला हो रहा है। धर्म, भाषा और संस्कृति के आधार पर राज्य प्रायोजित विभाजन और हमले किए जा रहे हैं। मणिपुर, भारत के संघीय ढांचे पर हो रहे हमले का पहला पीड़ित है। गौरतलब है कि पूर्वी भारत में ही वंदे मातरम और जन गण मन की रचना हुई। पूर्वी भारत से नवजागरण की शुरुआत हुई। पूर्वी भारत ही हमारे राष्ट्रीय आंदोलन का प्रमुख केंद्र बना। जिस पूर्वी भारत से भारतीय राष्ट्रवाद का उदय हुआ था, आज उसी पूर्वी भारत में उसे चुनौती मिल रही है। भारतीय राष्ट्रवाद आज वाकई इतिहास के सबसे बड़े संकट का सामना कर रहा है।

## नागरिक बोध

# 'इंडिया बनाम भारत': लड़ाई लादी हुई और अंतर्निहित पहचान की

**जैसा** कि लग रहा था इंडिया बनाम भारत की बहस असली मुद्दों पर से जनता का ध्यान हटाने में लग गई है। कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल सभी दलों को लग रहा है कि 'इंडिया' नामकरण के साथ ही उन्होंने चुनावी मैराथन का पहला पड़ाव जीत लिया है क्योंकि भाजपा के पास 'इंडिया' का विरोध करने के दो ही तरीके हैं, या तो उसे बदनाम करें या फिर खुद को इंडिया से अलग कर लें। भाजपा के लिए दूसरा विकल्प इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि कल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडिया शब्द प्यारा था। मसलन 'मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, इंडिया फर्स्ट वगैरह'। इनमें भारत कहीं नहीं था, क्योंकि भारत शब्द में वो कुलीन भाव नहीं आता, जो 'इंडिया' में आता है। लेकिन यह 'इंडिया' भी तो 'भारत' में से ही बनना है। इसलिए विपक्ष ने शाब्दिक फुटबॉल में यही शब्द अपने पाले में डाल लिया है। अब दोनो ही इसकी अपने-अपने ढंग से व्याख्या करने और एक दूसरे की व्याख्या को फिजूल ठहराने में लगे हैं। 'इंडिया' के बहाने अगले लोकसभा चुनाव में अपनी राजनीतिक अस्मिता बचाने को लेकर जारी इस बहस में उस भारत की न्यूनतम रूचि है, जो आज भी सही मायनों में 'अच्छे दिनों' की आस में जी रहा है। इस हजारों साल पुराने देश के नामकरण को लेकर एक द्वंद्व हमेशा से रहा है। यह द्वंद्व अपने प्राचीन नाम भारत को धारण किए रखने अथवा न रखने तथा 'इंडिया' जैसा नाम विदेशियों द्वारा दिए गए, लेकिन अब दुनिया भर में प्रचलित हो चुके नाम को ही अपनी पहचान मान लेने का है। समूचा देश इस अंतर्द्वंद्व में 75 सालों से जी रहा है। इसकी सहज व्याख्या यह है कि जब ये देश 'यस सर' कहता है तो इंडिया होता है और 'जब वो बड़ों के पैर छू रहा होता है तो 'भारत' होता है। या यूं कहे कि 'इंडिया' के आवरण में एक 'भारत' सदियों से जी रहा है। यही सवाल हमारे पूर्वज संविधान निर्माताओं के सामने भी रहा होगा। इसलिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 की धारा 1 में ही स्पष्ट तौर पर लिखा है कि 'भारत अर्थात इंडिया राज्यों का संघ होगा ( मूल अंग्रेजी में इंडिया दैट इज भारत शैल बी अ यूनियन ऑफ स्टेट्स )। इसका अर्थ यह है कि संविधान निर्माताओं में भी इस बात पर एकमत नहीं था कि इस देश को 'इंडिया' कहा जाए या फिर 'भारत।' लिहाजा बीच का रास्ता निकाला गया कि इस प्राचीन देश के दोनों ही नाम आधिकारिक रूप से स्वीकार किए जाएं यानी प्राचीनतम नाम भारत और अर्वाचीन नाम 'इंडिया।' लेकिन इसी से एक ही देश में 'दो देश' होने को अवधारणात्मक स्वीकृति मिली कि एक है- इंडिया और जिसकी अपनी सोच, दृष्टि और आग्रह है तथा दूसरा है- भारत जिसकी अपनी कल्पना, इतिहास बोध अंतर्विरोध और समस्याएं हैं। वैसे भारत का आजादी के बाद तीसरा और आधिकारिक नाम 'भारत का गणराज्य' यानी( रिपब्लिक आफ इंडिया ) है। इस प्राचीन देश के यूं तो कई नाम हैं, लेकिन भारत सर्वाधिक स्वीकार्य है लेकिन भारत में आने वाले विदेशियों तथा बाहरी हमलावरों के समय समय पर भारत को अलग अलग नाम दिए, जिसमें भारत की सांस्कृतिक पहचान से ज्यादा उसकी भौगोलिक पहचान को तवज्जो दी गई। वैदिक काल में भारत आर्यावर्त था, जो पुराण काल तक आते-आते भारत अथवा भारत वर्ष हो गया। इसलिए विश्व के सबसे पुराने महाकाव्यों में से एक 'महाभारत' का नाम भी भारत में होने वाला महा धर्मयुद्ध बनाकर रखा गया। इसके लिए कई जगह जम्बूद्वीप नाम का भी उल्लेख मिलता है। हिंदू धार्मिक कर्मकांड में इसी शब्द का प्रयोग होता है लेकिन इससे हटकर ज्ञात इतिहास को देखें तो जब भारत का संपर्क अन्य सभ्यताओं और संस्कृतियों से होता है तो वो भारत को अलग- अलग नामों से पुकारने लगते हैं। ज्यादातर ने भारत की पहचान पश्चिम एशिया से बाकी देश को अलग करने वाली सिंधु नदी को ध्यान में रखकर की है।

## देश दुनीया से

# पाकिस्तान में चुनावों पर टिकीं उम्मीदें, अस्थिरता खत्म करने का यही बचा है

> राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा एक कार्यवाहक सरकार नियुक्त की जाएगी, जो चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार होगी। हालांकि इन चुनावों के 'स्वतंत्र और निष्पक्ष' होने में संदेह है, क्योंकि इन पर सेना और बाहरी ताकतों का असर होना निश्चित है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा पाकिस्तान को एक अरब डॉलर का ऋण स्वीकृत करने का फैसला व्यापक उथल-पुथल वाले इस देश को आर्थिक आपदा से बाहर निकाल सकता है। अगर यह कर्ज न मिलता, तो भारी वित्तीय संकट के बीच चुनाव के बारे में सोचना नामुमकिन होता। इससे पहले शर्तों का पालन करने में इस्लामाबाद की असमर्थता की वजह से आईएमएफ ने बेलआउट पैकेज रोक दिया था।

**पाकिस्तान** में लोकतंत्र को बनाए रखने की दिशा में उम्मीद की किरण साफ दिखने लगी है। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्पष्ट एलान किया है कि पाकिस्तान में नवंबर में आम चुनाव होंगे। अगर ऐसा होता है, तो इससे न सिर्फ वहां लोकतंत्र की रक्षा हो सकेगी, बल्कि वहां चल रहे कई संघर्षों का भी अंत हो सकेगा, जिसमें एक तरफ सर्वोच्च न्यायालय और शरीफ सरकार, तो दूसरी तरफ राष्ट्रपति और सरकार के बीच सीधा टकराव शामिल है। गौरतलब है कि वर्तमान संसद का कार्यकाल आगामी 12 अगस्त को समाप्त हो रहा है। संसदीय चुनावों की तारीख जल्द ही पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा घोषित की जाएगी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा एक कार्यवाहक सरकार नियुक्त की जाएगी, जो चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार होगी। हालांकि इन चुनावों के 'स्वतंत्र और निष्पक्ष' होने में संदेह है, क्योंकि इन पर सेना और बाहरी ताकतों का असर होना निश्चित है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा पाकिस्तान को एक अरब डॉलर का ऋण स्वीकृत करने का फैसला व्यापक उथल-पुथल वाले इस देश को आर्थिक आपदा से बाहर निकाल सकता है। अगर यह कर्ज न मिलता, तो भारी वित्तीय संकट के बीच चुनाव के बारे में सोचना नामुमकिन होता। इससे पहले शर्तों का पालन करने में इस्लामाबाद की असमर्थता की वजह से आईएमएफ ने बेलआउट पैकेज रोक दिया था। गौरतलब है कि यह 2019 में पाकिस्तान को मिले छह अरब डॉलर (5.34 अरब यूरो) के विशाल बेलआउट पैकेज का हिस्सा है, जिसके साथ आईएमएफ की काफी जटिल शर्तें जुड़ी हुई हैं। स्थापित मानदंडों और पाकिस्तान के घरेलू मामलों में सेना के प्रभुत्व की दशकों पुरानी प्रथा के मुताबिक ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ संसदीय चुनाव जीतने के लिए सेना प्रमुख असीम मुनीर पर निर्भर रहेंगे। इससे पहले भी ऐसा देखा गया था, जब पूर्व सैन्य प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने 2018 में अपने पसंदीदा इमरान खान को पाकिस्तान के 22वें प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन बाद में उनका अलग होना ही इमरान खान के पतन की वजह बना। हालांकि फिलहाल युद्ध की रेखाएं खींच दी गई हैं और इमरान खान को सत्ता से बाहर रखने की पटकथा भी स्पष्ट है। नौ मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों द्वारा सेना मुख्यालय पर किए गए हमले के आरोप के बाद उनसे छुटकारा पाने में कोई मुश्किल नहीं आने वाली है। इसे शक्तिशाली पाकिस्तानी सेना के इतिहास में काला दिन बताया गया था। किसी अन्य मामले के आधार पर भी इमरान को अयोग्य ठहराया जा सकता है और इसमें चुनाव आयोग की बड़ी भूमिका होगी। दूसरी ओर, इससे जनरल मुनीर आहत-अपमानित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के गठन के बाद से किसी भी राजनेता ने सेना पर हमला करने की हिम्मत नहीं की है। सेना को अपना वर्चस्व फिर से स्थापित करने के लिए एक और 'कठपुतली' सरकार की जरूरत है और इमरान की लोकप्रियता इसमें आड़े आ सकती है। वर्तमान प्रधानमंत्री के बड़े भाई और तीन बार प्रधानमंत्री, मुस्लिम लीग (एन) के नेता नवाज शरीफ का पाकिस्तान के भावी राजनीतिक खेल का हिस्सा बनने के लिए लंदन से लौटना तय है। शरीफ बंधुओं द्वारा इमरान खान की पार्टी के खिलाफ भारत विरोधी कार्ड खेलने की भी आशंका है।

# झोलाछाप ने दो गर्भवती महिलाओं का किया ऑपरेशन दोनों नवजात की मौत के खबर पर उपायुक्त सख्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** अवैध नर्सिंग होम के संचालन पर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की गई है।मीडिया के माध्यम से जानकारी मिला था कि कुंदा प्रखंड क्षेत्र में ममता नर्सिंग होम के नाम से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। इसमें महिलाओं को प्रसव हेतु एडमिट किया जाता है एवं प्रसव के दौरान अलग अलग तिथि में दो मृत बच्चे के जन्म की घटना सामने आई है। यह खबर मिलने के पश्चात उपायुक्त अबु इमरान सिविल सर्जन चतरा को जांच कर जल्द से जल्द नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा क्लिनिकल इस्टेबलीस्टमेन्ट एक्ट का उलंघन करने वाले व अवैध रूप से जिले में संचालित नर्सिंग होम के ऊपर करी से करी कार्रवाई करें। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी प्रतापपुर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदा द्वारा जांच की गई। जांच के पश्चात कुंदा प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेस कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 24.07.2023 को मानती देवी पति- ब्रजेश गंझू उम्र 20 वर्ष एंव दिनांक 25.07.2023 को किरण देवी पति- विश्वनाथ गंझू उम्र 28 वर्ष दोनो ग्राम- हेसातू थाना- कुन्दा के रहने वाली हैं इन दोनो महिलाओं को प्रसव कराने के नाम पर एडमिट किया गया था। प्रसव हेतु मानती देवी का ऑपरेशन 24.07.2023 को किया गया था जिसमें मृत बच्चे मृत्य का जन्म हुआ था। वहीं किरण देवी का ऑपरेशन 25.07.2023 को किया गया और इनका भी बच्चा मृत्य जन्म लिया था। जांच के क्रम में पता चला है कि ममता नर्सिंग होम झारखंड क्लिनिकल इस्टेबलीस्टमेन्ट एक्ट के तहत किसी प्रकार से निबंधित नही है। अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालक व झोलाछाप डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव के ऊपर कुंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है और नियमानुसार आगे की भी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद पांडे, एटीएम मो शमीम ने किया। उपस्थित किसानों से बीडीओ सह सीओ कुमारी ने कृषि संबंधित जानकारी लिया।वहीं सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के मद्देनजर मोटे अनाजों के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को एटीएम शमीम के द्वारा धान के साथ-साथ अन्य फसल जैसे मोटे अनाज मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी, मडुआ,आदि के खेती करने का सुझाव दिया। साथ ही किसानों को प्रोत्साहित करते हुए प्रखंड का नाम कृषि के क्षेत्र में हमेशा ऊंचा रखने के लिए किसानों को नई तकनीकी अपनाकर कृषि पैदावार बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अधिक किसानों को लाभ मिले इसके लिए ग्राम स्तर से किसानों को किसान मित्र के माध्यम से किसान गोष्ठी तथा प्रशिक्षण दिलाकर जागरूक करते हुए सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पहुचाने का अस्वाशन दिया। वहीं किसानों ने श्री विधि के माध्यम से सभी फसलों को करने का संकल्प लिया।

# किसानों के बीच ट्रॉली युक्त सोलर मोटर पंप का वितरण



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा बाजार स्थित न्यू मार्केट में सोमवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास की उपस्थिति में कृषि विभाग के द्वारा टंडवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बीच ट्रॉली युक्त सोलर मोटर पंप सेट का वितरण किया गया। इस दौरान टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कुल बाइस किसानों को सोलर मोटर पंप सेट का लाभ मिला है। वितरण समारोह में उपस्थित विधायक श्री दास ने किसानों से कहा कि यह सोलर मोटर पंप सेट से पानी पटावन में अत्यधिक सहूलियत किसानों को मिलेगी। साथ ही साथ किसानों को कम परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, इसके अलावा आसपास के लगभग 10 से 15 किसान इस सिंचाई व्यवस्था से लाभान्वित हो सकेंगे। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवम् जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे, गणेश गुप्ता, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, कृषक नारायण महतो, जगदीश महतो, महेंद्र महतो, समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# चतरा को चारागाह नहीं बनने देंगे : राजकिशोर कमल



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ पिंकू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 1962 से लेकर 2019 तक चतरा में बाहरी सांसद का राज्य चला मगर चतरा की जनता ऐसा नहीं होने देगी यह मन बना चुके हैं लोकसभा हो या विधानसभा चतरा के धरती का ही प्रत्याशी को चतरा की जनता अपना समर्थन देगी अभी तक बहुत सारे प्रत्याशी दावा करते आ रहे हैं कल के खबर में अशोक गहलोत जैसे नेता जो पार्टी छोड़ गए थे उन्हें चुनाव लड़ने के लिए फिर दोबारा उसी पार्टी में चले आए है। चतरा में बहुत सारे पासवान बिरादरी के लोग हैं चुनाव लड़ने के लिए रांची से चतरा विधानसभा कर चुनाव लड़ना यह एक आश्चर्य जनक है। अब चतरा की जनता जाग चुकी है अब चतरा के स्थानीय लोग ही जनप्रतिनिधि बनेंगे।

# गिद्धौर के युवक ने मुंबई में किया समिति का गठन, लोगों ने बनाया अध्यक्ष प्रखंड वासियों ने किया अभिनंदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखण्ड के जाने-माने युवक प्रेम राणा ने मुंबई में विश्वकर्मा सेवा समिति का एक अति महत्वपूर्ण बैठक अंधेरी ईस्ट में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष रामजीवन राणा के अध्यक्षता में करवाई। बैठक की प्रारंभ में ही समिति के उपस्थित तमाम सदस्यों एवं पदाधिकारियों के सर्व सहमति से मुंबई के लिए एक कार्यवाहक अध्यक्ष के लिए प्रेम राणा को सर्व समिति से चयन किया गया।बैठक की चर्चा में प्रमुख रूप से समिति के सभी सदस्यों के हित तथा उनके आर्थिक सुदृढ़ता को मजबूत बनाने हेतु आपसी सहयोगात्मक ऋङ्कस्र बचत योजना को प्रभावी रूप से अगस्त माह से प्रारंभ करने एवं व्यापक रूप से संकल्प लिया गया। बैठक में समिति के सभी सदस्यों के भविष्य का उनके सेहत का ध्यान रखते हुए जेनरल इंश्योरेंस व मेडिक्लेम इंश्योरेंस करने पर सार्थक विचार विमर्श हुआ। एवं उसे साकार करने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुंबई से लगभग पचास लोग उपस्थित हुए।मुंबई समिति कार्यवाहक अध्यक्ष के चयनित होने के बाद इन्हें गर्व महसूस है इन्होंने समिति को वचन देता पूरी कर्मठता के साथ मिले हुए पद का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस कार्य को सुन प्रखंड वासियों ने खूब प्रशंसा की है एवं शुभकामनाएं भेजे हैं। बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष संजय शर्मा राष्ट्रीय सचिव कामदेव राणा सलाहकार महेंद्र राणा राष्ट्रीय सचिव राम स्वरूप राणा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुरेश राणा महाराष्ट्र प्रदेश सचिव गणेश राणा रंजीत राणा महेश गाना दिलीप राणा मुकेश राणा अशोक राणा रवि राणा राजेश राणा नवीन राणा अनुज राणा सीताराम राणा बसंत राणा लाल बहादुर शर्मा सुखदेव शर्मा राजू राणा सुरेंद्र राणा विश्वकर्मा समाज के कई गन्यमान व्यक्ति उपस्थित थे।

# मुहर्रम के अवसर पर अखाड़ा दलो ने दिखाएं हैरत अंगेज कारनामे, मुहर्रम कमिटी ने दलों को किया सम्मानित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** मोहर्रम के मौके पर लावालौंग चौक पर मोहर्रम अखाड़ा कमेटी के द्वारा लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई खिलाड़ियों ने अखाड़े दलों ने अपनी हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए भागीदारी निभाई इस दौरान या अली या हुसैन के नारों से पूरा लावालौंग गुंजायमान रहा। अखाड़ा में लाठी, डंडा, भाला, तलवार आदि से हैरतअंगेज कारनामे दिखाए, साथ ही साथ भारत की आन बान शान तिरंगे के साथ करतब दिखाते हुए तिरंगे को सलामी देने का कार्य किया गया जिसको देखते ही हर किसी का मन मोहित हो गया। प्रखण्ड क्षेत्र के कोलकोले, ठाकुरडीह, नवाडीह, मंधनिया, कोची, हेडुम में अपने अपने अखाड़ों में करतब दिखाते हुए लोगों को मन मोह लिया। मौके पर प्रशासन की ओर से एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई रोहित कुमार, रामाशीस शुक्ला, लावालौंग मुखिया नेमन भारती, छुरूरू पार्टी के नेत्री प्रतीमा देवी, बालविकास के डायरेक्टर मो0 शमीम, अखाड़े के अध्यक्ष ,सचिव, कोषाधक्ष के साथ साथ कमिटी के मो0 हसीब, तोहिद, जफरुद्दीन, मुजीब, मो0 नौसद, मो एजाजुल, मुमताज, जमीर अंसारी, शमीम, आलम, नजबुल्लाह, तजमुल अंसारी, नाजिर, मिस्टर, असरफ, इजहार, साहेब, एलफाज, मो0 साबिर के अलावे सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# बेतला मुखिया मंजू देवी ने युवाओं को फुटबॉल देकर किया हौसला अफजाई

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला मुखिया मंजू देवी के सौजन्य से सोमवार को पंचायत सचिवालय परिसर में स्थानीय युवाओं को खेल प्रेमियों खिलाड़ियों को फुटबॉल देकर किया रवाना मौके पर मुखिया ने कहीं की खेल के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को आगे बढ़ने तथा खेल खेलने मानसिक और शारीरिक विकास होता है।खेल की खेल भावना से खेले और आगे बढ़े अपने पंचायत के साथ -साथ अपने प्रखंड जिला का नाम रौशन करे। मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, वार्ड सदस्य जमुना सिंह, ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी, दरोगा सिंह, आवास मित्र उमेश कुमार बैठा समेत कई लोग मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर पंचायत स्तिथ सुईयाटोला में सोमवार को करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुन्ना उराँव 30वर्ष पिता सुकरा उराँव ग्राम सुईयाटोला, झाबर खेत में काम करने जा रहा था। इसी दौरान बिजली के झूलते तार की चपेट में वह आ गया । और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सुरेश राम ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# आखिर यह कैसा डिजिटल युग!

# डिजिटल युग में भी अंधेरे में रहने को विवश ग्रामीण, ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** विभागीय उदासीनता के कारण कुन्दा प्रखंड क्षेत्र के सरजामातु गांव में पिछले कई वर्षो से बिजली बाधित है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफर लगने के बाद से खराब पड़ा है। उक्त गाँव में लगभग 100 घरों के परिवार निवाश करते है, ग्रामीण कई बार विभाग से ट्रांसफर लगाने की मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया।गांव में बिजली ना होने के कारण से आधुनिक युग में भी लोग ढिबरी युग में जीने को विवश है जिसके कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण अवधेश कुमार, चंदन यादव, सुरेश कुमार, सूरज यादव, संजय यादव, सिंटू भारती, सतीश कुमार समेत अन्य ने बताया की विभाग को कई बार बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निवेदन की गई है, फिर भी विभाग बेखबर बना हुआ है।वही बिजली बाधित रहने के कारण पूरा गांव अंधेरे में रहने को विवश है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त गांव में बिजली दुरुस्त कर बहाल करने का निवेदन किया है।

# हंटरगंज सीओ के सेवानिवृत्त के उपरांत दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड के अंचलाधिकारी श्री मिथिलेश कुमार के सेवा नृविति के उपलक्ष्य में प्रखंड के सभागार में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वहीं प्रतापपुर अंचलाधिकारी मोहम्मद जुल्फेकार अंसारी ने अंचल कार्यालय में उन से प्रभार ग्रहण किया। इस भाव भीनी विदाई समारोह में उनके बेहतर कार्यकाल के लिए फूलों का माला, बुके, धार्मिक चुनरी, धार्मिक पुस्तकें, कौलेश्वरी की मूर्ति और कई तरह की सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए सेवा नृवित सीओ मिथिलेश कुमार ने अपने लंबे सेवा काल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि 31 साल के सेवा के बाद यह महसूस हो रहा है की राष्ट्र और मानव सेवा का और अवसर मिलता। लोगों से जुड़ कर कल्याणकारी कार्यों में कार्य करने का एक अलग आनंद है। मानव कल्याण कारी कार्यों के करने से जहां जन मानस को लाभ मिलता है वहीं अच्छे कार्य करने से सवन्य को संतुष्टि और आत्मा को शांति मिलती है।जन मानस में कार्य करने से लोगों से जुड़ने का जहां अवसर मिलता है वहीं कई तरह का अनुभव प्राप्त होता है जो सामाजिक स्तर पर उस अनुभव से सामाजिक कार्यों को निबटारा करने में काफी मदद मिलती रही है।सरकारी सेवा में ट्रांसफर पोस्टिंग एक नियम है जिसके अनुकल सर्विस काल में चलते रहना होता है।उन्होंने कहा कि हंटरगंज के तत्कालीन सीओ हारून रशीद से 17 मार्च 2017 को प्रभार ग्रहण किया था। लगभग पांच साल तीन माह के हंटरगंज के कार्यकाल में सबसे अच्छा समय बिता जिसे पुरे जीवन भुलाया नहीं जा सकता है।यहां के सभी समुदाय के लोग अच्छे और मिलनसार सार हैं।लोगों का प्रेम हमेशा याद रहेगा।श्री कुमार ने यह भी कहा कि जीवन का अद्भुत समय करोना काल में भी यहीं गुजरा और लैंड और ऑर्डर को यहां के प्रबुद्ध लोगों से मिलकर सभालने में सफल रहे।उन्होंने आगे कहा कि कौलेश्वरी महोत्सव दुर्गा पूजा, दीपा वली, होली, रमजान, ईद, बकरईद, मुहर्रम पर्व मनाने का अवसर मिला साथ ही पंचायत चुनाव,विधान सभा चुनाव और लोक सभा चुनाव कराने का मौका भी मिला सभी पर्व शांति पूर्ण और सद्भाव माहौल में सम्पन कराया गया। इस मौका पर प्रभार लेने के उपरांत सी ओ मो जुल्फेकार अंसारी ने कहा की सभी कार्यो का निबटारा नियमा अनुकूल किया जाएगा। अंचल से संबंधित कार्यो के लिए किसी को दौड़ना नही पड़ेगा। सरकारी गाईड लाईन का अक्षरश पालन करने का प्रयास किया जायेगा।इस मौका पर बीडीओ अभिषेक पांडे, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, जिप सदस्य सुरेश पासवान, जिप प्रतिनिधि बेचन पासवान, पुर्व उप प्रमुख अरुण कुमार सिंह, पुर्व मुखिया प्रेम कुमार सिंह, समरेश सिंह, उर्फ पिंटू सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता देव लाल यादव, अंचल कर्मियों में नरेश कुमार सिंह,पंकज दुबे, धर्मेद्र कुमार, गुलशन कुमार सिंह के अतिरिक्त दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# येसु समाज का लक्ष्य है विश्व में प्रेम और मानवता का प्रसार करना : डॉ. एमके जोस

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत 31 जुलाई को सोसाइटी ऑफ जीजस के संस्थापक संत इग्नेशियस लोयोला के पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में लोयोला डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत लोयोला के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सामूहिक प्रार्थना का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य फादर डॉ एमके जोस ने संबोधित करते हुए कहा की सामूहिकता के भावना से ही किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन में सुख- दुःख तो आते ही हैं लेकिन हमें ईश्वर पर विश्वास करते हुए सतत रूप से प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन और संचालन के लिए फादर डॉ समीर टोप्पो ने महाविद्यालय के प्राचार्य, कल्चरल कमिटी, सभी शिक्षकों, कर्मचारीयों और विद्यार्थियों को हृदय से धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिस्टर कैसलिन जुलियट, डॉ. राजीप तिर्की, प्रो जफर इकबाल, जॉन बिनोद, डॉ. प्यारी कुजूर, रोज एलिश, रीमा रेणु, जेन मरियम, रोजी तिर्की, सुबोध मिंज, सुरभी सिंहा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अंजू तिग्गा, सुमित टोप्पो, प्रियंका कच्छप और अनुज लकड़ा ने किया।

# केंद्रीय विद्यालय में बाल वाटिका की कक्षायें प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में सोमवार से बाल वाटिका-3 की कक्षायें प्रारंभ की गयी. विद्यालय की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने फीता काट कर बाल वाटिका के कक्षा का उदघाटन किया।इस अवसर पर श्रीमती तिर्की ने कहा कि भारत का भविष्य देश के नौनिहालों के हाथों में है। नन्हें बच्चे की शिक्षा जितनी अच्छी होगी देश का भविष्य भी उतना मजबूत होगा। नई शिक्षा नीति में खेल आधारित शिक्षा तथा कौशल आधारित शिक्षा पर जोड़ दिया गया है। उन्होंने बाल वाटिका के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। कहा कि नई शिक्षा नीति में बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। श्रीमती तिर्की ने बताया कि बाल वाटिका-3 में कुल 40 छात्र व छात्राओं का नामांकन किया गया है। सभी बच्चों को उपहार व बैलून भेंट कर कक्षा में स्वागत किया गया। श्रीमती तिर्की ने बताया कि बाल वाटिका के कमरे को बच्चों के अनुरूप आकर्षक व मनोरंजक सजाया गया है। ताकि बच्चों को खेल-खेल में कक्षा एक से पहले प्रारंभिक साक्षरता और संख्या ज्ञान दिया जा सके। उन्होने बताया कि नयी शिक्षा नीति 2023 में कक्षा एक से पहले बाल वाटिका की कक्षाओं की परिकल्पना की गयी है। उन्होने आगे बताया कि इसके लिए शिक्षकों को अलग से प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे बच्चों को सरल व रोचक तरीके से अक्षर व संख्या ज्ञान दे सके। मौके पर वरीय शिक्षिका सुमन कुमारी, राजकुमार यादव, मारिया परवीन, प्रदीप कुमार, प्रकाश पासवान व अविश कुमार समेंत विद्यालय के कई शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित थीं।

# एसवीएम लातेहार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में भारतीय वैज्ञानिक (रसायन के जनक) प्रफुल्ल चंद्र राय के जन्म दिवस के अवसर पर विज्ञान सप्ताह मनाया जा रहा है ।इस कार्यक्रम के तहत सोमवार को विद्यालय के वंदना सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार सिन्हा पूर्व समिति सदस्य, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं समिति सदस्य विकास कुमार की गरिमामई उपस्थिति रही।कार्यक्रम की भूमिका विज्ञान आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने रखा उन्होंने विद्यार्थी के जीवन में विज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि विलक्षण शिक्षा को ही विज्ञान कहा जाता है।पूर्व समिति सदस्य विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसी एक विषय पर विशेष ज्ञान जब व्यक्ति अपने अंदर ले आता है तो ये उस व्यक्ति की पहचान बना देता है जैसे न्यूटन, आइंस्टाइन, थॉमस, एल्वा एडिसन आदि। कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है जिसका परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देगा।समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर ने भैया /बहनों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का कार्य किया ।सोमवार का विज्ञान प्रदर्शनी दो स्थानों पर आयोजित किया गया प्रथम वाटिका परिसर में कक्षा अरुण से पंचम तक एवं वंदना सभागार में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया /बहनों ने विज्ञान प्रदर्श लगाया ।शिशु वाटिका से 6 विज्ञान प्रदर्श, शिशु वर्ग से 25 विज्ञान प्रदर्श, बाल वर्ग से 31 विज्ञान प्रदर्श , किशोर वर्ग से 13 विज्ञान प्रदर्श सभी वर्ग से कुल 75 विज्ञान प्रदर्श का प्रदर्शन किया गया।वाटिका व शिशु वर्ग में आचार्य रविकांत पाठक, राकेश कुमार , उपासना , शिल्पा पाठक निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। वही बाल व किशोर वर्ग में फूलचंद कुमार सिंह, रेनू गुप्ता, आलोक पांडे, ओमकार नाथ सहाय निर्णायक के रूप में नेतृत्व कर रहे थे।इस कार्यक्रम में पत्र वाचन का भी आयोजन किया गया था जिसमें किशोर वर्ग से कक्षा दशम के भैया नीतीश कुमार कक्षा नवम के भैया मनीष कुमार और बाल वर्ग से कक्षा अष्टम के भैया हर्ष कुमार ने भाग लिया।मौके पर लालबहादुर राम , शशिकांत पांडे , विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी , सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार , रेणु गुप्ता, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता , आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, दीपक कुमार दास, खुशबू कुमारी, मधु कुमारी, आकाश कुमार सेन आदि मौजूद रहे।

# कोईरी कुशवाहा जाति को एनेक्सर-वन में शामिल करने की मांग झारखंड विधानसभा में गूंजा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने राज्य के सभी कोयरी/ कुशवाहा जाति को एनेक्सर - वन में शामिल करने की मांग की है।झारखंड विधानसभा के सत्र में आज शून्यकाल के माध्यम से उठाते हुए सरकार से पूछा कि झारखंड सरकार ने दांगी जाति को एनेकसर - वन में शामिल किया है जबकि कोयरी/कुशवाहा को एनेकसर टू में शामिल किया गया है जो और तार्किक के साथ-साथ सामाजिक मान्यताओं को भी तार-तार करता है। सदन के माध्यम से सवाल उठाते हुए विधायक किशुन कुमार दास ने राज्य सरकार को जानकारी देते हुए कहा है कि दांगी और कुशवाहा दोनों एक ही जातियां हैं और दोनों जातियों में शादी - विवाह भी होता है ।बावजूद इसके राज्य सरकार के द्वारा दांगी जाति को एनेक्सर - वन में शामिल किया गया है जबकि कुशवाहा और कोयरी जाति एनेक्सर टू में शामिल किया गया है। इस समाज के लोगों में सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। सामाजिक दृष्टिकोण से भी कोयरी/कुशवाहा भी दांगी जाति ही है ।इसीलिए कुशवाहा/कोयरी को भी एनेक्सर - वन में शामिल किया जाए ताकि सामाजिक असमानता दूर हो सकेगी। गौरतलब है कि झारखंड में कोयरी और कुशवाहा जाति की संख्या लाखों में है। राजनीतिक विवशता के कारण कुशवाहा/कोयरी जाति का मुद्दा ठंडे बस्ते में पड़ गया है ।लेकिन सिमरिया के विधायक ने इस महत्वपूर्ण मामले को सदन में उठाते हुए हेमंत सोरेन सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए इन दोनों जातियों को भी एनेक्सर - वन में शामिल करने की मांग की है।सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने कहा है कि खतियान को आधार मानकर कोयरी/कुशवाहा जाति को एनेक्सर वन में शामिल किया जाए।गौरतलब है कि दोनों जातियों का रहन सहन,शादी विवाह,रस्म रिवाज एक समान है। गौरतलब है कि झारखंड के चतरा हजारीबाग रामगढ़ रांची पलामू लातेहार चाईबासा सहित झारखंड के सभी जिलों में कोई कुशवाहा जातियों की बहुलता है।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### विष्णुगढ़ भाजयुमो मंत्री को मातृशोक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल,युवा मोर्चा मंत्री कन्हाई यादव की माता जी का 91 साल की उम्र में बीती रात देहावसान उनके निवास स्थान अलपिटो हो गया ।बताया जाता है,कि भाजयुमों मंत्री की माता लंबे समय से बीमार चल रही थी। मृतिका का अंतिम संस्कार अलपिटो के निकट जमुनियां नदी मुक्तिधाम में छोटे पुत्र भाजयुमों मंत्री कन्हाई यादव ने मुखाग्नि देकर की । दुख की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष हिरामन महतो,ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष गुलाब शंकर महतो,मुखिया प्रतिनिधि धानेश्वर यादव,मंत्री राजेश सोनी,हरि यादव,जीवन सोनी,किशोर यादव,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी,उपाध्यक्ष सीमा देवी,अनु0जाति मोर्चा महामंत्री दीपक कुमार रजक,भाजयुमों महामंत्री महेंद्र कुमार महतो समेत पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने एक परिवार की भाँति इस दुख की घड़ी में शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

### छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष के पद पर हो रही नियुक्ति के संबंध में राज्यपाल को लिखा पत्र

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में लंबे अंतराल से छात्र हितों को नज़र अंदाज़ किया जा रहा है।मामला चाहे विश्वविद्यालय में कैंटीन का हो,महिला छात्रावास का हो या बस के परिचालन का।पिछले कई महीनों से इन सभी मामलों पर पर विराम लगा है।ज्ञात हो की आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया भी प्रारंभ होने वाली है जिसको लेकर छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष का पद काफ़ी महत्वपूर्ण हो जाता है।वहीं ज्ञात हुआ है की कुलानुशासक को अतिरिक्त प्रभार में यह पद दिया जा रहा है,जबकि कुलानुशासक एक पूर्णकालिक पद है।वहीं बताते चलें की कुलानुशासक के पास संकाय अध्यक्ष का भी प्रभार है जो भी एक पूर्णकालिक पद है।इस पूरे मामले को ले कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र नेता ने कहा है कि ऐसे प्रतीत होता है कि पूरे विश्वविद्यालय में केवल एक ही व्यक्ति को सभी महत्वपूर्ण पद देकर बाक़ी शिक्षकों के क़ाबिलियत पर संदेह करना कहीं से जायज़ नहीं है। मामले में चंदन सिंह ने आग्रह किया है की इस संबंध में या तो तत्कालीन छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष को सेवा विस्तार अगले आदेश तक दिया जाए या किसी अन्य शिक्षक को यह पद दिया जाए जिससे छात्र हितों की अनदेखी ना हो।पत्र की प्रति मुख्यमंत्री,प्रभारी कुलपति और कुलसचिव को भी दिया गया है।

### विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर होगा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 9-10 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को झारखण्ड आदिवासी महोत्सव -2023 के रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हजारीबाग के कर्जन स्टेडियम एवं संत कोलम्बस स्थित न्यू स्टेडियम में फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक्स की खेल प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन खेल विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि पुरुष एवं महिला वर्ग की अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता, उप-विजेता एवम तृतीय विजेता टीम एवम व्यक्तिगत स्पर्धा के खिलाड़ियों को भी नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। हॉकी एवं फुटबॉल स्पर्धा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता टीम को क्रमशः 21, 15 तथा 11 हजार रुपए नगद से पुरस्कृत की जाएगी। तीरंदाजी एवम एथलेटिक्स प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को क्रमश 5, 3 एवं 2 हज़ार रुपए नगद राशि से पुरस्कृत की जाएगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों, टीमों का निबंधन जिला खेल कार्यालय, कर्जन स्टेडियम में कराना होगा अथवा सम्बंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से अनुशंसित सूची का प्रेषण खेल कार्यालय को कराया जा सकता है निबंधन की अंतिम तिथि 7 अगस्त निर्धारित की गई है।

### बुढवा महादेव मंदिर में किया गया पूजन सामग्री का वितरण

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पवित्र श्रावण मास की चौथी सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित शिवमंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने शामिल होकर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया। कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। साथ ही यहाँ स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन आयोजित कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया गया। संस्था के सभी सहयोगियों और साथीयों ने कलाकारों का आभार जताया। कार्यक्रम में संचालन भैया असीम ने किया। इस दौरान कलाकार प्रीतराज ने पूजन समाग्री वितरण कार्य से प्रभावित होकर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता को अपने हाथों से बनाया भगवान शिव की तस्वीर भेंट किया तथा पूजन समाग्री वितरण कार्य की प्रशंसा की। संस्थापक राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि श्रावण मास के पहली सोमवारी से बुढवा महादेव में हमारा संस्थान द्वारा पूजन समाग्री का वितरण किया जा रहा है। मौके पर विशेष रूप से वितरण कार्य में एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट राकेश गुप्ता, समाजसेवी कमलेश सिंह, भैया असीम, संजय तिवारी, भास्कर शर्मा, अरूण कुमार वर्मा, सुदेश चंद्रवंशी, पूजा कुमारी, प्रेम बाबु, ऋषभ ऋषि, ऋषि कुमार, मानशी कुमारी, विकाश कैलाश, शक्ति सोनी, बलुन साव, सुनील गुप्ता, दिनेश नाटाणी, लड्डू गोपाल, बबलू निशांत, ऊषा रानी, प्रिया राज, मनीक चक्रवर्ती एवं प्रीतराज सहित कई गणमान्य लोग वितरण कार्य में शामिल थे।

## गरजामु में इल्म-ए-बेदारी मुकाबला कॉन्फ्रेंस का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गरजामु गांव में रविवार देर रात्रि को शानदार इल्म - ए - बेदारी इनामी मुकाबला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस की अध्यक्षता मुफ्ती मुजाहिद के द्वारा किया गया। कॉन्फ्रेंस में अलग-अलग स्थानों से कुल 52 बच्चे शामिल हुए । कॉन्फ्रेंस में बच्चों से प्रतियोगिता के रूप में प्रश्न पूछा गया। जिसमे प्रथम अस्थान सानियां प्रवीन अलीनगर पदमा, द्वितीय स्थान यासमीन परवीन झुरझुरी, तृतीय स्थान तरन्नुम प्रवीण अलीनगर पदमा ने प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को क्रमशः टेबल फैन, डिनर सेट, सीलिंग पंखा देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को किताब पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रांची से चल कर आए मुफ्ती एनामुल्लाह ,राहत फैजी मंच संचालक तोसीफ रजा , जसीम मिसवाही शायर-ए- इस्लाम जफर अकिल, हसनैन रजा , मौलाना जमीर शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित किया।

## पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रेणु देवी संचालन बीडीओ रविन्द्र कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, उप प्रमुख धर्मधीर महतो सांसद प्रतिनिधि इन्द्रदेव साव, विधायक प्रतिनिधि के रूप में पंकज कुमार मौजूद थे। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने अपने अपने विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कल्याण विभाग, कृषि विभाग, मनरेगा, पशु चिकित्सा, शिक्षा,पीएम आवास योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने बिजली की समस्या को दूर करने, पीएम आवास और राशन कार्ड गरीबों को देने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। मंगलेश ने कहा कि पीएम आवास और राशन कार्ड गरीब लोगों को मिलना चाहिए न की सक्षम आदमी को दे दिया जाय। साथ ही मनरेगा संबंधित योजनाओं में बकाया राशि जल्द भुगतान किया जाए। वही बीडीओ ने समस्याओं को जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया। आगे कहा कि गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाना प्राथमिकता होगी मौके पशु पालन पदाधिकारी डॉ संगीत कुमारी मुखिया उर्मिला देवी रंजू देवी राजू महेता व सभी पंचायत समिति सदस्य व पंचायत सेवक व रोज़गार सेवक मौजूद थे।

## भाजपा नेता ने क्षतिग्रस्त तोरन द्वार का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सोमवार को भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने प्रखंड अंतर्गत सिमराटांड स्थित पंच मंदिर के क्षतिग्रस्त तोरन द्वार का निरीक्षण किया । एनटीपीसी पतरातु द्वारा पिछले दिनों हैवी ब्लास्टिंग के कारण तोरण द्वार क्षतिग्रस्त हो गया था । निरीक्षण में तोरण द्वार सहित अन्य कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ है। लेकिन, तोरण द्वार पर भारी क्षतिग्रस्त हुआ है। जो कभी भी गिर सकता है । श्री महतो ने कहा कि ब्लास्ट से हुए क्षतिग्रस्त के बारे में क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा को अवगत करायेंगे । मौके पर राहुल कुमार चंदन कुमार जय प्रकाश चौधरी अविनाश विनोद कुमार सिंह राजेंद्र प्रसाद पंकज पांडे ज्वाला प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर शव के साथ 22 घंटे तक किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** रविवार शाम 5:30 त्रिवेणी सैनिक कंपनी के वर्करों को ले जा रही कृष्णा बस एवं हजारीबाग विपरीत दिशा से आ रही टर्बो वाहन की भिड़ंत में दोनों वाहन को भारी नुकसान हुआ है। दुर्घटना में टर्बो के ड्राइवर मिर्जापुर गांव निवासी 25 वर्षीय परवेज की मौत हो गई। वही कृष्णा बस के ड्राइवर व सवार लगभग 10 लोग घायल हो गए जिसमें कंपनी के कई वर्करों को गंभीर चोट आई है। सभी घायलों का इलाज हजारीबाग हॉस्पिटल में किया जा रहा है। टर्बो ड्राइवर की मौत हो जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा रविवार 6:30 से मुआवजे एवं रोजगार की मांग को लेकर सड़क पर लाश रख कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोड एवं कन्वेयर बेल्ट को तकरीबन 22 घंटे तक बंद करा कर आंदोलन किया। कंपनी और ग्रामीणों के बीच वार्ता के पश्चात सोमवार 3-30 बजे समझौते के बाद सड़क जाम को हटाया गया। कंपनी की ओर से घटनास्थल पर ही मृतक के परिजन को ?6 लाख का चेक दिया गया तथा एक रोजगार देने का आश्वासन भी कंपनी ने दिया है। तत्पश्चात पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एंबुलेंस से हजारीबाग भेज दिया। परवेज की मौत से परिजन का रो रो कर बुरा हाल था। परवेज घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था । वह अपने पीछे पत्नी दो संतान समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया। इस दौरान 22 घंटे तक सड़क जाम होने के कारण कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है।

## बरही विधायक ने विधानसभा मानसून सत्र में बरही की समस्याओं को प्रमुखता से रखा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने रांची विधानसभा में चल रहे झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दौरान बरही प्रक्षेत्र में संचालित रियाडा कारखानों से निकलने वाले प्रदूषण के मामले को उठाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बरही में संचालित कारखानों के द्वारा वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिसके कारण कारखानों के नजदीक रहने वाले ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रदूषण से लोगों के सेहत पर भी असर पड़ रहा है एवं लोग अनेकों प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचालित कारखानों में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। विधायक उमाशंकर अकेला ने विधानसभा सत्र के माध्यम से सरकार से यह मांग किया है कि जो भी रियाड़ा प्रक्षेत्र में कारखाने संचालित किए जा रहे हैं सभी में प्रदूषण मानकों का पालन कराना सुनिश्चित किया जाए।

## सिविल सर्जन हजारीबाग ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चरही :** हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी सिंह ने सोमवार को चुरचू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान डॉ एस पी सिंह ने प्रखंड के जरबा में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने कहा की स्वास्थ्य केंद्र में हजारीबाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में 1 दिन का कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिससे आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच हेतु बेहतर सुविधा मुहैया हो सके। चिकित्सा प्रभारी द्वारा सिविल सर्जन से सफाई कर्मी सुरक्षाकर्मी एवं अन्य कर्मियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की गई। वही मौके पर उपस्थित प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने स्वास्थ्य केंद्र में गोदरेज इनवर्टर जैसी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। वही यहां के अलावा सिविल सर्जन द्वारा चरही स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया गया तथा कई दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर मुख्य रुप से निरंजन प्रसाद नायक प्रमुख चुरचू चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक राम डॉ सरोज डॉक्टर सत्यम हेड क्लर्क रमन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ प्रखंड में किसानों के सामने पानी का संकट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड की समृद्धि में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है, विष्णुगढ़ कृषि प्रधान गांव है। हालांकि, यहाँ के किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो उन्हें आने वाले दिनों में और मुश्किलों में डाल सकता है। प्रखंड में कृषकों के लिए पानी के संकट ने एक विकट समस्या खड़ी कर दी है,जिससे लाखों रुपये के लगाए गये बीज,खाद और श्रम बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। पिछले कुछ सप्ताहों से यह गांव अस्थायी पानी संकट का सामना कर रहा है, जिसका कारण अवसादी बारिश की कमी और कृषि भूमि की अव्यवस्थित जलवायु है। यह समस्या न केवल किसानों को,बल्कि पूरे गांव के आर्थिक संरचना को भी प्रभावित कर रही है।

प्रखंड के किसानों का कहना है कि इस मौसम में उन्हें नियमित बिजली भी नहीं मिल रहा है,जो किसानों के लिए पानी को धारण करने में बड़ी मदद कर सकता है। बिजली के अभाव में,किसान अपने खेतों को सिंचने के लिए डीजल पंप का उपयोग कर रहे हैं, जो उनके खर्चों को और भी बढ़ा रहा है। किसानों के इस पानी की संकट के चलते,कृषि उत्पादकता पर भी असर पड़ रहा है। विष्णुगढ़ के किसान अपनी फसलों के साथ साथ अपनी उचित मूल्य में बिक्री को भी लेकर परेशानी महसूस कर रहे हैं। जल संकट के चलते गांव के निवासियों को पीने का पानी भी अभाव में है। लोग दूरदराज के जल स्रोत से पानी के लिए भागदौड़ कर रहे हैं,जो उनके दैनिक जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। किसानों एवं आमजनों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन को तत्काल उपाय अपनाने और जल संसाधन के पुनर्निर्माण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। किसानों के साथ-साथ गांव के आम नागरिकों को भी सहायता प्रदान करने के लिए सरकारी योजनाएं शुरू की जानी चाहिए जो इस गंभीर समस्या का समाधान कर सकें।

प्रखंड में पानी की संकट के समाधान के लिए अब सरकारी और सामाजिक संगठनों को इस मुद्दे पर संवेदनशील रहने और जल्द से जल्द कदम उठाने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि विष्णुगढ़ प्रखंड के सभी गांवों को सिंचाई तंत्र के माध्यम से पूर्णतः स्वावलंबी बनाने के लिए जल संसाधनों में निवेश करने की जरूरत है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से भी अपील है कि वे इस समस्या को अपनी प्राथमिकता बनाएं और लोगों को जागरूक करें,ताकि एकजुट होकर इस संकट का सामना किया जा सके और इसे समाधान किया जा सके। विष्णुगढ़ प्रखंड को पानी की संकट से निपटने के लिए सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग की आवश्यकता है ताकि प्रखंड के किसानों को आने वाले समय में इस प्रकार की समस्याओं से निपटने में सहायता मिल सके।

## चौथे सोमवारी के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पावन श्रावण मास के चौथे सोमवारी के अवसर पर कैथा प्राचीन शिव मंदिर में अहले सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।इस अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर समिति के द्वारा के लिए खीर महाभोग का आयोजन किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि श्रावन मास में प्राचीन शिव मंदिर में विभिन्न जगहों के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं और भगवान का दर्शन पूजन करते हैं। इस अवसर पर हम आयोजन समिति के द्वारा भक्तों के लिए खीर महाभोग का आयोजन किया गया। वहीं पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा प्राचीन शिव मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट आस्था है। भगवान शिव के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है।इस अवसर पर सचिव राजकुमार महतो, उपाध्यक्ष रतन राम, डिया महतो,छोटेलाल महतो,संदीप महतो, मनोज कुमार,सहसचिव अमित कुमार दास,अजय आस्था, पंचम महतो,अजय चौधरी,मदन करमाली आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय मध्याहन भोजन स्टीयरिंग कम मोनिटरिंग कमिटी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई।?? प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन प्राप्त करने वाले बच्चों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन सरकारी विद्यालयों में औसत से कम बच्चों का मध्यान भोजन प्राप्त करना पाया उनके संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को बीआरपी, सीआरपी सहित अन्य अधिकारियों के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय आना एवं मध्यान भोजन प्राप्त करना सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।सरकारी विद्यालयों में गैस कनेक्शन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में जिन विद्यालयों में गैस कनेक्शन नहीं है उनमें गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक व जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन पकाने हेतु गैस का इस्तेमाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्थाई रूप से शत प्रतिशत सरकारी विद्यालयों में साप्ताहिक मध्यान भोजन का रोस्टर अंकित करने का निर्देश दिया। विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापित करने हेतु उपायुक्त ने जिन विद्यालयों के रसोइयों को अब तक मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है को मनरेगा जॉब कार्ड उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर विद्यालयों में मनरेगा के तहत योजनाएं संचालित करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया।इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर विद्यालयों का निरीक्षण करने, विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लेने, मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर निर्धारित रोस्टर के अनुपालन की जांच करने आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से रेल परियोजना को रामगढ़ जिले के सरकारी विद्यालयों में लागू करने हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द परियोजना को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपरोक्त के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीरी में शिक्षा जागरूकता के लिए व कैंडल मार्च की तैयारी में हुई सभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुद्धिजीवी मंच द्वारा बरकाकाना क्षेत्र के ग्राम पीरी में शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभा की गई। सभा की अध्यक्षता मंच के उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया ने कहा कि और संचालन तृतियाल बेदिया ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर मंच के सचिव प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा एक बहुत ही आवश्यक साधन है।

हम अपने जीवन में शिक्षा का उपयोग करके अपने साजाजिक व आर्थिक जीवन को सफल बना सकते हैं। उच्च स्तर का शिक्षा हमें सम्मान प्राप्त करने तथा एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। अध्यक्षता करते हुए देवकी बेदिया ने कहा कि समाज के किसी भी वर्ग, जाती या समुदाय के साथ अन्याय हो तो उसके खिलाफ आवाज बुलंद करना बुद्धिजीवी और इंसाफ पसंद जनता का कर्तव्य है। उन्होंने आह्वान किया कि मनीपुर घटना के विरोध में तीन अगस्त को घुटुवा शुक्रवार बाजार टांड़ से दो नंबर गेट नया नगर बरकाकाना तक प्रस्तावित कैंडल मार्च में क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवी और इंसाफ पसंद जनता को शामिल होना चाहिए। संगठन सचिव ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि पढ़ना-लिखना शिक्षा की पहली सीढ़ी है। चूंकि अधिकांश जानकारी लिखित रूप में होती है, यदि आप में शिक्षा का अभाव है या लेखन और पठन कौशल की कमी है, तो आप वास्तविकता से कोसो दूर हैं। उन्होंने आगे कहा कि सबसे बढ़कर, रोजगार के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। संगठन सचिव कवित्री देवी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण साधन है।

यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करती है। अन्य वक्ताओं में मंच के उपाध्यक्ष सोनी महतो, संगठन सचिव शिवशंकर बेदिया और निशा परवीन शामिल थे। इस अवसर पर गोपी बेदिया, सुषमा देवी, भवंती देवी, सुमित्रा देवी, नीलम कुमारी, काशीनाथ बेदिया, जवाहर बेदिया, कामेश्वर बेदिया, तुलेश्वर बेदिया, बालेश्वर बेदिया आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957



आईडीबीआई बैंक के एमडी एवं सीईओ, राकेश शर्मा स्रङ्ग 22-23 के डिविडेंड के लिए माननीय वित्तमंत्री, निर्मला सीतारमन को 488.98 करोड़ रुपये का चेक सौंपते हुए

## एक्सएटी 2024 के रजिस्ट्रेशन शुरू हुए इसके बारे में जरूरी चीजें जानें

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की एमबीए प्रवेश परीक्षाओं में शामिल ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (एक्सएटी ) ने एक्सएटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। वे छात्र जो आगामी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, 222.×atonline.in पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। एक्स ए टी 2024 का आयोजन रविवार 7 जनवरी 2024 को होगा। इस प्रवेश परीक्षा के स्कोर को देश भर के 160 से अधिक मैनेजमेन्ट संस्थानों द्वारा स्वीकार किया जाता है, ऐसे में इस परीक्षा में अच्छा स्कोर हासिल कर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए करने का सपना साकार कर सकते हैं। एक्स ए टी सिर्फ एक परीक्षा नहीं है; यह स्मार्ट एक्ज़ाम है, छात्र अच्छी तरह से तैयारी कर इसमें आसानी से सफलता पा सकते हैं।' एक्सएटी के कन्वेनर एडमिशन्स डॉ राहुल शुक्ला ने कहा। ''हम छात्रों को ज़रूरी ज्ञान और कौशल प्रदान करना चाहते हैं ताकि वे मैनेजमेन्ट में सफल करियर बना सकें।' 160 से अधिक एक्सएएमआई और एक्सएटी एसोसिएट कॉलेज एक्सएटी स्कोर को स्वीकार करते हैं, ऐसे में इस परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद छात्रों को करियर के अच्छे अवसर मिलते हैं। वे उम्मीदवार जो एक्स ए टी 2024 में शामिल होना चाहते हैं वे ऑफिशियल वेबसाईट पर जाकर रजिस्टर कर सकते हैं।एक्स ए टी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क रु 2100 है। हालांकि वे छात्र जो एक्सएलआरआई प्रोग्राम के लिए आवेदन करना चाहते हैं उन्हें रु 200 अतिरिक्त शुल्क देना होगा। अंतिम दिनांक नज़दीक आने पर होने वाली परेशानी से बचने के लिए निर्धारित समय पर रजिस्ट्रेशन कर लेना चाहिए।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड ने की आईडीबीआई एमएफ स्कीम्स का विलय पूरा करने की घोषणा



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री के सबसे प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने आईडीबीआई म्यूचुअल फंड (आईडीबीआई एमएफ) की योजनाओं का अधिग्रहण पूरा करने की घोषणा की है. यह विलय 29 जुलाई, 2023 से प्रभावी है.यह कदम अपने उत्पादों की पेशकश को मजबूत करने और उसमें विविधता लाने, अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और देश में एक अग्रणी एमएफ हाउस बनने के लिए एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) को बढ़ाने के एलआईसी एमएफ के मिशन के अनुरूप है. 30 जून, 2023 तक एलआईसी एमएफ का एयूएम 18,400 करोड़ रुपये और आईडीबीआई एमएफ का 3,650 करोड़ रुपये था.विलय पूरा होने के बाद आईडीबीआई एमएफ की 20 योजनाओं में से 10 योजनाओं को एलआईसी एमएफ की समान योजनाओं के साथ मिला दिया जाएगा और बाकी 10 को एलआईसी एमएफ द्वारा स्टैंडअलोन आधार पर शामिल किया जाएगा, जिससे उसकी कुल योजनाओं की संख्या 38 हो जाएगी. इस विलय के साथ, आईडीबीआई एमएफ योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को इक्विटी, डेट, हाइब्रिड, सॉल्यूशन ओरिएंटेड थीम, ईटीएफ और इंडेक्स फंड को कवर करने वाले एलआईसी एमएफ के विभिन्न उत्पादों के बास्केट का एक्सेस मिलेगा.एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री टी.एस. रामकृष्णन ने सफलतापूर्वक विलय पूरा होने पर कहा÷यह हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि हम भारत के प्रमुख बाजारों में निवेश की जरूरतों को पूरा करने वाले एक विविध म्यूचुअल फंड हाउस के रूप में अपनी क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं. यह विलय मिड-कैप, स्मॉल-कैप, गोल्ड फंड, पैसिव फंड सेगमेंट आदि में हमारी योजना की पेशकश को मजबूत करने के हमारे लक्ष्य को पूरा करता है।


## कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार (गोपनीय शाखा)

### प्रेस विज्ञप्ति

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–2136 दिनांक–27.07.2023 एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार का ज्ञापांक – 188/निर्वा0 दिनांक –28.07.2023 द्वारा अधोहस्ताक्षरी को निर्वाचन के तृतीय प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु दिनांक–31.07.2023 से दिनांक –01.08.2023 को राज्य मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किये जाने के कारण भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी जिला इकाई, लातेहार के जिला प्रबंध समिति (District Managing Committe) के निर्वाचन हेतु निर्धारित तिथि में आंशिक संशोधन निम्नवत् किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि समय एवं स्थान– | दिनांक– 03.08.2023 को पूर्वा0 11:30 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में) |
| 2 | स्क्रूटनी की तिथि समय एवं स्थान– | दिनांक– 04.08.2023 को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में) |
| 3 | नाम वापसी की तिथि समय एवं स्थान– | दिनांक– 05.08.2023 को पूर्वा0 11:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय कक्ष में) |
| 4 | आम सभा एवं चुनाव की तिथि | दिनांक– 11.08.2023 को पूर्वा0 10:00 बजे से संध्या 3:00 बजे अपराह्न तक (स्थान– दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में) |
| 5 | मतगणना परिणाम की तिथि | दिनांक– 11.08.2023 को अप0 03:00 बजे से (स्थान– दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में) |
| 6 | जिला प्रबंधन समिति की पहली बैठक की तिथि | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, लातेहार द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार (स्थान– समाहरणालय, लातेहार के सभाकक्ष) |

शेष आदेश पूर्ववत् रहेंगे।

PR.NO.303627 District(23-24):D

अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार।


## अभाविप का सदस्यता अभियान सात अगस्त से : डॉ. आशीष कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ के द्वारा डिबाइन ओंकार मिशन रामगढ़ में जिला सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से जिला संयोजक शुभम गिरी, नगर अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर उपस्थित रहे शत्रुघन ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता मूल मंत्र पर कार्य करती है प्रवेश परीक्षा परिणाम पाठ्यक्रम ठीक करने का कार्य करती है यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो छात्रों की समस्याओं के निवारण के लिए एकत्रित छात्र शक्ति का परिचायक है विद्यार्थी परिषद के अनुसार छात्र शक्ति राष्ट शक्ति है विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का है स्थापना काल से ही संगठन ने छात्र हित राष्ट हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। नगर मंत्री शिवम आर्यन सिंह ने कहा कि इस वर्ष आगामी 7 अगस्त से 9 सितंबर तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान चलने वाला है जो की तीन फेजो में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।इसके नियमित कार्यकर्ताओं का कार्यशाला कर प्रशिक्षण दिया गया की अधिक से अधिक छात्रों तक हम पहुंचे छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्य ही है छात्र हितो के माध्यम से राष्ट्रीय हित के लिए कार्य करना। नगर अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा कि सभी छात्र छात्राओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखण्ड का सदस्यता ग्रहण करा के राष्ट हितों के लिए कार्य पर लगाना सभी छात्र छात्राओं के मन में देश भक्ति अलग जगाना आगे सदस्यता अभियान के नियमित जिला एवं सभी नगर के सदस्यता प्रभारी का घोषणा किया गया जो को इस प्रकार है जिला सदस्यता प्रभारी सुदीप कुमार,सह कुंदन कुमार, तनु सिंह, रामगढ़ नगर सदस्यता प्रभारी शिवम आर्यन, सह रीना कुमारी, पतरातु नगर सदस्यता प्रभारी उज्जवल कुमार, विशाल कुमार,गोला नगर सदस्यता प्रभारी विक्की कुमार, चितरपुर नगर सदस्यता प्रभारी संदीप कुमार, मांडू नगर सदस्यता प्रभारी बलराम कुमार,आदि थे ।

## सावन के चौथे सोमवारी पर मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के शिवालयों में सावन के चौथे सोमवारी को देवाधिदेव महादेव को जलार्पण करने के लिए पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की सभी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। चौथे सोमवारी को क्षेत्र में मौसम सुहावना रहने के कारण भक्तों को गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र में स्थित झारखंडी मंदिर पुरनी राय, बेंती शिव मंदिर, राय, कल्याणपुर, चुरी, बचरा बस्ती, राय बस्ती स्थित शिवमंदिरो में सुबह से ही शिव भक्त जलार्पण करने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। श्रद्धालुओं में महिलाओं और युवतियों की संख्या ज्यादा देखी गई जो पुरी तन्मयता एवं श्रद्धा भाव से बेलपत्र, धतुरा, फुल, अक्षात, रोली,चंदन के साथ भगवान शिव का जलार्पण एवं श्रृंगार कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पुजा पाठ कर रही थी। इस अवसर पर बचरा स्थित शिव मंदिर के बाहर पुजा सामग्री बेचने वाली दुकानें भी काफी संख्या में लगी हुई है। वही बचरा शिव मंदिर में शाम को सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर महाप्रसाद का वितरण किया।

## ठनका से टुटे घर की मरम्मत हेतु आगे आए : कमलेश राम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ओरमांझी :** कांके प्रखंड के ऊपर कोनकी पंचायत के पुसू में तेज वर्षा के कारण तीन दिन पूर्व हसन अंसारी का कच्चे मकान का छत एक गिर गया। हसन अंसारी की हालत बेहद खराब है, जिसके कारण एस्बेस्टस नहीं खरीद पा रहे थे। और खुले छत में रहने पर मजबूर थे।जैसे ही इसकी सूचना भाजपा कार्यकर्ता सुरेश मुंडा ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सह कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश राम को दिया। कमलेश राम अभी दिल्ली में है, इसलिए अपने सहयोगी शंभू शंकर सिंह को सूचित करते हुए हसन अंसारी के यहां एस्बेस्टस सीट पंहुचा कर घर की मरम्मत करवाने को कहा। तब शंभू सिंह ने हसन अंसारी के घर एस्बेस्टस पंहुचा कर घर की मरम्मत हेतु आर्थिक सहयोग किए।मदद मिलने पर हसन अंसारी सहित उसके परिवार के लोगों ने कमलेश राम का आभार व्यक्त किया। कमलेश राम ने बताया कि कुछ कार्यों से मैं दिल्ली आया हुआ हूं और इसी दौरान मुझे इसकी सूचना मिली तो तुरंत अपने सहयोगियों के माध्यम से अपना सहयोग भिजवाया। और मेरी शुरू से ही यह कोशिश रही है कि जितना हो सके। असहाय जरूरतमंदों की मदद करता हुं चाहे सुख हो या दुख हो उन सबों के बीच में सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़ा होकर उनके साथ देने का काम करता हुं।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०18/2023–24

1.कार्य का विवरण :–

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Marking of Zebra Crossing at Various Chowks Under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,93,300/- | 20,000/- | 5,000/- | 45 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 07.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 08.08.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 10.08.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से अंतिम निविदा खुलने तक
4. विज्ञापनदाता का पदनाम : कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग।

PR 303628 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)



## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।
### प्रपत्र VII
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, (जिला भू–अर्जन शाखा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा
(अधिनियम 30/2013 की धारा 19(1) के अधीन)

परियोजना का नाम :– "ललित नारायण स्टेडियम के मुख्य द्वार के सामने पहुँच पथ एवं पार्किंग हेतु रैयती भूमि का अधिग्रहण"

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **"ललित नारायण स्टेडियम के मुख्य द्वार के सामने पहुँच पथ एवं पार्किंग हेतु रैयती भूमि का अधिग्रहण"** योजना हेतु **मौजा–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, थाना न0–194, अंचल–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा** में कुल रकबा **0.278** एकड़ यानि **0.112503** हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.278** एकड़ यानि **0.112503** हे0 है और जो **मौजा–लोहरदगा, थाना–लोहरदगा, थाना न0–194, अंचल–लोहरदगा, जिला–लोहरदगा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 231 | 490/ 2422 MS 2943 | रैयती | टॉंड II | 0.278 | 1. श्री अजय कुमार मितल, पिता–स्व0 रामअवतार लाल, बरवाटोली कॉलेज रोड, लोहरदगा 2. श्री विजय कुमार अग्रवाल, पिता–पदमलोचन लाल अग्रवाल, महाबीर चौक, लोहरदगा | ललित नारायण स्टेडियम 2943 | भण्डरा रोड़ | MS प्लॉट 2944 | MS प्लॉट 2943 |
| | कुल :– | | | | 0.278 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा। | अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा। | उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 303608 (Lohardaga) 23-24 (D)


## शुभम मोबाइल करियातपुर में हुई चोरी, 30 हजार नगद समेत हजारों के सामान ले उड़े चोर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित शुभम मोबाइल में रविवार रात्रि की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत करियातपुर निवासी शुभम मोबाइल के संचालिका रूपा केसरी पति संजय प्रसाद केसरी ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह को जब मेरे पति दुकान के साफ सफाई के लिए गए और जब शटर को उठाए तो देखें कि अंदर में समान पूरा बिखरा पड़ा है। जिसकी जानकारी पंचायत के मुखिया मनोज कुमार को दी गई जिसके बाद मुखिया मनोज कुमार ने बरही थाना को सूचना दिया गया। जिसके बाद बरही पुलिस आई ओर घटना की जानकारी ली। वही सामान का मिलान किया गया तो उसमें काफी संख्या में सामान की चोरी हो गई थी। वही ग्रामीणों ने बताया कि तीन और दुकानों में चोरी हुई है लेकिन उसमें ज्यादा समान नहीं। इधर बरही पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की छानबीन की जा रही है।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, विकास कार्यों, मुआवजा, रोजगार, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## चोरिया में बिजली के तार गिर जाने से बिजली आपूर्ति बाधित

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के चोरेया में चार पोल से बिजली का तार गिर जाने से रविवार शाम से बिजली आपूर्ति कई गांव का बाधित है ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से उक्त तार को जुड़वा कर जल्दी बिजली आपूर्ति करने की अपील की है।

## चान्हो प्रखण्ड परिसर से पैशन प्रो मोटरसाइकिल की हुई चोरी

**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड कार्यालय परिसर से चान्हो थाना क्षेत्र अंतर्गत तरंगा गांव निवासी गणेश साहु की पैशन प्रो मोटरसाइकिल छ्ि01क्ंी834 को अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना के संबंध में भुक्तभोगी के अनुसार वह अपने काम से प्रखंड कार्यालय में आए हुए थे जब वे अपने काम निपटाने के बाद बाहर आकर देखा तो उनकी बाइक उक्त स्थान से गायब थी अगल बगल के लोगों से पूछताछ करने पर भी कुछ पता नहीं चल पाया गणेश साहु के द्वारा चोरी की सूचना देने की बात कही।

## पिपरवार के कल्याणपुर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजेन कल्याणपुर में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर डॉ अभिषेक कुमार सिंह एमडी नेत्र एम्स नई दिल्ली सह चतरा लोकसभा क्षेत्र भावी सांसद प्रत्याशी के द्वारा लगाया गया,जिसमे पिपरवार क्षेत्र के सैकडो लोगों का नेत्र जॉच कर उन्हें निशुल्क दवा प्रदान की गई।जानकारी के अनुसार पेशे से चिकित्सक डॉ अभिषेक की राजनीतिक पृष्ठभूमि नही है,लेकिन नक्सलवाद प्रभावित अति पिछड़े क्षेत्र के विकास कायाकल्प करने को तैयार है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे बुनियादि सुविधा का घोर अभाव है।बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए वह प्रयासरत है।उन्होने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाको में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर आम लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

## तूफान चौक शिव मंदिर में चौथी सोमवारी पर पूजन व भजन कीर्तन आयोजित

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल गिद्दी ए क्षेत्र के तूफान चौक शिव मंदिर के प्रांगण में चौथी सोमवारी पर भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ विधिवत पूजन और अखंड कीर्तन का आयोजन किया। भक्तों के द्वारा सुबह से ही भोलेनाथ के शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, फल चढ़ा, दीप दिखाकर पूजन किया गया। साथ ही गंगाजल से जलाभिषेक भी किया गया। भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण हुआ। सभी ने अपने नगर क्षेत्र में शांति, सौहार्द और सभी पर भोलेनाथ की कृपा बरसे ऐसी मंगल कामना की। इसके अलावे गिद्दी ए के पुराना शिव मंदिर, थाना भोले मंदिर समेत रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, वाशरी कांलोनी व डाड़ी प्रखंड के शिवालयों में भोलेनाथ के भक्तों का तांता लगा हुआ दिखा।


## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
### सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 03/2023–24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 07.08.2023 को अप0 03.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बोली/डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in पर देखा जा सकता है।

प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान, समय एवं तिथि :– कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर दिनांक 07.08.2023 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 तक)

PR 303638 Urban Development(23-24)D

प्रशासक, न0पं0, श्री बंशीधर नगर।



## JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.

MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com

Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/
GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L

Bid Ref. No. JMC/NIT-23/MMU/29 Date:31-07-2023

### Tender for Supply of Mobile Medical Unit

The **Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Bidders.
The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

| Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Name of Work | **Supply of Mobile Medical Unit** |
| Time of Completion | As specified in Tender Documents |
| Date of Publication of Bid | 02-08-2023 |
| Bid Submission Start Date | 16-08-2023 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 22-08-2023 03:00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 23-08-2023 03:00 PM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified later |
| Application Fee (Non-Refundable) | **5000/-** (Rupees **Five Thousand** Only) |
| Earnest Money Deposit | **2800000/-**(Rupees **Twenty Eight lakhs** Only) |
| Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell | +91-8709368893, |
| Pre-bid meeting Date & Time | 10.08.2023 at 03:00 PM |

*Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the **JMHIDPCL**, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.*
JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.
Detailed Bid document can be seen, downloaded, and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only, hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

Sd/-
Cell Head(Procurement)
JMHIDPCL

**PR 303678 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(23-24)D**

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## 19 व 20 अगस्त को होगा जिला स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह क्रॉस भवन में गिरिडीह योगासना स्पोर्ट संघ की एक बैठक जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे अगामी अगस्त माह के 19 और 20 अगस्त को द्वितीय गिरिडीह जिला स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि गिरिडीह योगासना स्पोर्ट संघ के तत्वाधान में पूर्व में भी दो प्रतियोगिता कराया जा चुका है और उसमें गिरिडीह के योगा खिलाड़ियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। यह पूर्ण विस्वाश है कि इसबार भी ये प्रतियोगिता सफल रहेगा और अधिक से अधिक खिलाड़ी इस बार भी सम्मलित होंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी ही राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सके गे। जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि ये प्रतियोगिता 5 आयु वर्ग में कराया जायेगा जिसमे खिलाड़ी 5 साल से लेकर 55 साल तक प्रतिभागी भाग ले सके गे। उन्हीने बताया कि इतने अधिक उम्र के लोगो के लिए इस तरह की प्रतियोगिता पहली बार हो रहा है और जिला स्तरीय प्रतियोगिता को खेलते हुए वो राष्ट्रीय स्तरीय तक के प्रतियोगिता में खेल सकते है। कोसाध्यक्ष अमित स्वर्णकार ने बताया कि योगासना स्पोर्ट संघ झारखंड योगासना स्पोर्ट संघ और योगासना भारत स्पोर्ट संघ से मान्यता प्राप्त जो पूरे देश मे योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता के लिए भारत सरकार और ओलिंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है।इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ी अंतरष्ट्रीय योगासना स्पोर्ट तक खेल सकते है।इस खेल को खेलो इंडिया और नेशन गेम्स में भी शामिल किया गया है।इस लिए गिरिडीह के खिलाड़ी भी योगासना स्पोर्ट को खेल कर अपना भविष्य सुनहरा बना सकते है और सरकार से मिलने वाले अन्य खेलों की तरह सभी सुविधा ले सकते है।

## इलाज के दौरान शिक्षक का निधन गांव में पसरा मातम

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के बरमसिया निवासी जाने माने शिक्षक अमृत प्रसाद कुशवाहा का इलाज के दौरान गिरिडीह के सदर अस्पताल मे सोमवार को निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर के गांव पहुचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही पूरे गांव में मातम पसर गया। इनके निधन के खबर मिलते ही रिश्तेदार और आसपास गांव के लोगों का अंतिम दर्शन के लिए हुजूम उमड पडा वही कई समाजसेवी ने पहुच कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढाढस बंधाया। अमृत कुशवाहा उत्क्रमित मध्य विधालय गम्हारडीह के शिक्षक थे। यह हंसमुख और मिलनसार के साथ ही व्यवहार के धनी व्यक्ति थे।

## टुंडी बिजली विभाग के सौजन्य से बिजली बिल वसूली कैंप का आयोजन



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी बिजली विभाग के सौजन्य से आज सोमवार को प्रतापपुर चरकमोड़ में बिजली बिल वसूली कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लोगों द्वारा घर के सामने इस तरह का कैंप के आयोजन पर बढ़ चढ़कर बिजली बिल जमा किया गया। बताया जाता हैं कि उपभोक्ताओं को लंबी दूरी तय कर बिजली बिल जमा करना पड़ता था अब विभाग द्वारा घर के सामने प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में इस तरह के कैंप का आयोजन किया जायेगा ताकि उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना ना पड़े । इस कैंप में बिजली विभाग के विजय कुमार विश्वकर्मा, तुलाराम पंडित, शंकर रवानी, सोनू मंडल, पप्पू मंडल ,समाजसेवी महेंद्र प्रताप पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## जिप सदस्य ने चापानल का किया शिलान्यास




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिषद सदस्य आशा देवी के मद से स्वीकृत तेलमोचो पंचायत के ग्राम कुँजी रजक टोला में रविवार को चापानल का शिलान्यास जिप सदस्य आशा देवी ने किया। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधी गणेश महतो, वार्ड सदस्य कन्हाई रजक, बिरजु रजक, निमाई रजक, आँगनबाड़ी सहायिका, सहित दर्जनभर महिला पुरूष मौजुद थे।

## पूर्व विधायक संजीव को भारी सुरक्षा के बीच ले जाया गया निजी जांच घर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएनएमएमसीएच मे इलाजरत झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को कोर्ट के आदेशानुसार आज दूसरी बार धनबाद के प्राइवेट जांच घर आशीर्वाद डाईगानोसटिक मे जांच के लिए भर्ती कराया गया जहां उनकी एक्स-रे अल्ट्रासाउंड और एमआरआई टेस्ट डॉक्टरों ने किया। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही संजीव की स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मौके पर संजीव की पत्नी सह भाजपा नेत्री भी उपस्थित थी।

# धनबाद : अपराधी बेलगाम, पुलिस को दे रहे खुली चुनौती

## दिन दहाड़े महिला के साथ हुई लाखों की लूट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी के पद खाली है। एसएसपी के साथ साथ दोनों पदों की जिम्मेवारी फिलहाल वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के पास है। मतलब दोनों के अलावा अपना काम भी उन्हें ही देखना होगा। इस बीच अपराधियों ने फिर सिर उठाना शुरू कर दिया है। शनिवार की देर रात रेल कॉलोनी मे अपराधियों ने डाका डाल दिया तो सोमवार की सुबह सरायढ़ेला थाना क्षेत्र में दिन के उजाले में एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। महिला के हल्ला करने के बाद भी बचाव के लिए कोई नहीं आया और अपराधी निश्चिंत होकर बाइक पर सवार होकर निकल गए। महिला सरायढेला थाना क्षेत्र के बनस्थली



कॉलोनी की रहने वाली है।

**महिला टहलने के लिए निकली थी कि हो गई लूट :-** भुक्तभोगी महिला सुबह टहलने के लिए निकली थी की घटना घट गई। महिला के पति के अनुसार चेन की कीमत लगभग एक लाख है। पीड़ित महिला पूनम चौधरी एवं उनके पति चितरंजन चौधरी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। चितरंजन चौधरी रिटायर्ड जीएम है और वनस्थली कॉलोनी में मकान बनाकर रह रहे है। चेन स्नेचिंग की घटनाएं कुछ महीने पहले भी अधिक हो रही थी लेकिन इधर चेन स्नेचर शांत थे लेकिन आज फिर घटना कर पुलिस को चुनौती दी है।



झारखण्ड सरकार ने अभी 7 आईपीएस अधिकारियों को स्थानांतरित किया था। 7 आईपीएस अधिकारियों में तीन धनबाद के थे। इनके तबादले के बाद धनबाद में 4 आईपीएस के पद रिक्त हो गए है।

**धनबाद जिला झारखण्ड के संवेदनशील की सूची में शामिल :-** धनबाद जैसे संवेदनशील जिले में 4 आईपीएस अधिकारियों का पद एक साथ खाली होने के बाद पोस्टिंग का इंतजार किया जा रहा है। धनबाद रेल एसपी प्रियदर्शी आलोक को बोकारो का एसपी बनाया गया है। ग्रामीण एसपी रिश्मा रमेशन को पलामू का एसपी बनाकर भेजा गया है। इन दोनों आईपीएस के तबादले से 4 पद रिक्त चल रहे है।

प्रियदर्शी आलोक गोविंदपुर के कमांडेंट के साथ साथ रेल एसपी के प्रभार में थे। वही ग्रामीण एसपी के साथ साथ रिश्मा रमेशन सिटी एसपी के प्रभार में भी थी। इसके अलावा निरसा के एसडीपीओ प्रीतम सिंह खरवार दुमका के एसपी बने हैं। धनबाद अपराध से लेकर अन्य मामलों के लिए संवेदनशील माना जाता है। यहां आर्थिक अपराध भी कम नहीं होते। गैंगस्टर भी पुलिस को ललकार कर गैंग चलाते है।

## श्री श्री रविशंकर को वैश्विक शांति स्थापना में योगदान के लिए 30 यू एस कैनेडियन सिटीज ने किया सम्मानित

### हॉवर्ड काउंटी, मैरीलैंड एवं टैक्सास के राज्यों में श्री श्री रविशंकर डे मनाने की घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ऐतिहासिक गर्व के क्षण में,भारतीय आध्यात्मिक गुरु एवं मानवतावादी श्री श्री रविशंकर ऐसे पहले एवम् एकमात्र आध्यात्मिक गुरु हैं,जिन्हें 30 यू एस कैनेडियन सिटीज ने सम्मानित किया है।होवार्ड काउंटी, मैरीलैंड एवम् टेक्सास के राज्यों में श्री श्री रविशंकर डे मनाने की घोषणा की गई है। एक प्रेस विगप्ती जारी कर यह जानकारी संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने दी। इस घोषणा में,गुरुदेव के निर्देशन में,आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान द्वारा सेवा करने, शांति एवं



आनंद का प्रसार करने, विवाद समाधान, पर्यावरण के लिए कार्य करने एवम् ध्रुवीकृत विश्व का निर्माण करने के लिए समुदायों को साथ लाने के अथक प्रयासों का सम्मान किया है एवं संज्ञान लिया है। टेक्सास के गवर्नर, ग्रेग एबॉट ने कहा गहरी प्रतिबद्धता एवम् उत्साह के साथ गुरुदेव और उनके अनुयायियों ने युद्ध में तबाह क्षेत्रों की यात्रा की, कठोर कैदियों को परामर्श दिया एवम् कट्टर विरोधियों के मतभेदों का समाधान किया। साथ ही साथ, होवार्ड काउंटी और मैरीलैंड के द्वारा एक कार्यकारी घोषणा की गई, जिसमें कहा गया मानवतावादी, आध्यात्मिक गुरु, शांतिदूत एवम् विश्व में सबसे अधिक मान्यताप्राप्त परिवर्तनकारी, गुरुदेव श्री श्री रविशंकर हमारे समाज को एक ऐसे समय में एकसाथ लेकर आए,जब ध्रुवीकरण एवं अलगाव की भावना चरम पर थी।

## चोरी की गई बीसीसीएल लोहा को ग्रामीणों ने किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों हुई भुरूंगिया एच भी सेक्शन और बिजली घर से चोरी की लोहा को भुरूंगिया ग्रामीणों ने दामोदर नदी से पहले तेलमोचों में एक लोहा गोदाम से बरामद किया और सीआईएसएफ के माध्यम से लोहा को जप्त करके ले गई । इस संबंध में भुरूंगिया के ग्रामीणों ने महुदा थाना प्रभारी को एक आवेदन देकर चोरों पर करवाई करने की मांग किया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि भुरूंगिया के सभी ग्रामिणों को जब सुबह खबर हुई की बिजली घर में चोरी हुई है तो सभी ग्रामिण चौरी हुई सामान को जांच करने दामोदर नदी के पहले तेलमोचों समीप लोहा कबाड़ गोदाम पहुँचे तो वहाँ बीती रात चोरी हुआ सारा सामान बरामद हो गया।

## सेवानिवृत हुए प्राचार्य को दी गई शानदार विदाई



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सोमवार को प्राचार्य प्रसन्न कुमार मिश्रा को उनकी सेवा निवृत्ति के अवसर पर उन्हें भावभीनी विदाई दी। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रार्थना सभा में उन्हें विद्यालय परिवार की तरफ से वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्कूल के छात्र छात्रओं ने भी बुके, कार्ड तथा पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य को सम्मानित किया। शिक्षकों ने अपने संबोधन में प्राचार्य के उज्जवल भविष्य कि कामना की। वर्ष 1994 मे शिक्षक के रूप मे नियुक्त तथा वर्ष 2023 मे प्राचार्य के रूप में सेवानिवृत्ति हुए प्राचार्य प्रसन्न कुमार मिश्रा प्राचार्य ने सभी शिक्षकों के कार्यो की सराहना की और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## ज्वाला पब्लिक स्कूल में मलेरिया व डेंगू का चलाया गया जागरूकता अभियान



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बेंगाबाद प्रखंड के ज्वाला पब्लिक स्कूल, केन्दुआगढ़ा में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसमे स्वस्थ्य विभाग के सुपरवाइजर प्रभात कुमार रंजन ने वेक्टर रोग से विशेष रूप जे मलोरिया ओर डेंगू पर विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से होता ह4। मच्छर का मुख्य कारण गंदगी और पानी का जमाव है। जगह जगह पर पानी का जमाव होता है। इससे मच्छर पनपता है। स्कूल के प्राचार्य रणधीर प्रसाद ज्वाला, पप्पू कुमार वर्मा, राज कुमार वर्मा, तानिया विश्वकर्मा, अंजनी प्रसाद, खुशी सिंह, प्रिया कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, पायल कुमारी आदि उपस्थित थे।

### मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमिटी की बैठक संपन्न

## कूड़े-कचरे के ढेर में खड़ा नगर निगम : पवन महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 21 जुलाई सोमवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मायुमो जिलाध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। निगम क्षेत्र के 54 वार्डो में अधिकांश वार्डो की सुलभ शौचालय कचरे के ढेर में खड़ा है। साफ-सफाई का अभाव में गंदगी



का अंबार लगा हुआ है। शहरी क्षेत्रों के पुराना बाजार, स्टेशन मोहल्ला, झरिया के कपड़ा पट्टी, बर्तन पट्टी, सोना पट्टी, सब्जी पट्टी, कुसुम बिहार आदि क्षेत्रो में स्वच्छता की सबसे बड़ी समस्या है। जहां-तहां कचरे का अंबार लगा हुआ है। बरमसिया आम तालाब की खुदाई के रास्ते को तोड़ दिए जाने के कारण आम जनता को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। निगम के कोलियरी क्षेत्रों की दुर्दशा काफी दयनीय है। नये सड़क बनते हैं और दो माह में सड़क टूटना शुरू हो जाता है। प्रधानमंत्री की घर-घर शौचालय योजना धरातल में कहीं नजर नहीं आता है। अधिकांश शौचालय की गुणवत्ता सही नहीं रहने कारण बंद पड़ा हुआ है। सर्वे किया जाए तो अभी भी आम जनताओं से शौचालय काफी दूर है। नगर निगम की दुर्दशा एवं जन समस्याओं की निदान को लेकर 21 जुलाई को धनबाद नगर निगम कार्यालय का घेराव प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, संतोष रवानी, सुरजीत चंद्रा, सुरेश दास, अमन चौहान, कृष्ण कुमार उर्फ लल्ला, रोहित साहू, अभिषेक कुमार, सुमित दास, चीकू, अमर, कुलदीप, संजयू, मोहित महतो आदि शामिल थे।

## संयुक्त संघर्ष समिति की मेहनत रंग लाई : सचिन सिंह



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सेल कंपनी कि डेढ़ वर्ष से बंद जीतपुर कोलियरी के खुलने के आसार से एक बार फिर यहां के कर्मी आत्मनिर्भर होंगे। साथ ही पुरे जीतपुर का कायाकल्प होगा। बैठक में राकोमस, जनता मजदूर संघ कुंती गुट, बीसीकेयू, इनमोसा, बीएमएस आदि श्रमिक संगठनों के नेता अपने समर्थकों के साथ थे जिन्होंने उक्त बातें सोमवार को जीतपुर कोलियरी के प्रांगण में संयुक्त मोर्चा समर्थकों कि हुई बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कही। बैठक में मोर्चा के सचिव सचिन सिंह, अध्यक्ष अमरजीत पासवान, राजकुमार सिंह, मो इस्लाम, अमरजीत पासवान, प्रहलाद कुमार, मो सागीर आदि मौजुद थे।

## नीलकंठ रवानी हुए झारखंड आंदोलनकारी घोषित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग द्वारा मुझे भी 11 नवंबर 2022 को चिन्हित किया गया। वैसे मुझे तो बहुत पहले ही चिन्हित करना चाहिए था लेकिन कोई बात नही है, देर आये दुरुस्त आये। उक्त सारी बातें जिला संयोजक डाटा मैनेजमेंट भाजपा धनबाद के नीलकंठ रवानी ने कही। उन्होने कहा की मुझे इस बात की खुशी है की मुझे झारखंड आंदोलनकारी घोषित किया गया। हम कई नाकाबंदी एवं अलग राज्य के लिए पुलिस के मार से घायल भी हुए है। इसके बावजूद मुझे पेंशन तो दूर



सम्मान भी नही मिला है। इसलिए मै झारखंड सरकार से आग्रह करता हूँ कि हम जैसे झारखंड आंदोलनकारी को यदि पेंशन नही दे सकते तो कम से कम सम्मान देने का कष्ट जरुर करें। इसके लिए हम सभी आभारी रहेगें।

# गिरिडीह : चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने नए एसपी का किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल गिरिडीह के नए एसपी दीपक कुमार शर्मा से मुलाकात की।

इस दौरान बुके देकर एसपी सर का स्वागत किया गया। इस दौरान व्यवसायियों की सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर भी बातचीत की गई।

प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष राहुल वर्मन, पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार, वरीय उपाध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल भदानी, सौरभ महासेठ व मशरुर आलम सिद्दीकी शामिल थे।

## बीबीएमकेयू मेन गेट के बाहर चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला के विश्वविद्यालय बीबीएमकेयू में कुलपति के द्वारा हो रही मनमानी को लेकर एनएसयूआई के सदस्य व कार्यकर्ताओ के साथ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने सोमवार को यूनिवर्सिटी के पुराने बिल्डिंग के गेट को बंद कर उसके सामने धरना दिया और कुलपति के खिलाफ हाय हाय का नारा भी लगाया। मामला यह है की यूनिवर्सिटी के छात्रों को 6 सेमेस्टर का फॉर्म भरने नही दिया जा रहा है जिसकी वजह उन छात्रों को 6 सेमेस्टर के फॉर्म से पहले अपने सभी बैक लोग को क्लियर करना है, तब छात्र अपना 6 सेमेस्टर के फॉर्म भरने के योग्य होंगे। जिस पर छात्रों का कहना है की इस रवय्या से हमारा पूरा साल बर्बाद हो जायेगा, जिसकी पुरी जवाबदेही कुलपति की होगी।

## रेल कार्यालय में प्रेमचंद जयंती सह हिंदी कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** आज पूर्व मध्य रेलए मुख्यालय/हाजीपुर में प्रेमचंद जयंती सह हिंदी कार्यशाला का आयोजन हुआण् इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए वरीय साहित्यकार डॉ शैलेन्द्र राकेश ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि पूर्व मध्य रेलए मुख्यालय/हाजीपुर द्वारा उत्साहपूर्वक प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजभाषा विभाग गण. मान्य साहित्यकारों की जयंतियों को प्राथमिकता के आधार पर आयोजित करता रहता है ताकि हिंदी भाषा का प्रचार. प्रसार बढ़े हीए रेल कार्यालय में सृजनात्मक वातावरण का निर्माण भी हो।डॉ राकेश ने कहा कि प्रेमचंद का स्थान कोई दूसरा लेखक नहीं ले सकताए किसी रचनाकार की रचनाओं में सच्चाई और यथार्थवादीए प्रगतिशील मूल्य तब उभरते हैं जब उसका जीवन भी वैसे मूल्यों का वाहक होण् उन्होंने प्रेमचंद की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का सलाह दिया और कहा कि हम प्रेमचंद के ऋणी हैं और उनकी विरासत को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। प्रेमचंद और हिंदी के विकास पर बोलते हुए सहायक कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा और साहित्य को विश्व की उन्नत भाषाओं के समकक्ष बनाने में प्रेमचंद का महत्वपूर्ण योगदान है। राजभाषा अधिकारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आजीवन गरीबी और अभाव से लड़ते हुए प्रेमचंद ने हिंदी के लिए जो कार्य किया वह ऐतिहासिक महत्व का है। इस अवसर पर रेलकर्मियों ने प्रेमचंद के जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रेमचंद वास्तव में कलम के सिपाही थे कार्यक्रम के दूसरे. सत्र में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गयाण् कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ शैलेन्द्र राकेश ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


पेड़ लगाना हम सबकी जिम्मेदारी, दूर न भागें लोग : विधायक भूषण बाड़ा

# विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा में अपने नाम पर लगाया आम का पौधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को विधानसभा परिसर में अपने नाम पर एक आम का पौधा लगाया। विधायक ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है। पर्यावरण की सुरक्षा हम सबों की जिम्मेवारी है। हमारे पूर्वजों ने हम सब के लिए प्रकृति का अमूल्य उपहार छोड़ा है। लेकिन आज की पीढ़ी अपनी इस जिम्मेवारी से दूर भाग रही है। इसी का नतीजा है कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। अगर जल, जंगल और जमीन को नहीं सहेज सके तो यह आने वाले समय मे काफी दुःखद होगा। ये जीवन जीने के आधार हैं। विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की बातें तो हम बहुत करते हैं। अगर उन बातों पर हम खरा उतरे तो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचेगा। वनों के महत्व को समझने की आवश्यकता है। लेकिन चिंता का विषय भी हमारे समक्ष है, कि जिस प्रकार हम विकास की सीढ़ियां चढ़ रहें हैं। उससे विनाश को भी आमंत्रण दे रहें हैं। अगर सामंजस्य नहीं बैठाया तो मानव को ही खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में साहित्य सम्राट प्रेमचंद्र की मनाई गई जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में साहित्य सम्राट, महान नाटककार, उपन्यासकार और कथाकार प्रेमचंद जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने कहा कि प्रेमचंद सिर्फ एक शख्स नहीं बल्कि अपने आप में साहित्य थे। उनके साहित्य को पढ़कर पता चलता है कि समाज एवं साहित्य की आत्मा भारत के गांव में बस्ती है। स्वच्छ समाज और सुंदर साहित्य का सृजन ग्रामीण परिवेश, सभ्यता और संस्कृति में ही संभव है। यही कारण है कि प्रेमचंद ने अपनी कथाओं में शहर के कोई नामी-गिरामी लोगों को पात्र के रूप में ना चून कर गांव के हल्कू,मुन्नी,होरी, झूनियां गोबर जैसे पात्रों को अहम स्थान देकर दबे-कुचले लोगों की वास्तविक स्थिति को लोगों को सामने लाने का प्रयास किया। विद्यालय के बच्चों ने भी कलम के सिपाही प्रेमचंद जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला जिनमें आराध्या उमेश वंदना पूजा सुमन्त मोहित पलक महविश मीनाक्षी आदि प्रमुख हैं।

## हनहट के 70 वर्षीय भारतीय जनसंघ कार्यकर्ता का निधन, सांसद समेत भाजपाईयों ने जताया शोक



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत ग्राम हनहट निवासी सीताराम महतो के चाचा भारतीय जनसंघ के कर्मठ कार्यकर्ता श्री रमेश महतो उम्र (70) वर्ष का 30 जुलाई देर शाम निधन हो गया है। दिवंगत रमेश महतो कैंसर जैसे गंभीर बीमारी का सामना कर रहे थे उनके अचानक निधन से कैरो प्रखंड भारतीय जनता पार्टी परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन की समचार सुनने के उपरांत क्षेत्र के लोकप्रिय लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत,पुर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सद्स्य ओमप्रकाश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव, पुर्व जिलाअध्यक्ष राजमोहन राम,प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, अजय पंकज जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, सुरज मोहन साहू, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा,बालकृष्ण सिंह, अल्पसंख्यक प्रदेशकोषाध्यक्ष नजीर आलम खान, जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विन्देश्वर उराँव, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, जिलाकार्यसमिति सद्स्य मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेन्द्र महतो, बजरंग उराँव, मुखिया श्रवण मुंडा, स्थानीय गोविंद महतो,शशिकान्त सिंह इत्यादि भाजपायीईयों ने जनसंघ कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की है।

## जय श्री राम समिति के नेतृत्व में निकला पैदल कांवर यात्रा किया जलाभिषेक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति नगर कमेटी के द्वारा सावन के शुभ अवसर पर कावड़ पैदल यात्रा शंख नदी से जल उठा कर स्वयंभू महादेव मंदिर छतर बगीचा में जलाभिषेक किया गया। कावड़ यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व नदी से जल उठा कर मंत्रोचार एवं बोल बम-बोल बम के जयघोष के साथ यात्रा शुरू की गई इस कावड़ यात्रा में भक्तों में काफी उत्साह देखते ही बन रही थी बड़े बच्चे महिलाएं सभी झूमते हुए अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे। ज्ञात हो कि 25 वर्षो के बाद कावड़ यात्रा शुरू होने से लोगों में काफी खुशी थी हर कोई जय श्री राम समिति के प्रति सराहना व्यक्त करते नजर आए। जो पतराटोली, ब्लॉक, बस स्टैंड, सुभाष चौक, अमला टोली थाना टोली अप्पर बाजार, मिशन चौक होते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंच जलअभिषेक एवं पूजा अर्चना किया गया। पूजा के पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया मंदिर प्रांगण में चारों ओर बोल बम बोल बम के नारों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। इस सफल कावड़ यात्रा में जिला अध्यक्ष राजीव रंजन नगर अध्यक्ष दीपक साहू महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान समेत सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का भूमिका सराहनीय रहा। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, महावीर मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, अजय पंकज जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष ओंकारनाथ सहदेव, सूरज अग्रवाल, मनोज गुप्ता, वार्ड पार्षद कमला देवी, सुनील अग्रवाल, अनिल उरांव, रामवृक्ष महतो समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## चौथी सोमवारी पर मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़ हर हर महादेव के उद्धोष से हुआ गुंजायमान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पवित्र माह सावन महीने के चौथे सोमवारी को पूजा अर्चना के लिये मंदिर और देवालयों में उमड़ी श्रद्धालु भक्तों का भीड़। सावन माह के चौथे सोमवारी के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन शिव मंदिर और देवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी साथ ही प्रखंड मुख्यालय के अलावे सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, बदला, झखरा, सेन्हा, बक्सीडीपा, चंदवा गढ़गाँव, कोराम्बे सहित अन्य शिव मंदिरों में महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना के लिये सुबह से ही महिला पुरुष और बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु भक्तों का मन्दिर में आना प्रारंभ हो गया था.इस दौरान मंदिर में दिनभर भक्तों का भीड दिखाई दिया। मौके पर भक्तों ने शांति पूर्वक हर्षोउल्लाश के साथ पूजा अर्चना किया वही कही कही मंदिरों अधिक भीड़ होने के कारण पूजा कराने के लिए पंडितों के द्वारा लोगों को बारी बारी से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा था.जिसे प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं भक्तों की भीड़ लगी रही.भगवान शंकर का पवित्र माह सावन के चौथे सोमवारी को श्रद्धालु भक्तों द्वारा विशेष रूप से उमंग व उत्साह के साथ महादेव भोलेशंकर का पूजा अर्चना किया गया.जिसे सभी जगह मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालु भक्तों का भीड़ से मेला सा दृश्य लग रहा था.वही श्रद्धालु भक्त विभिन्न नदी और जलाशयों से जल ले कर बोल बम और हर हर महादेव का जयकारा करते हुए मंदिर परिसर पंहुच श्रद्धा और भक्ति भाव से उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर भगवान शंकर से श्रद्धालु भक्तों द्वारा अपने लिये तथा क्षेत्र के लिये सुख शांति का मङ्गल कामना किया गया।

## डीईओ ने नवनिर्मित बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, कहा जल्द शुरु होगी पढ़ाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो मुख्यालय स्थित नव-निर्मित झारखंड आवासीय विद्यालय कैरो का 31 जुलाई सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर ने किया निरीक्षण। डीईओ ने निरिक्षण के क्रम मे पठन पाठन हेतु क्लास रूम,व छात्राओं के रहने हेतु आवासीय रूम का निरीक्षण के क्रम मे कहा कि,कैरो प्रखंड मे बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है,साथ ही निर्माण कार्य पुर्ण करने के उपरांत कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा भवन विभाग को हस्तांतरित कर दिया है, बहुत जल्द ही विभाग के आदेशानुसार कैरो प्रखंड स्थित एकमात्र आवासीय विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ छात्राओ को आवासीय सुविधा भी उपलब्ध हो जायेगी। बिदित हैं कि कैरो प्रखंड क्षेत्र मे बालिका आवासीय विद्यालय नही रहने के कारण प्रखंड क्षेत्र के बालिकाएं को कुडु, लोहरदगा या अन्य आवासीय विद्यालय मे नामांकित कराकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती थी। यहाँ पठन-पाठन का कार्य प्रारम्भ होने से प्रखंड क्षेत्र के बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करने मे आसान होगो एवं प्रखंड क्षेत्र के अधिक से अधिक बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। मौके पर निरिक्षण के क्रम मे विभाग के कनिय अभियंता उमेश प्रसाद समेत विभाग के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन और विकास में भागीदार बने बच्चे : सुमन गुप्ता



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल् कुटमू लोहरदगा में हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन को लेकर चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। विद्यालय में इस पद के लिए चार प्रत्याशी सुरज सिंह,सोनाली कुमारी, अनुष्का कुमारी, और कृती उराव ने अपना पर्चा भरा। बच्चों चुनाव प्रक्रिया के पुर्व विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सुमन गुप्ता के द्वारा चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। उसके पश्चात इस पद के लिए चार प्रत्याशी सुरज सिंह, सोनाली कुमारी, अनुष्का कुमारी, एवम कृति उरांव के द्वारा हाउस कैप्टन और वाइस हाउस कैप्टन के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत कि गई। मतदान प्रक्रिया और मतगणना के बाद सुरज सिंह सबसे अधिक मत प्राप्त कर हाउस कैप्टन बने जबकि सोनाली कुमारी ने दुसरे स्थान प्राप्त करते हुए वाइस हाउस कैप्टन का पद प्राप्त किया। हाउस कैप्टन और वाइस हॉउस कैप्टन का चुनाव बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है। जंहाँ वे अपने विचार रख सके और विद्यालय के प्रबंधन एवं विकास में भागीदार बन सके। बच्चों में जीवन कौशल का विकास करने के लिए जैसे तत्व छमता निर्णय छमता और उनके वयक्तित्व का विकास करने के लिए किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनिमा साहू, किरण ज्योति लकड़ा, पूजा मिंज, खुशबू कुमारी और विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्तिथ थे।

## श्रावण मास के चौथे सोमवारी के उपलक्ष्य मे कैरो देवी मंदिर में 24 घन्टे का हुआ अखंड हरिकीर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड मुख्यालय में सावन के चौथे सोमवारी पर 31 जुलाई सोमवार को देवी मंदिर कैरो मे 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारम्भ पुरोहित कौशल कांत त्रिपाठी द्वारा विधिवत रूप से कराया गया। जिसके बाद टाटी, खरता, गनेशपुर, नरौली, खंडा, कैरो, उतका, गुड़ी आदि के कीर्तन मंडली द्वारा हरे राम-हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण का भजन प्रस्तुती से, एवं आसपास गेरुवा पताका से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। हरिकीर्तन को सफल बनाने में प्रखंड 20 सुत्रि सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी, बालेश्वर साहू, राजेन्द्र सोनी, प्रभु भगत, डॉक्टर भोला प्रसाद, रामपवित्र सोनी, राजु सोनी, सुरजमोहन साहू, विवेक प्रजापति, राजेश सोनी, गंगा साहू आदि की अहम भूमिका रही।

## वृद्ध महिला की कुएं में डूबने से हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पारही डांडी टोली में वृद्ध महिला का कुएं में डूबने से हुई मौत परिजनों के बीच छाया मातम घटना की सूचना पर शोकाकुल परिवार से मिले मुखिया। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत स्थित पारही डांडी टोली में सोमवार को वृद्ध महिला का शव कुएं में देख परिजनों के बीच छाया मातम घटना की सूचना पर परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से कुएं से शव निकलवा कर अंतिम संस्कार में जुट गए वही बताया जाता है। कि घटना के पूर्व परिवार वाले खेत में काम करने गये हुए थे। जब खेत से घर लौटे तो वृद्ध महिला सुखइन उराइन घर में नही मिली इस पर परिजन आसपास में छानबीन करने लगा तभी एक महिला द्वारा कुएं से पानी भरने के दौरान वृद्ध महिला पर नजर पड़ा तो शोर गुल करने लगी जिसे शोर गुल सुन लोग एकत्रित हुए और ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकाला गया। परिजनों ने बताया कि सुखइन उराइन शरीर से कमजोर थी। और आंख भी दिखाई नही देता था। जो घर से निकल कर गलती से आंगन की ओर चली गई और कुएं के ऊपर घेरा नही होने कारण कुएं में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर भड़गांव पंचायत मुखिया अनिल उराँव समाजसेवी बालेश्वर उराँव शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दुःख की घड़ी में ढाढस बांधते हुए शव का अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस संदर्भ में मुखिया अनिल उराँव ने परिजनों के अनुसार बताया कि वृद्ध महिला का उम्र लगभग 80 साल हो चुका था। और वह शरीर से कमजोर थी तथा आंख से दिखाई नही देने के कारण गलती से कुएं में जा गिरी जिससे उसकी मौत कुएं के गहरे पानी में डूबने से हो गया।

## नाबालिक लड़की अपहरण मामला में सेन्हा थाना पुलिस लड़का को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** नाबालिक लड़की अपहरण मामला में लड़का का संलिप्ता पर लोहरदगा अजय उद्यान के समीप से गिरफ्तार सेन्हा पुलिस भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की के अपहरण का मामला सेन्हा थाना में दर्ज किया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कारवाई के दौरान संलिप्त अपहरण आरोपी को लोहरदगा अजय उद्यान के समीप से गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल इस संदर्भ में पु0आ0नि गणेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी लड़का न्यू आजाद बस्ती लोहरदगा निवासी स्वर्गीय जुबेर अंसारी के 19 वर्षीय पुत्र टिंकू कुरैशी उर्फ सद्दाम अंसारी को अपहरण मामला में संलिप्ता की पुष्टि होने पर सेन्हा थाना कांड संख्या 20/23 धारा 376,109,120 बी पोक्सो एक्ट के तहत सोमवार को गुप्त सूचना पर अजय उद्यान लोहरदगा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि नाबालिक लड़की के अपहरण मामला में अप्रथमिक अभियुक्त स्व जुबेर अंसारी के पुत्र टिंकू कुरैसी उर्फ सद्दाम अंसारी का संलिप्ता की पुष्टि हुआ जिसके आलोक में गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेजा गया। आरोपी के गिरफ्तारी में पु0आ0नि0 गणेश कुमार यादव दल बल के साथ शामिल थे।

## बारिश नहीं होने से प्रखंड क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति किसान चिंतित



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में मौसम की बेरुखी इस बार प्रखंड क्षेत्र के किसानों को परेशान काफी परेशानी रही है। जुलाई माह खत्म होने पर भी अच्छी बारिष नहीं होने से किसान चिंतित हैं। धान की रोपाई के लिए डर सता रहा है। कि कहीं अकाल ना पड़ जाए। पिछले साल की तुलना में इस बार अब तक नही के बराबर बारिष हुई है। बारिष नहीं होने पर भी समय से धान का बिचड़ा कर किसानों द्वारा किसी तरह से मोटर पंप से सिंचाई कर बचाया गया.किसान भी मोटर पंप से पटवन कर थक हार गये हैं?। किसानों के बिचड़ा भी पिला हो है। सिंचाई कज़ साधन नही होने के कारण बहुत से किसानों का बिचड़ा पूरी तरह जल चुका है.कुछ किसानों के द्वारा किसी तरह सिंचाई कर रोपनी कार्य किया गया। लेकिन रोपनी वाले खेतो में पानी सूखने से दरार पड़ना शुरू हो गया है। वही तेज धूप भी किसानों को परेशान कर रही है। बारिष होने से खेतों में नमी बना रहना चाहिए जिसे बारिश नहीं होने से धान का बिचड़ा जल कर मुरझा रहा है। और खेतों में दरार फटा हुआ है। जिसके कारण धान का बिचड़ा पूरी तरह बर्बाद होने के कगार पर है। कभी कभी आसमान में बादल तो छा रहा है लेकिन बारिष नहीं हो रही है। बुंदाबांदी बारिश तो होती है। जो किसानों की आवश्यकता से काफी कम है। आसमान में बादल छाए रहने से किसानों को बारिश होने की आश रहती है.लेकिन बारिष नही होने से किसानों के अरमानों पर पानी फिर जाता है। इस समय दिन में धूप गर्मी का तापमान तो रात को आसमान में तारे नजर आते हैं। गर्मी से लोग झुलस रहे हैं। जुलाई माह खत्म हो गया परन्तु अभी तक किसानों के आश अनुरूप बारिष नहीं हो पाया है। बारिष नहीं होने के कारण गर्मी भी चरम पर है। जिससे लोग परेशान हैं। प्रत्येक दिन अधिकतम तापमान 37 डिग्री से ऊपर है। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहता है। बारिश नही होने के कारण खेतों में पड़ी दरारें मुरझाए पौधे व उड़ते धुल देख किसान व्याकुल चिंतित हैं। आर्थिक रूप से संपन्न किसान अपने खेतों की पंप सेट या अन्य साधनों से कर ले रहे हैं। लेकिन छोटे किसानों के लिए सिचाई एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। जिन्हें बारिष का ही आश है।

## कमल किशोर भगत लोहरदगा के लिए विकास पुरुष थे : विलियम कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू पार्टी के द्वारा लोहरदगा प्रखंड के तिगरा लालपुर में रामकिशोर भगत की अध्यक्षता में जन -पंचायत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव विलियम कुजुर जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जन पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि कमल किशोर भगत वास्तव में विकास पुरुष थे। अपने विधायकी कार्यकाल में उन्होंने जो लोहरदगा का विकास किया और भविष्य के लिए विकास की योजनाएं बनाई उसे भुलाया नहीं जा सकता। विलियम कुजूर ने कहा कि लोहरदगा जिला का सर्वांगीण विकास हो सके यही उनका सपना था और उन सपनों को पूरा करने के लिए आजसू पार्टी वचनबद्ध है ।उन्होंने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र की जनता ही कमल किशोर भगत का अपना परिवार था। वे हमेशा गांव और ग्रामीणों के बीच ही अपना समय व्यतीत करते थे और लोगों के साथ बैठकर सलाह मशवरा लेकर क्षेत्र के विकास के लिए ईमानदारी के साथ काम करते थे। जिला प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने कहा कि कमल किशोर भगत व्यक्तित्व और विचार के धनी व्यक्ति थे। सबको अपना समझना और सबको साथ लेकर चलना उनकी एक बड़ी खासियत थी। सभी समुदाय के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना और जन- समस्याओं को सुलझाना उनकी दिनचर्या कि अहम हिस्सा थी। सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक कमल किशोर भगत काफी व्यवहार कुशल और मृदुभाषी थे। रामचंद्र गिरि ने कहा कि कमल किशोर भगत ने लोहरदगा क्षेत्र की जनता में राजनीतिक जागृति लाने का काम किया। कमल किशोर भगत जी लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड के कद्दावर नेता थे और उन्हीं के पद चिन्हों में चलकर आजसू पार्टी जनसमस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि कमल किशोर भगत हर दिल अजीज थे। महिलाओं के उत्थान के लिए जो कार्य उन्होंने किया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोहरदगा जिला में महिला मंडल की स्थापना और महिलाओं को सभी क्षेत्रों में आगे लाना उनका सराहनीय कार्यों में से एक रहा है और लोहरदगा का महिला मंडल पूरे झारखंड के महिलाओं के लिए एक रोल- मॉडल बन कर सामने आया। यही कारण है कि आज भी स्वर्गीय कमल किशोर भगत के प्रति महिलाओं के हृदय में अपार लगाव देखा जाता है।

## देश में आदिवासियों के सुरक्षा की मांग को लेकर विधायक भूषण बाड़ा सहित अन्य कांग्रेसी विधायकों ने विधानसभा में किया विरोध प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने आदिवासियों पर हो अत्याचार के खिलाफ तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मणिपुर की घटना पर रोक लगाने की केंद्र सरकार से मांग की। मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि भाजपा राज में देश में आदिवासियों पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है। आये दिन दिन दहाड़े आदिवासी युवतियों के साथ रेप, दुष्कर्म, मारपीट जैसे अपराध बढ़ गया है । आदिवासियों पर अन्याय और अत्याचार हावी है। आदिवासियों का हक और अधिकार छीना जा रहा है। समान नागरिक कानून लाने के नाम पर आदिवासियों का अस्तित्व मिटाने की साजिश रची जा रही है। ऐसे में कांग्रेस देश के आदिवासियों, मुसलमानों, दलितों, एवं गरीबों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना के लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में देश की बहन बेटियां भी असुरक्षित है। आदिवासियों का शोषण हो रहा है। केंद्र सरकार आदिवासियों की सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाए। नहीं तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। आदिवासियों, दलितों, मुसलमानों, गरीबों की हक की लड़ाई के लिए कांग्रेस पार्टी कभी भी पीछे नहीं रही है और आगे भी पहले पायदान पर ही खड़ी रहेगी।

## चलते चलते एक नजर

### लायंस क्लब ऑफ धुर्वा का 60वां व क्लब ऑफ हिनू का 6वां इंस्टालेशन समारोह मनाया गया

**रांची** : आज लायंस क्लब ऑफ धुर्वा का 60वां और लायंस क्लब ऑफ हिनू का 6वां इंस्टालेशन समारोह होटल शिवानी इंटरनेशनल में हुआ. डिस्ट्रिक्ट गवर्नर स्लस्न कमल जैन, इंस्टालेशन अफसर राजीव लोचन , इंडक्शन अफसर सुनील केडीए , वी.के . महेन्द्रू , सिद्धार्थ मजूमदार ईस्ट विंग सीमा बाजपाई बिनोद प्रकाश , रीजन चेयरपर्सन आशीष निमणि जोन चेयरपर्सन लं देबजानी भट्टाचार्जी के उपस्थित मई कार्यक्रम हुआ। हमारे गेस्ट ऑफ हॉनर डॉ नितीश प्रियदर्शी जो की झारखंड के जाने माने जियोलॉजिस्ट है , उन्होने भी हमे अपना मार्गदर्शन दिया । उनका कहना था कि हमे आज खूद को बचाना होगा । इस पृथ्वी को बचाना है तो खूद के लिए पेड़ पौधे लगाना अवश्यक है ।कार्यक्रम का शुरूआत द्विप प्रज्वलन और मीरा सिंह के मंत्र उच्चारण से हुआ। फिर राग राइम ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स के बच्चो ने गणेश वन्दना पर एक नृत्य प्रस्तुत किया । धुर्वा के पूर्व प्रेजिडेंट लं सुरेश मजूमदार ने नई टीम प्रेजिडेंट लं मनोज सिंह , सेक्रेटरी लं मुकेश बर्मन ट्रेझर लं विनय प्रसाद को दायित्व सौंपा । हिनू के पूर्व प्रेजिडेंट लं देबजानी ने नई टीम प्रेजिडेंट लं चंदा सिंह , सेक्रेटरी लं नंदिता सान्याल ट्रेझर लं बिंटू कुमारी को सौंपा । दोनो क्लब ने आज कुछ नऐ सदस्य को जोड़ा। अंत मे सीनियर लं राजकुमारी सिंह ने वोट ऑफ थैंक्स और सभा ने राष्ट्रीय गान के साथ सभा की समाप्ती की।

# हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल पेश करते हैं डाली बाजार के मनोज विश्वकर्मा : कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले के छतरपुर अनुमंडल के पंचायत डाली बाजार के आजाद नगर मिलान पर और कौशल नगर चौक परिसर में मुहर्रम के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल को उप मुखिया अफजाल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि जुबेर अंसारी , पूनम अपार्टमेंट के मैनेजर शमीम अंसारी, खजांची गुलाम गौस, पंचायत समिति सदस्य शहाबुद्दीन अंसारी, यासीन अंसारी, शमीम अख्तर, एवं साकिम अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने पगड़ीपोशी कर फूल माला देकर स्वागत किया। हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 शहीदों की शहादत में छतरपुर, डाली बाजार, चेगौना,माडवा,मुंगेरी, अलीपुर,नावा समेत दर्जनों जुलुस में शामिल हुए। मौके पर जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि हुसैन साहब का कत्ल करने के बाद भी यजीद का अंत होना उनकी शहादत के मर्म को दर्शाता है। हजरत इमाम हुसैन साहब एवं उनके 72 शहीदों की शहादत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। उनकी याद में आज संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा



कि बुराई कितनी भी मजबूती से पैर पसारे लेकिन हमें कभी भी अच्छाई का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि डाली बाजार के लोग वर्षो से हिंदू मुस्लिम एकता का एक अलग मिसाल पेश करते आ रहे हैं। उसी का जीता जगता सबूत है कि डाली बाजार के मनोज विश्वकर्मा पिछले डेढ़ दशक से ताजिया बनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनोज विश्वकर्मा डाली बाजार के तीन कारीगर नसरुद्दीन अंसारी, इनामुल हक एवं राजा बाबू के सहयोग से आजाद नगर का आकर्षक ताजिया बनाया था। जो उस क्षेत्र में जुलूस के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा। हर लोगों ने इस कार्य के लिए उनकी बेहद सराहना की। मौके पर सुचित कुमार जायसवाल , सत्येंद्र प्रसाद,रामजी प्रसाद, लालबाबू प्रसाद,बसीर अंसारी, शकील अंसारी, अनवर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, करीम अंसारी, जुम्मन अंसारी, बदानी अंसारी,राकेश रंजन, विनोद यादव, श्यामदेव पासवान, शिवनाथ राम, अवधेश राम, बाबूराम, असगर अंसारी, नगाड़ा अंसारी, ताज मोहम्मद, राजेश्वर मिस्त्री,समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में विदाई समारोह आयोजित

**रांची** : आज सीनियर प्रो (डॉ) विजय सिंह जियोलॉजी के एच ओ डी और इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के डायरेक्टर, रांची विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में उन्हें विदाई दी गई । डॉ मोहम्मद जाकिर ने उन्हें गुलदस्ता, कोऑर्डिनेटर प्रो नितेश राज शॉल, प्रो निशीकांत प्रसाद, डॉ हैप्पी भाटिया और डॉ प्रिंस पांडे ने मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया । प्रो नितेश राज ने डायरेक्टर सर द्वारा की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उन्हें शुभकामनाएं दी । आई एल एस के अन्य प्रोफेसरों ने अपने अपने विचार रखे । सभी ने उनके कार्यकाल में हुई उपलब्धियों की सराहना की।

## नक्सली घटना पर जीवित बचे सीआरपीएफ के जवान वीरेंद्र टोप्पो पर बनी फिल्म दंतेवाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : नक्सलवाद जैसी घटनाओं पर पहले भी कई फिल्में बन चुकी है, लेकिन झारखंडी पुत्र और संगीत नाटक अकादमी के सदस्य , अंतरराष्ट्रीय लोक संगीतकार, फिल्म निर्माता- निर्देशक नंदलाल नायक द्वारा झारखंड और छत्तीसगढ़ के नक्सलियों पर एक फिल्म लेकर आ रहे हैं । इस फिल्म का नाम दंतेवाड़ा है, जो छत्तीसगढ़ जिला के दंतेवाड़ा में तीन सितंबर 2005 को हुए नक्सली घटनाओं पर आधारित है । इस फिल्म को लेकर सोमवार को आइलेक्स सिनेमा घर में ग्लीम्स का आयोजन किया गया। इस 3 मिनट के ग्लीम्स ने 2 घंटे की फिल्म की कहानी को बताने की पूरी कोशिश की है। इस 3 मिनट के ग्लीम्स इतना प्रभावशाली रहा कि सिनेमा घर में बैठे दर्शकगण, पत्रकार, फिल्ममेकर जो थे, इस ग्लीम्स को दोबारा देखने के लिए निर्देशक से अपील की और फिर से दोबारा दिखाया गया।

**सच्ची घटना को सिल्वर स्क्रीन पर उतारने का प्रयास:** प्रभात मंत्र संवाददाता परवेज कुरैशी से बात चीत में सीआरपीएफ डीआईजी वीरेंद्र टोप्पो ने बताया कि फिल्म की खासियत यह है कि यह दंतेवाड़ा की सच्ची घटनाओं पर आधारित है । सबसे बड़ी बात यह है कि उस वक्त सीआरपीएफ के जवानों के साथ दंतेवाड़ा में नक्सलियों से लोहा लेने के लिए मोर्चा संभाले हुए था, नक्सलियों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया था और स्थानीय लोगों का सहयोग भी मिल रहा था, जन जागरण और सलमा जुडुम जैसे अभियान चला कर नक्सली मूमेंट पर




लगाम लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। तभी 3 सितंबर 2005 को दंतेवाड़ा में लाइनमैंडस से एक भीषण दुर्घटना हुई थी, जिसमें वाहन दो टुकड़े में बट गया था 22 जवान शहीद हो गए थे और मैं घायल हुआ था और बच गया आज जीवित हूं आपके सामने हूं। मेरे जीवनपर ही फिल्म बनाई जा रही है।वर्तमान में झारखंड के कोरबा बटालियन के सीआरपीएफ के के पद पर पदस्थापित हैं। दंतेवाड़ा घटना से जुड़े सीआरपीएफ डीआईजी वीरेंद्र कुमार टोप्पो की भूमिका को मशहूर रंगकर्मी व छोटी , बाहा, धूमकुड़िया जैसी बेहतरीन फिल्मों में यादगार अभिनय करने वाले अभिनेता प्रद्युमन नायक ने निभाया है। प्रद्युमन ने इस फिल्म में वीरेंद्र टोप्पो के किरदार को कितना अपने जीवन में उतार पाए हैं,और फिल्म की कहानी, संगीत कितना पसंद आयेगा इसके लिए फिल्म का इंतजार करना होगा । मौके पर लेखक व निर्देशक नंदलाल नायक ने कहा कि लंबे प्रयास और रिसर्च कर इस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं, कुछ शूटिंग अभी बाकी है, मुझे लगता है कि कुछ महीने में पूरी हो जाएगी । नवंबर में पोस्टर लॉन्चिंग और संभवतः 26 जनवरी 2024 को इस फिल्म को देशभर में रिलीज कर दिया जाएगा। इस मौके पर फिल्म के निर्माता आनंद गुप्ता ,पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, देवदास विश्वकर्मा, मनपूरन नायक , सुशील अंकन ,राकेश रमन, जीएफटी निर्देशक राजीव सिन्हा, सर्वेश मिश्रा, नागपुरी फिल्म निर्माता-निर्देशक राजीव सिन्हा,विवेक नायक , रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष पिंटू दूबे और मंच संचालन राजकुमार नागवंशी ने किया।

## पहाड़ी मंदिर में भक्तों की लगी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची में सोमवार सुबह से ही मलमास यानी पुरुषोत्तम मास की चौथी सोमवारी पर सुबह से ही पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पहाड़ी मंदिर में अहले सुबह से ही नामकुम के स्वर्णरेखा घाट से जल लेकर श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण कर रहे हैं।

राजधानी रांची के चुटिया स्थित सुरेश्वर धाम, लोवाडीह , कोकर, लालपुर, बरियातू, बुटी मोड, हिनू, हरमू, किशोरगंज सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है।



मंदिरों में बोल बम, हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयकारे से मंदिर परिसर गूंज रहा है। सुबह से ही बच्चे, महिला, पुरुष ,युवा और बुजुर्ग सभी लोग मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण कर रहे हैं। लोग बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण कर सुख समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं।पंडित मनोज पांडे ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार सोमवार के व्रत से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, और जीवन - मृत्यु से छुटकारा मिल जाता है। पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है।

